CMYK

अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 23°C
तापमान

सेंसेक्स 81,721.08
निफ्टी 24,853.15

सोना 98,175
चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, शनिवार 24 मई 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 273 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com


विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 25 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**इस्तीफा देने पर विचार कर रहे मुहम्मद यूनुस**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**चोट से उबर चुके हेजलवुड प्लेऑफ में कर सकते हैं वापसी**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# आईपीएल की आड़ में लग रहा सट्टाः सुप्रीम कोर्ट

## कोर्ट बोला-कोई कानून जुआ-सट्टा खेलने से नहीं रोक सकता, केंद्र को नोटिस देकर मांगा जवाब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि लोग इंडियन प्रीमियर लीग की आड़ में सट्टा लगा रहे हैं और जुआ खेल रहे हैं। हम जानते हैं कि इसे रोका जाना चाहिए, लेकिन शायद आप इस गलतफहमी में हैं कि इसे कानून के जरिये रोका जा सकता है।

कोर्ट ऑनलाइन एप को रेगुलेट करने की मांग करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा था। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जिस तरह हम लोगों को हत्या करने से नहीं रोक सकते, उसी तरह कोई कानून लोगों को सट्टेबाजी और जुआ खेलने से नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि वह केंद्र से पूछेगी कि वह इस मुद्दे पर क्या कर रही है। इसके लिए केंद्र को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। बेंच ने मामले में अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल से मदद की मांग की और कहा कि जरूरत पड़ी, तो वह बाद में सभी राज्यों से जवाब मांगेगी। बेंच ने इन हालात को समाज का विचलन बताते हुए अपनी मजबूरी व्यक्त की और कहा कि कानून के लागू होने से लोगों को सट्टा लगाने से नहीं रोका जा सकता। हमने अपने बच्चों को इंटरनेट दे दिया है। वे इसे अपने स्कूलों में भी ले जाते हैं। माता-पिता एक टीवी देखते हैं, बच्चे दूसरा देखते हैं। यह पूरी तरह से सामाजिक विचलन है। क्या किया जा सकता है। जब लोग अपनी मर्जी से सट्टे में लिप्त हैं। याचिकाकर्ता के ए.पाल ने आरोप लगाया है कि कई ऑनलाइन इन्फ्लूएंसर, एक्टर और -शेष पृष्ठ दो पर

**■ ऑनलाइन एप को रेगुलेट करने की मांग करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा : जरूरत पड़ी तो सभी से जवाब मांगेगे**



### छात्र सुसाइड केसः राजस्थान सरकार को फटकार

**पूछा- छात्र कोटा में ही क्यों जान दे रहे, इसे रोकने के लिए अब तक क्या किया**

**नई दिल्ली।** स्टूडेंट्स सुसाइड मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान कोटा में हो रहे स्टूडेंट्स सुसाइड के मामलों को भी गंभीर बताया और राजस्थान सरकार को फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि कोटा में इस साल अब तक 14 स्टूडेंट्स सुसाइड कर चुके हैं। आप एक राज्य के तौर पर इसे लेकर क्या कर रहे हैं? स्टूडेंट्स कोटा में ही क्यों आत्महत्या कर रहे हैं? एक राज्य के तौर पर क्या आपने इस पर कोई विचार नहीं किया? सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी कोटा में छात्रा का शव मिलने और आईआईटी खड़गपुर के छात्र के सुसाइड मामले की सुनवाई के दौरान की। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार से इस मामले में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी। 4 मई को नीट एग्जाम से कुछ ही घंटे पहले कोटा के हॉस्टल में 17 साल की छात्रा का शव मिला था। 4 मई को ही, आईआईटी खड़गपुर में पढ़ने वाले 22 साल के स्टूडेंट ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगा ली थी। इन्हीं दोनों मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 6 मई को स्वतः संज्ञान लिया था।

# लड़खड़ा गई है देश की विदेश नीतिः राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को मोदी सरकार पर विदेश नीति को कमजोर करने पर आरोप लगाया और विदेश मंत्री एस. जयशंकर की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए।

श्री गांधी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि श्री जयशंकर को यह जवाब देना चाहिए कि कुछ देश पाकिस्तान को भारत के बराबरी पर क्यों रख रहे हैं और एक भी देश पाकिस्तान की निंदा करने में हमारा साथ क्यों नहीं दे रहा है। कांग्रेस नेता ने यह सवाल भी किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत की विदेश नीति लड़खड़ा गई है। गौरतलब है कि श्री ट्रम्प लगातार कह रहे हैं कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वह दोनों देशों के बीच कश्मीर मुद्दे पर भी मध्यस्थता करने को तैयार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने बयानों में भारत और पाकिस्तान को समान स्तर पर रखा है।

### शैक्षणिक संस्थानों को नशामुक्त बनाने को अभियान शुरू

**नई दिल्ली।** सरकार ने छात्रों और युवाओं को तंबाकू तथा नशीले पदार्थों से बचाने के लिए शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त करने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत की है। शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग (डीओएसईएल) ने इस संबंध में शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कार्रवाई करने का आह्वान किया ताकि शैक्षणिक संस्थानों के आसपास के क्षेत्रों को तंबाकू, शराब और नशीले पदार्थों से मुक्त रखने के लिए नियमों और दिशानिर्देशों को सख्ती से लागू किया जा सके। शिक्षा मंत्रालय ने नशीले पदार्थों के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान दिशानिर्देशों को लागू कर रहा है। इसके तहत स्कूलों और कॉलेजों को तम्बाकू के उपयोग और बिक्री से पूरी तरह मुक्त बनाने के लिए दिशानिर्देश जारी किया गया है। मंत्रालय ने इस मिशन का समर्थन करने में स्कूल प्रबंधन समितियों, शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका पर जोर दिया है। सरकार ने सभी नागरिकों से इस महत्वपूर्ण अभियान का समर्थन करने का आग्रह किया है। मंत्रालय का मानना है कि निरंतर प्रयासों और जन समर्थन से भारत अपने स्कूलों और कॉलेजों को सुरक्षित, स्वस्थ और हानिकारक पदार्थों के प्रभाव से मुक्त बना सकता है।

### स्वास्थ्य सेवा कर्मियों को आग के प्रति संवेदनशील बनाएं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने देशभर में सभी चिकित्सा सुविधा केंद्रों में आग से बचाव के उचित प्रबंध करने के निर्देश देते हुए कहा है कि सभी कर्मचारियों को अग्नि दुर्घटनाओं के प्रति संवेदनशील बनाया जाना चाहिए। मंत्रालय ने निजी एवं सरकारी अस्पतालों से किसी भी आग दुर्घटना से निपटने के लिए कर्मचारियों की क्षमता निर्माण पर जोर दिया है। इसके लिए सभी स्वास्थ्य सेवा संस्थानों से आवश्यक उपकरण स्थापित करने और उनके संचालन के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने को भी कहा गया है। इस संबंध में आयोजित की जा रही कार्यशालाओं से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सभी सरकारी और निजी चिकित्सा सुविधा केंद्रों में कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आग दुर्घटनाओं से निपटने के लिए सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया है।

### जंगल में आग लगने से नियंत्रण रेखा पर बारूदी सुरंगें फटी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में पुंछ के कृष्णा घाटी सेक्टर में जंगल में लगी भीषण आग के कारण नियंत्रण रेखा पर शुक्रवार को कई बारूदी सुरंगें फट गईं। अधिकारियों ने कहा कि आग कृष्णा घाटी सेक्टर के जंगलों में लगी है। आग लगने के कारण इलाके की बारूदी सुरंग में विस्फोट हुआ है। आग से किसी के हताहत होने एवं बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। सेना के अग्निशमनकर्मी, पुलिस एवं प्रशासन के साथ मिलकर आग को बुझाने में जुटे हुए है।

# हवाई यात्राः टेक ऑफ-लैंडिंग पर कैमरा क्लिक वर्जित

## खिड़कियां भी बंद रहेंगी, देश के चार डिफेंस एयरपोर्ट पर नए नियम लागू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** डिफेंस एरिया की सुरक्षा को देखते हुए भारत सरकार ने फ्लाइट के टेक ऑफ और लैंडिंग के वक्त खिड़कियां बंद रखने का आदेश दिया है। यह आदेश डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) की तरफ से जारी किया गया है। आदेश के मुताबिक पैसेंजर्स के फोटो खींचने और वीडियो बनाने पर भी बैन रहेगा।

यह नियम देश के उन 4 डिफेंस एयरपोर्ट पर लागू होगा, जिनका इस्तेमाल कॉमर्शियल फ्लाइट के लिए होता है। इसमें अमृतसर, जम्मू, श्रीनगर और जैसलमेर एयरपोर्ट शामिल है। डीजीसीए ने एयरलाइंस, हेलीकॉप्टर और चार्टर्ड प्लेन ऑपरेटरों को निर्देश जारी किया है कि डिफेंस एयरफील्ड में आने और जाने वाले विमानों में खिड़कियां तब तक बंद रहेंगी, जब तक कि प्लेन टेकऑफ के दौरान 10,000 फीट की ऊंचाई तक नहीं पहुंच जाता या लैंडिंग के दौरान नीचे नहीं उतर जाता। सूत्रों ने डीजीसीए के एक सीनियर अधिकारी के हवाले से बताया कि यह -शेष पृष्ठ दो पर

**■ डिफेंस एरिया की सुरक्षा को देखते हुए डीजीसीए ने दिया आदेश**



### भारत-पाकिस्तान ने एक-दूसरे के लिए बढ़ाई एयरस्पेस पाबंदी

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव चरम पर है। इस हमले का बदला भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये लिया। तनाव के माहौल में भारत ने पाकिस्तान के लिए अपने एयरस्पेस को बंद कर दिया था। अब एक बार फिर इस पाबंदी को भारत ने एक और महीने के लिए बढ़ा दिया है। भारत ने इस बाबत नोटम भी जारी कर दिया है। नए नोटम के मुताबिक, यह 23 जून, 2025 तक प्रभावी रहेगा। वहीं, दूसरी ओर भारत की कार्रवाई से तिलमिलाए पाकिस्तान ने भी भारतीय उड़ानों के लिए अपनी हवाई क्षेत्र पाबंदी को एक और महीने तक बढ़ाने का फैसला लिया है। इस बाबत नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय हवाई क्षेत्र पाकिस्तान में पंजीकृत एसीएफटीएस और पाकिस्तानी एयरलाइनों/ऑपरेटरों द्वारा संचालित/स्वामित्व वाली या पट्टे पर ली गई एसीएफटीएस के लिए स्वीकृत नहीं है। इसमें सैन्य उड़ानें भी शामिल -शेष पृष्ठ दो पर

### विमान में चीख-पुकार, फिर भी पाक ने नहीं दी परमिशन

**नई दिल्ली।** दिल्ली से श्रीनगर जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट 21 मई को ओलावृष्टि के कारण भीषण टर्बुलेंस (हवा में झटकों) की चपेट में आ गई थी। इस दौरान पायलट ने पाकिस्तान से उसका एयरस्पेस इस्तेमाल करने की इजाजत मांगी थी। हालांकि, पाकिस्तान ने मना कर दिया। इंडिगो फ्लाइट जब अमृतसर के ऊपर से गुजर रही थी, तब पायलट ने हल्का टर्बुलेंस महसूस किया। उन्होंने लाहौर एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से कॉन्टैक्ट किया और खराब मौसम से बचने के लिए पाकिस्तान के एयरस्पेस में घुसने की परमिशन मांगी। लाहौर एटीसी ने पायलट को साफ मना कर दिया, जिसके कारण फ्लाइट को अपने तय रूट पर आगे बढ़ना पड़ा। आगे जाकर फ्लाइट गंभीर टर्बुलेंस की चपेट में आ गई। फ्लाइट जोर से हिलने-डुलने लगी। फ्लाइट में 227 लोग सवार थे। तेज झटकों के कारण सभी चीखने-चिल्लाने लगे थे। पायलट ने श्रीनगर एटीसी को जानकारी दी और फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई।

# दुनियाभर में बेनकाब हो गया पाकिस्तानः शाह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों पर भारत की सैन्य कार्रवाई के विरोध में और आतंकवादियों के समर्थन में भारत पर जवाबी कार्रवाई करने से दुनिया भर में पाकिस्तान की पहचान आतंकवाद का समर्थन करने वाले देश की बन गई है और वह पूरी तरह बेनकाब हो गया है।

श्री शाह ने शुक्रवार को यहां रूस्तमजी स्मृति व्याख्यान और सीमा सुरक्षा बल अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान बार बार दावा करता रहा है कि वह आतंकवाद को समर्थन नहीं देता, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद के घटनाक्रम ने उसे बेनकाब कर दिया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में केवल नौ आतंकवादी अड्डों को तबाह किया था और सैन्य तथा असैनिक अड्डों को निशाना नहीं बनाया था। गृह मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान ने इसके जवाब में भारतीय सैन्य और असैनिक ठिकानों पर हमले की विफल कोशिश कर साबित कर दिया कि वह आतंकवाद का समर्थन करता है और आतंकियों को शह दे रहा है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद के घटनाक्रम से पाकिस्तान का पूरी तरह पर्दाफाश हो गया कि वह आतंकवाद को प्रश्रय दे रहा है। पूरी दुनिया ने देखा कि किस तरह पाकिस्तान सेना के अफसरों ने आतंकवादियों के जनाजों में नमाज पढ़ी। दूसरी ओर भारतीय सेनाओं की सराहना की जानी चाहिए कि उन्होंने जवाबी कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान के केवल सैन्य अड्डों को ही निशाना बनाया और असैनिक क्षेत्रों में हमला नहीं किया।

**■ आतंकियों के समर्थन में भारत पर पाक की जवाबी कार्रवाई को गृह मंत्री ने बनाया मुद्दा**



### पाक को फिर FATF की ग्रे लिस्ट में लाएंगे

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने कहा है कि पाकिस्तान को फिर (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में शामिल कराएंगे। इसके लिए एफएटीएफ के साथ मिलकर मजबूत केस तैयार करेंगे।

सूत्र के मुताबिक, भारत को लगता है कि पाकिस्तान अपनी जमीन पर आतंकवाद को खत्म करने में नाकाम रहा है। पाकिस्तान सरकार देश को हो रही फंडिंग को हथियार और गोला-बारूद खरीदने में खर्च करती है। ऐसे देश टेरर फंडिंग, मनी लॉन्ड्रिंग रोकने में न केवल नाकाम रहते हैं, बल्कि वहां ये चीजें बढ़ती हैं, उन्हें एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला जाता है। एफएटीएफ प्लेनरी (फैसले लेने वाली संस्था) की साल में तीन बैठकें फरवरी, जून और अक्टूबर में होती हैं। 2018 में पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला गया था। 2022 में उसे बाहर कर दिया गया। भारत सरकार ने कहा है कि पाकिस्तान को फिर (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में शामिल कराएंगे। इसके लिए एफएटीएफ के साथ मिलकर मजबूत केस तैयार करेंगे। एक न्यूज एजेंसी ने सरकारी सूत्र के हवाले से ये बात कही है।

# नौ वीर सपूतों के परिजनों को मिले बलिदान बैज व सम्मान प्रमाण पत्र

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शुक्रवार को यहां एक समारोह में भारत मां के उन नौ वीर सपूतों के परिजनों को 'बलिदान का बैज' और 'सम्मान प्रमाण पत्र' प्रदान किए जिन्होंने कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

दिल्ली छावनी के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक भव्य और भावपूर्ण समारोह में वीरता और सर्वोच्च बलिदान के लिए गहन प्रतीकात्मक श्रद्धांजलि के रूप में ये पुरस्कार उन अधिकारियों, जूनियर कमीशन प्राप्त अधिकारियों और अन्य रैंकों को प्रदान किए गए, जो देश की सेवा करते हुए दुश्मन की और आतंकवादियों की कार्रवाई में शहीद हो गए। यह कार्यक्रम राष्ट्रपति भवन में आयोजित औपचारिक रक्षा अलंकरण समारोह के एक दिन बाद आयोजित किया गया। ये सम्मान कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष ढोंचक, कैप्टन दीपक सिंह, हवलदार रोहित कुमार, नायक दिलवर खान, राइफलमैन रवि -शेष पृष्ठ दो पर

**■ सेना प्रमुख ने भावपूर्ण समारोह में किया सम्मानित**

# आतंकवाद व माओवादी हिंसा अब बर्दाश्त नहीं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शांति और बुनियादी ढांचागत सुविधाओं को विकास की आवश्यक शर्त बताया है और कहा है कि उनकी सरकार ने पिछले 11 वर्ष में पूर्वोत्तर क्षेत्र में अवसंरचना-विकास और शांति के लिए जो काम किए हैं, उससे पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्य आज निवेशकों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

श्री मोदी ने शुक्रवार को यहां पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों के विकास के विषय पर केन्द्रित दो दिवसीय निवेशक सम्मेलन- नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करते शांति के महत्व को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद हो या अशांति फैलाने वाले माओवादी, (उनके प्रति) हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस (रत्ती भर भी बर्दाश्त न करने) की नीति पर चल रही है। उनकी सरकार ने पूर्वोत्तर में विभिन्न संगठनों के साथ पिछले कुछ वर्षों में कई शांति समझौते किए हैं और 10 हजार से अधिक युवाओं ने हथियार छोड़ कर मुख्य धारा को अपनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र की उनकी योजना में क्षेत्र के युवाओं के लिए विकास के अवसरों का सृजन सबसे उच्च प्राथमिकता रखता है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्ष में हमने पूर्वोत्तर में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए, जो कुछ किया है, वह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि वह क्षेत्र के विकास की एक बड़ी सोच को दर्शाता है।



**■ सरकार 11 वर्षों से पूर्वोत्तर में विकास व शांति के लिए कर रही कामः मोदी**

# गढ़चिरौली में चार नक्सली ढेर

कांकेर/मुंबई, वार्ता

**छत्तीसगढ़ से** सटे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में शुक्रवार को चार हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया। जवानों ने चारों नक्सलियों के शवों के साथ-साथ हथियार को भी बरामद कर लिया है।

इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। इस घटना की पुष्टि डीआईजी अंकित गोयल ने भी की है। उन्होंने बताया कि सभी जवानों की वापसी पर ही नक्सलियों को हुए वास्तविक जानकारी मिल सकती है। मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने मौके से चार शवों के साथ एक स्वचालित सेल्फ-लोडिंग राइफल, दो 303 राइफल, एक भरमार बंदूक, वॉकी-टॉकी, कैंपिंग का सामान बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह माओवादियों ने अचानक सी-60 कमांडो पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया।

**■ चारों नक्सलियों के शवों के साथ-साथ हथियार भी बरामद**

# ट्रम्प की एपल को धमकी, अमेरिका में ही बनाएं आईफोन

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने एपल सीईओ को दी 25 % टैरिफ लगाने की चेतावनी

नई दिल्ली, वार्ता

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत में आईफोन बनाने को लेकर एपल को एक बार फिर धमकी दी है। शुक्रवार को ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका में बेचे जाने वाले आईफोन का निर्माण भारत या किसी अन्य देश में नहीं, बल्कि अमेरिका में ही होना चाहिए।

ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने पहले सीधे तौर पर एपल के सीईओ टिम कुक को बता दिया है कि यदि एपल अमेरिका में आईफोन नहीं बनाएगा, तो कंपनी पर कम से कम 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर लिखा कि मैंने बहुत पहले एपल के टिम कुक को सूचित कर दिया था कि जो आईफोन अमेरिका में बेचे जाएंगे, वे अमेरिका में निर्मित किए जाएंगे, न कि भारत या कहीं और। यदि ऐसा नहीं होता है, तो एपल को कम से कम 25 प्रतिशत का टैरिफ देना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नहीं चाहते कि एपल के प्रोडक्ट भारत में बनें। पिछले हफ्ते ट्रम्प ने कंपनी के सीईओ टिम कुक से कहा था कि भारत में फैक्ट्रियां लगाने की जरूरत नहीं है। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है। एपल सीईओ के साथ हुई इस बातचीत की जानकारी ट्रम्प ने कतर की राजधानी दोहा में बिजनेस लीडर्स के साथ कार्यक्रम में दी। उन्होंने कहा था कि एपल को अब अमेरिका में प्रोडक्शन बढ़ाना होगा। इसके बावजूद एपल की सबसे बड़ी कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर फॉक्सकॉन ने भारत में 1.49 बिलियन डॉलर (करीब 12,700 करोड़) का निवेश किया है।

**■ टिम कुक से कहाः जो फोन अमेरिका में बेचे जाएंगे, वे यहीं बनेंगे, न कि कहीं और**

**■ हम नहीं चाहते कि एपल के प्रोडक्ट भारत में बनें**





## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के राज्य सूचना आयुक्त गिरजेश चौधरी का निधन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त गिरजेश चौधरी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। वह करीब 62 वर्ष के थे। जानकारी के अनुसार सूचना आयुक्त राकेश कुमार के कक्ष में आयोजित जलपान में श्री चौधरी गुरुवार को शामिल हुए थे। इसके बाद वह बस्ती में एक समारोह में शामिल होने चले गए, वहीं बीती रात उन्हें दिल का दौरा पड़ा। पहले बस्ती जिला अस्पताल और फिर लखनऊ में लारी इंस्टिट्यूट लाया गया, लेकिन बचाया नहीं जा सका। हंसमुख स्वभाव और शानदार व्यक्तित्व के धनी चौधरी मूल रूप से संत कबीर नगर (पूर्व में बस्ती) जिले के सेमरियावां विकासखंड के चंगेरा मंगेरा गांव के मूल निवासी थे। लखनऊ में उनका आवास मुंशी पुलिया के पास मानस विहार में है।

### भाजपा सांसद को कांग्रेस ने दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली।** सैन्य कार्रवाई से पाकिस्तान को सूचित करने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर को आड़े हाथ ले रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे के पलटवार का करारा जवाब देते हुए कांग्रेस ने कहा है कि दुबे जिस समय का हवाला दे रहे हैं, तब तत्कालीन केंद्र सरकार से कांग्रेस समर्थन वापस ले चुकी थी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि भाजपा सांसद जिस तथ्य को लेकर विदेश मंत्री का बचाव कर रहे हैं, उसकी उन्हें सही जानकारी नहीं है, इसलिए इस बारे में सहयोगी सांसद नीरज शेखर से ज्यादा जानकारी हासिल कर सकते हैं। उन्होंने भाजपा सांसद का जवाब देते हुए लिखा- इस व्यक्ति की जानकारी दुरुस्त कर दें कि कांग्रेस पार्टी ने चंद्रशेखर सरकार से समर्थन फरवरी 1991 में ही वापस ले लिया था। दसवीं लोकसभा के चुनाव घोषित हो चुके थे। आगे की जानकारी के लिए यह अपनी पार्टी के साथी एमपी नीरज शेखर से संपर्क कर सकते हैं। गौरतलब है कि दुबे ने गांधी को संबोधित करते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था राहुल गांधी जी यह आपकी बनाई हुई सरकार के समय का समझौता है।


### कश्मीर में पर्यटन स्थलों को खोलने का किया आग्रह

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर कांग्रेस विधायक दल के नेता गुलाम अहमद मीर ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से पिछले महीने सुरक्षा कारणों से बंद पर्यटन स्थलों को तुरंत खोले जाने की दिशा में कदम उठाने का आग्रह किया है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए निमर्म आतंकवादी हमले के बाद प्राधिकारियों ने कश्मीर घाटी में लगभग 50 रिसॉर्ट और पर्यटन स्थलों को बंद करने का आदेश दिया था। इस हमले में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय निवासी की मौत हो गई थी। अभूतपूर्व हिंसा के कारण सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए तथा आगंतुकों की सुरक्षा के प्रति व्यापक चिंता उत्पन्न हो गई। दूरू से विधायक मीर ने पर्यटन क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के प्रयास में इन गंतव्यों को फिर से खोलने के लिए उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से मुलाकात की। मीर ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा कि कश्मीर पर्यटन को पुनर्जीवित करने की तत्काल आवश्यकता पर चर्चा करने के लिए आज जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात की।

# उत्तर प्रदेश: मानसून में झमाझम बारिश के आसार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने इस साल मानसून औसत से अधिक रहने के आसार जताए हैं, जिसे देखते हुए घनी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में कैच द रेन कार्यक्रम के तहत अमृत वर्षा की बूंद-बूंद को सहेज कर भूजल स्तर में सुधार की तैयारी कर ली गई है। केरल और पश्चिमी बंगाल में हो रही मानसून की सक्रियता से यह भी पूर्वानुमान है कि इस बार यह समय से पहले या समय से आकर पूरे देश को तर करेगा। उल्लेखनीय है कि जुलाई से लेकर सितंबर तक के मानसून के सीजन में कुल बारिश के औसत का 70 से 80 फीसद प्राप्त होता है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर के पर्यावरण विभाग के अध्यक्ष रहे प्रोफेसर डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह के अनुसार



■ यूपी भी अमृत वर्षा की बूंद-बूंद को सहेज कर भूजल स्तर में सुधार को तैयार

बारिश लिहाज से भारत इंद्र देव से मिलने वाले इस प्रसाद के लिहाज से दुनियां के कई देशों से संपन्न है। यहां चार महीने के दौरान करीब 870 मिलीमीटर बारिश होती है। उत्तर प्रदेश खासकर तराई के एक बड़े इलाके में तो इससे भी अधिक। मसलन अपने देश में पानी की नहीं इसके प्रबंधन की कमी है। हाल ही में सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पूरी ने भी इस बात को स्वीकार किया। उनके मुताबिक भारत में जल संकट जल संसाधनों की कमी के नहीं उपलब्ध पानी के कुप्रबंधन के कारण है। डबल इंजन की सरकार (मोदी और योगी) का फोकस इसीलिए बारिश के हर बूंद को सहेजने का है।

### जारी रहेगा आंधी-तूफान का दौर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले 48 घंटों में आंधी तूफान और वर्षा जनित हादसों में 50 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई है जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। इस बीच मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान आंधी वर्षा का दौर जारी रहने का अनुमान जताया है। हालांकि मौसम का यह मिजाज 29 मई तक बना रहने के आसार हैं। विभाग के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश में 40 से 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज आंधी का अनुमान है। इस दौरान बिजली चमकने और वर्षा के आसार हैं। आमजनो को सलाह दी जाती है कि मेघ गर्जन और वज्रपात की दशा में पेड़ के नीचे अथवा खुले में खड़ा न हों। राहत आयुक्त कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 मई रात आठ बजे से 22 मई शाम चार बजे के बीच 21 जिलों में आंधी तूफान और बिजली गिरने की घटनाओं में 49 लोगों की अकाल मृत्यु हो गई है। इस दौरान गाजियाबाद में दो, मेरठ में चार, बुलंदशहर में तीन, औरैया में चार, कासगंज और फतेहपुर में पांच-पांच, गौतमबुद्धनगर, कानपुर नगर, एटा और कन्नौज में तीन-तीन, फिरोजाबाद और कानपुर देहात में दो-दो, अलीगढ़, हाथरस, चित्रकूट, अंबेडकरनगर, अमेठी, अयोध्या, आजमगढ़ और उन्नाव में एक एक व्यक्ति की मृत्यु की सूचना है।

# निजीकरण पर सीएम योगी करें हस्तक्षेप

लखनऊ, वार्ता



■ विद्युत कर्मचारी संयुक्त समिति ने मुख्यमंत्री से फैसला वापस लेने की मांग की

उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के प्रस्ताव का विरोध कर रहे बिजली कर्मचारियों ने इस मसले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप की मांग की है। आंदोलनरत कर्मचारियों का कहना है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम प्रबंधन की हठवादिता चरम पर है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि वे इस मामले में प्रभावी हस्तक्षेप कर निजीकरण की प्रक्रिया को निरस्त कराने की कृपा करें।

जिला अधिकारियों द्वारा बिजली कर्मी नेताओं की बुलाई गई बैठकों में बिजली कर्मियों ने उन्हें दो टूक बता दिया है कि निजीकरण पर कोई भी बात करनी है तो संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों से की जाए। आज लगातार तीसरे दिन बिजली कर्मियों ने प्रदेश भर में तीन घंटे का विरोध प्रदर्शन जारी रखा। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कहा है कि बिजली कर्मचारी इस भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को कोई तकलीफ नहीं होने देना चाहते। इसी दृष्टि से पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारी शांतिपूर्वक ध्यान आकर्षण आंदोलन चला रहे हैं मगर प्रबंधन इस ध्यान आकर्षण आंदोलन को हड़ताल बताकर बिजली कर्मियों को डराने, धमकाने, उत्पीड़न करने, ट्रांसफर करने ,संविदा कर्मियों की बड़े पैमाने पर छटनी करने आदि जैसे उत्पीड़नात्मक कदम उठाकर ऊर्जा निगमों में अनावश्यक तौर पर अशांति का वातावरण बना रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मचारियों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पूरा विश्वास है। उनके नेतृत्व में बिजली कर्मचारियों ने 2017 में 41 फीसदी ए टी एंड सी हानियों को घटाकर 2024 तक 16.5 प्रतिशत कर दिया है मगर निजी घरानों से मिली भगत के चलते पावर कारपोरेशन का प्रबंधन उनके सामने झूठे मनगढ़ंत आंकड़े रखकर घाटे का हवाला देकर निजीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है और टकराव का वातावरण बना रहा है।

# भारत में फिर लौटा कोरोना, अहमदाबाद में 20 मरीज मिले

नई दिल्ली।

■ गाजियाबाद में चार केस

दिल्ली में एडवाइजरी जारी

देश में अब तक 312 मामले

देश में कोरोना के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। शुक्रवार को गुजरात के अहमदाबाद में 20, यूपी में 4, हरियाणा में 5 और बेंगलुरु में 9 महीने का एक बच्चा कोरोना पॉजिटिव पाया गया है।

इस तरह देश में अब तक कोरोना के 312 एक्टिव केस हैं। 2 मौतें हो चुकी हैं। उधर, दिल्ली सरकार ने कोविड-19 को लेकर एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने सभी अस्पतालों को कहा है कि वे बेड, ऑक्सीजन, दवाइयों और वैक्सीन की पूरी व्यवस्था रखें। दिल्ली के सभी अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि हर पॉजिटिव कोविड सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए लोक नायक अस्पताल भेजा जाए। सभी संस्थानों को अपनी रिपोर्ट दिल्ली हेल्थ डेटा पोर्टल पर डेली अपलोड करनी होगी। ये एडवाइजरी ऐसे समय पर जारी की गई है जब पाकिस्तान, चीन, थाईलैंड और सिंगापुर जैसे देशों में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। गुजरात अब तक कुल 40 मामले आ चुके, जिनमें 33 एक्टिव हैं। दिल्ली के हेल्थ मिनिस्टर पंकज सिंह ने बताया कि गुरुवार तक राजधानी में 23 केस दर्ज किए गए हैं। उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद में 4 नए मरीज सामने आए। तीन मरीज को आइसोलेशन में रखा गया है, जबकि एक अस्पताल में भर्ती है। वहीं, हरियाणा में 48 घंटे में 5 मरीज मिले हैं।

इनमें 2 महिलाएं शामिल हैं। इन सभी मरीजों की कोई इंटरनेशनल ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। इस बार संक्रमण के लिए ओमिक्रोन के नए वैरिएंट जेएन1 और उसके सब-वैरिएंट्स एलएफ7 और छठ1.8 को जिम्मेदार माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि अब तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे यह लगे कि ये नए वैरिएंट पहले से ज्यादा खतरनाक या तेजी से फैलने वाले हैं। हालांकि, उनका मानना है कि यह लहर कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों पर अपना असर दिखा सकती है।

## भारतीय सेना की कार्रवाई में 124 से ज्यादा आतंकी ढेर: योगी

# आतंकवाद ही बनेगा पाक के अंत का कारण

अयोध्या, वार्ता



■ पाकिस्तान का आध्यात्मिक जगत से कोई नाता नहीं, जिसका अस्तित्व न हो, उसकी एक निश्चित लाइफ होती है, पाक का समय अब पूरा हो गया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान के अंत की शुरुआत हो चुकी है और आतंकवाद ही उसके अंत का कारण बनेगा। उन्होंने हनुमान जी का उदाहरण देते हुए कहा कि बजरंगबली ने रावण के दरबार में यही संदेश दिया था। पाकिस्तन आतंकवाद को बढ़ावा देकर खुद को बर्बाद कर रहा है। भारतीय सेना की कार्रवाई में 124 से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं। यह गलती पाकिस्तान की है, जो आतंकियों को प्रश्रय दे रहा है। ये आतंकवाद पाकिस्तान को ले डूबेगा और इसमें ज्यादा दिन नहीं बचे हैं।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का अध्यात्मिक जगत में कोई अस्तित्व नहीं है। जिसका अपना वास्तविक अस्तित्व न हो, उसकी एक निश्चित लाइफ होती है। अब पाकिस्तान का समय पूरा हो गया है। अपने एक दिवसीय अयोध्या दौरे के दौरान हनुमानगढ़ी में श्रीहनुमत कथा मंडपम का भव्य लोकार्पण करने के बाद योगी ने अयोध्या की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और विकासात्मक प्रगति की चर्चा करते हुए सनातन धर्म की रक्षा और इसके वैश्विक प्रचार-प्रसार के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने हनुमानगढ़ी को भक्ति, शक्ति, बुद्धि और युक्ति का संगम बताते हुए इसे सनातन धर्म का एक अडिग गढ़ बताया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में अयोध्या को अव्यवस्थाओं में झोंककर इसे अपमानित करने का कार्य किया गया। वहीं 2014 और 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार में अयोध्या का विकास डबल स्पीड से हुआ है। हमें अपने मित्र और शत्रुओं की पहचान रखना जरूरी है। देश को सनातन धर्म के मार्ग में बाधा डालने वालों को चिह्नित करना होगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म भारत के अस्तित्व की पहचान है और इसकी गरिमा और सम्मान के विरुद्ध हमें कुछ भी स्वीकार नहीं है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत हनुमानगढ़ी के त्रेतायुगीन टीले को कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा कि यहां से हनुमान जी महाराज ने अयोध्या धाम की रक्षा की है। उन्होंने बाबा अभयराम दास जी महाराज को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह श्रीहनुमत कथा मंडपम बाबा अभयराम दास जी की दूरदर्शिता और वैष्णव अखाड़ों की सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक है। उनकी कृपा से आज हम इस भव्य स्वरूप को देख रहे हैं। उन्होंने हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन, पूज्य संतों और नागाओं की प्रशंसा की, जिन्होंने एक-एक पाई बचाकर इस मंडपम का निर्माण किया। योगी ने कहा कि हनुमानगढ़ी केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए योद्धा भाव का प्रतीक है। यह मंडपम आने वाली पीढ़ियों के लिए हनुमानगढ़ी के वैभव को संरक्षित रखेगा। उन्होंने कहा कि हनुमानगढ़ी का यह मंडपम न केवल आध्यात्मिक केंद्र बनेगा, बल्कि सत्संग और कथाओं के माध्यम से सनातन धर्म के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाएगा। उन्होंने हनुमानगढ़ी के नागाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आपका इतिहास सनातन धर्म के उस कालखंड की सेना के रूप में जाना जाता है, जब देश विधर्मियों आक्रांताओं से त्रस्त था तब अखाड़ों ने सनातन धर्म की रक्षा केलिए स्वयं को समर्पित किया था। मुख्यमंत्री ने अयोध्या के विकास की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि 2014 और 2017 से पहले अयोध्या अव्यवस्था, टूटी-फूटी सड़कों, बिजली की कमी और गंदगी से जूझ रही थी। जब हम यहां आते थे, तो राम की पैड़ी का पानी सड़ता था, घाटों पर गंदगी थी और हर दूसरे दिन कर्फ्यू जैसी स्थिति रहती थी। लेकिन 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या को नया स्वरूप दिया।

### योगी ने श्रीरामलला के दरबार में टेका मत्था

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अयोध्या में प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी और श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन पूजन किया। एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे योगी का रामकथा पार्क स्थित हैलीपेड पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। वहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां पहुंचकर उन्होंने हनुमानजी की आरती उतारी और दर्शन पूजन किया। उसके बाद आयोजित 'श्री हनुमत कथा मण्डपम' के लोकार्पण समारोह में पहुंचे। यहां से वह श्रीरामलला के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे और भगवान श्रीराम से देश और प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री इससे पहले 10 मई को अयोध्या पहुंचकर प्राचीन संत रविदास मंदिर के सौंदईकरण कार्य और नवनिर्मित सत्संग भवन का लोकार्पण करने पहुंचे था। मुख्यमंत्री का मई माह में यह दूसरी बार अयोध्या दौरा है। हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किए। वहीं मंदिर परिसर में राम मंदिर से जुड़े ट्रस्ट के सदस्यों से व्यवस्था की जानकारी ली। योगी ने रामलला के मंदिर में साष्टांग दंडवत होकर प्रभु श्रीराम से प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की। राम मंदिर में दर्शन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिसर में ही ट्रस्ट के सदस्यों के साथ एक संक्षिप्त बैठक की। सीएम ने मंदिर के निर्माण कार्य के प्रगति और परकोटा निर्माण की जानकारी ली। मंदिर में स्थापित किए जा रहे देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी के बारे में भी जानकारी की।

## अर्थ व्यापार

# चौतरफा लिवाली के बल पर बाजार में उछाल

मुंबई, वार्ता



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर इटरनल, एलटी, रिलायंस, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, एसबीआई और मारुति समेत 29 दिग्गज कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत शुक्रवार को शेयर बाजार करीब एक प्रतिशत उछल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 769.09 अंक अर्थात 0.95 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,721.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 243.45 अंक यानी 0.99 प्रतिशत की तेजी लेकर 24853.15 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.50 प्रतिशत चढ़कर 44,861.42 अंक और स्मॉलकैप 0.45 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 51,521.42 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4106 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2357 में लिवाली जबकि 1594 में बिकवाली हुई, वहीं 155 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2947 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1731 में तेजी जबकि 1132 में गिरावट हुई, वहीं 84 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार मार्च के निचले स्तरों से 14 प्रतिशत की गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजार फिलहाल नई दिशा तलाशने के संघर्ष में है। इस उतार.चढ़ाव के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। अब तक बाजार में तेजी को समर्थन देने वाली एफआईआई खरीददारी की रफ्तार थमती नजर आ रही है। खासकर इस महीने की 20 और 22 तारीख को हुई भारी बिकवाली यह संकेत देती है कि यदि वैश्विक माहौल प्रतिकूल रहा, तो एफआईआई फिर से आक्रामक बिकवाली की ओर बढ़ सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लचताएं बढ़ रही हैं। अमेरिका और जापान में बॉन्ड ईल्ड में तेज उछाल से वैश्विक वित्तीय स्थिरता को लेकर चिंता बढ़ी है। विशेष रूप से अमेरिका में 30.वर्षीय बॉन्ड ईल्ड 5.14 प्रतिशत और 10.वर्षीय ईल्ड 4.52 प्रतिशत तक पहुंचने से अमेरिकी कर्ज के स्तर और इसके वैश्विक असर को लेकर बाजार में बेचैनी है।

### दुनिया में बढ़ी यूपी के उत्पादों की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के निर्यात में पिछले आठ वर्षों में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है और इस दौरान निर्यात दोगुना से अधिक हो गया है। अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि वर्ष 2017-18 में जहां निर्यात 88,967.42 करोड़ रुपए था, वहीं 2023-24 में यह आंकड़ा 1,70,340.95 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। इसमें प्रदेश के विविध उत्पादों की भागीदारी रही, जो दुनिया के 100 से अधिक देशों को भेजे गए। इसी के साथ उत्तर प्रदेश ने देश के शीर्ष निर्यातक राज्यों में अपनी जगह बनाई है। इतना ही नहीं योगी सरकार निर्यात को बढ़ाने के लिए नई निर्यात नीति तैयार कर रही है। एमएसएमई सचिव प्रांजल यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी के निर्यात में दोगुना का उछाल आया है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा तीन रिंगिट की बढ़त के साथ 3825 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0-52 सेंट चढ़कर 49.63 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और पिछले स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15385 रुपए, मूंगफली तेल 17802 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 14652 रुपए, पाम ऑयल 14066 रुपए और वनस्पति तेल 15677 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आईपीएल की...** क्रिकेटर ऑनलाइन एप का प्रचार कर रहे हैं और बच्चों को फंसा रहे हैं। पाल ने दावा किया कि वे उन लाखों माता-पिता की तरफ से याचिका लेकर आए हैं, जिनके बच्चे पिछले कुछ सालों में मर चुके हैं। पाल ने कहा कि सिगरेट के मामले में, पैकेट पर धूम्रपान के नुकसान दिखाती तस्वीरें थीं, लेकिन सट्टेबाजी से जुड़े एप के मामले में ऐसी कोई सावधानी नहीं बरती गई। यहां तक कि भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटरों ने भी मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान इन एप का प्रचार किया। पाल ने कहा कि तेलंगाना में 1023 से ज्यादा लोगों ने आत्महत्या की है, क्योंकि 25 बॉलीवुड और टॉलीवुड एक्टर/प्रभावशाली लोगों ने मासूमों की जिंदगी से खिलवाड़ किया है। तेलंगाना में प्रभावशाली लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, क्योंकि यह मामला मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।

**हवाई यात्रा...** आदेश रक्षा मंत्रालय की सिफारिश पर जारी किया गया है। आदेश 20 मई को जारी किया गया था। जानकारी अब सामने आई है। डीजीसीए ने एयरलाइंस को निर्देश दिया है कि वे इसके लिए क्रू मेंबर्स के लिए एक एसओपी तैयार करें, ताकि क्रू बॉर्डर के पास मौजूद एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट के उड़ान भरने से पहले या लैंडिंग के दौरान पैसेंजर्स को इसकी सूचना दे सकें। आदेश में कहा गया है कि नियमों का उल्लंघन करने पर यात्रियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कई पायलटों का कहना है कि टेकऑफ और लैंडिंग के वक्त खिड़की को खुला रखना जरूरी होता है। यह एक सिक्योरिटी प्रोटोकॉल है। ऐसा इसलिए किया जाता है, ताकि बाहर खतरे का अंदाजा लगाया जा सके। जिसमें तकनीकी खराबी, पक्षी टकराने से इंजन में आग लगना शामिल है। खुली खिड़कियां इमरजेंसी में मौजूदा स्थिति को समझने में मदद करती हैं। इससे स्थिति को संभालने और उसका समाधान निकालने में मदद मिलती है। डीजीसीए ने कहा कि इमरजेंसी खिड़की खुली रखी जाएंगी डीजीसीए के एक सीनियार अधिकारी ने कहा कि चूंकि लैंडिंग के वक्त खिड़की खुला रखना जरूरी है, लिहाजा इमरजेंसी विंडो को खुला रखा जाएगा। आदेश का एक हफ्ते बाद फिर रीव्यू किया जाएगा।

**भारत-पाकिस्तान...** हैं। पाकिस्तान ने भारतीय उड़ानों के लिए अपनी हवाई क्षेत्र पाबंदी को एक और महीने तक बढ़ाने का फैसला लिया है। इस बाबत पाकिस्तान एयरपोर्ट अथॉरिटी ने एक नया नोटम (नोटिस टू एयरमैन) जारी किया है। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान ने शुक्रवार को भारतीय उड़ानों के लिए अपने एयरस्पेस की बंदी को 24 जून तक बढ़ा दिया है। यह कदम तब उठाया गया है, जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान खौफ में है और दोनों देशों के बीच तनाव है।

**नौ वीर सपूतों...** कुमार, सिपाही प्रदीप सिंह, पुलिस उपाधीक्षक हिमायूं मुजम्मिल भट, ओईएम जीडीई-1 विजयन कुट्टी जी (सीमा सड़क संगठन) के परिजनों को प्रदान किए गए। ये पुरस्कार जुलाई 1999 में स्थापित किए गए थे और 1947 से चली आ रही लड़ाइयों में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों के परिवारों को प्रदान किए जाते रहे हैं।

### स्वास्थ्य और रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार के लिए मोदी सरकार का प्रयास: मल्होत्रा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कॉरपोरेट मामले तथा सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि पोषण अभियान, कुपोषण में कमी लाने तथा स्वास्थ्य, स्वास्थ्य और रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार लाने के लिए मोदी सरकार का एक प्रयास है। मल्होत्रा ने यहां लाभार्थियों को लगभग 300 पोषण किट वितरित करने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा पोषण अभियान को देश में कुपोषण से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि पोषण अभियान का लक्ष्य बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषण देना है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बचपन में उचित पोषण विकास के लिए महत्वपूर्ण है और पोषण अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चों को इष्टतम वृद्धि और विकास के लिए पर्याप्त पोषण मिले। उन्होंने कहा कि पोषण की स्थिति में सतत सुधार सुनिश्चित करने के लिए बच्चों को पोषण युक्त खाद्य उत्पाद दिए जाने चाहिए। इससे स्वस्थ पोषण युक्त आहार को बढ़ावा देने से बच्चों में एनीमिया और बौनेपन के मामलों में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि पोषण बच्चे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और बच्चों को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए पर्याप्त पोषण आवश्यक है।

### अंबेडकर प्रतिमा का विरोध जातिवादी मानसिकता का परिचायक: मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को कहा कि मध्य प्रदेश में उच्च न्यायालय की ग्वालियर खंडपीठ में बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना का विरोध जातिवादी सोच का परिचायक है। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- मध्य प्रदेश हाईकोर्ट खण्डपीठ ग्वालियर में अधिवक्ताओं की मांग व उन्हीं के आर्थिक सहयोग से परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति लगाने की अनुमति माननीय कोर्ट द्वारा दी गई तथा कोर्ट के निर्देशन में ही स्थान का चयन एवं चबूतरा बनाया गया व मूर्ति भी बनकर तैयार हुई किन्तु कुछ जातिवादी सोच से ग्रसित अधिवक्ताओं द्वारा मूर्ति स्थापना का विरोध किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ वक्तव्यों के बावजूद इन पर कार्रवाई नहीं की गई। बाबा साहेब के विरोधियों को यह समझना होगा कि सदियों से उपेक्षित बहुजन समाज अब अपना सम्मान पाना चाहता है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के माननीय राज्यपाल, माननीय उच्च न्यायालय तथा मुख्यमंत्री भी मूर्ति लगाने में आ रही बाधाओं को दूर करके, तत्काल उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में संविधान निर्माता, भारतरत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति को सम्मानपूर्वक स्थापित कराएं, यह अनुरोध।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# टूरिस्ट विलेज: ग्रामीण पर्यटन का सफल उदाहरण बना रुद्रप्रयाग का सारी गांव

■ गांव में संचालित हो रहे करीब 50 होम स्टे
■ वर्षभर रहती है पर्यटकों की आवाजाही



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** रुद्रप्रयाग जिले में तुंगनाथ, चोपता ट्रैक पर मौजूद सारी गांव उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में ग्रामीण पर्यटन और स्वरोजगार की मिसाल कायम कर रहा है। सारी गांव में इस वक्त करीब 50 होम स्टे संचालित हो रहे हैं, जिसमें ढाई सौ से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष -अप्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है।

सारी गांव में होम स्टे की शुरुआत, 1999 में माउंटेन गाडड मुरली सिंह नेगी ने की, तब उन्होंने अपने पुराने घर की मरम्मत करते हुए, इस क्षेत्र में ट्रैकिंग के लिए आने वाले पर्यटकों को ठहरने और खाने की सुविधा प्रदान की। चूंकि यहां वर्ष भर पर्यटकों की आवाजाही रहती है, इस कारण जल्द ही अन्य लोगों ने भी अपने परम्परागत घरों के दरवाजे पर्यटकों के लिए खोल दिए। ग्रामीण शुरुआत से ही, पर्यटकों को पहाड़ी जीवनशैली के अनुरूप आवास और भोजन उपलब्ध कराते थे, जो पर्यटकों को नया अनुभव देता था। अब वर्तमान में यहां होम स्टे की संख्या 50 तक पहुंच गई है, जिसमें से 41 पर्यटन विभाग के पास पंजीकृत हैं, कई लोगों ने प्रदेश सरकार की दीन दयाल उपाध्याय पर्यटक होम स्टे योजना के तहत भी होम स्टे शुरु किए हैं। इसके अलावा 30 लोगों को ट्रेकिंग ट्रक्शन सेंटर होम-स्टे योजनान्तर्गत के तहत अनुदान मिला है। स्थानीय ग्रामीण जीएस भट्ट बताते हैं कि गत वर्ष गांव में करीब सात हजार पर्यटक ठहरने के लिए आए। स्वरोजगार के चलते गांव में पलायन बहुत कम है, साथ ही अन्य गांवों के विपरीत सारी गांव पूरी तरह जीवंत बना हुआ है।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी किया रात्रि विश्राम

दिसंबर माह में रुद्रपयाग जिले के दौरे पर पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी सारी गांव पहुंच कर होम स्टे में रात्रि विश्राम किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गांव में पयर्टन और स्वरोजगार के मॉडल की सराहना करते हुए कहा कि इसे अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ग्राम वासियों के साथ ही भोजन भी किया। रुद्रप्रयाग से सारी गांव की दूरी लगभग 60 किलोमीटर है।



'सरकार होमस्टे को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चल रही है। अच्छी बात यह है कि उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में अब होमस्टे का कारोबार खूब फल फूल रहा है, जो ग्रामीणों की आर्थिक की का भी बड़ा जरिया बन रहा है।' :- **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड।**

## ट्रैकिंग रूट

**तुंगनाथ ट्रैक:** सारी से तुंगनाथ ट्रैक की दूरी लगभग 30 किलोमीटर है। यह ट्रैक आपको तुंगनाथ मंदिर तक ले जाता है, जो भगवान शिव को समर्पित है।

**चोपता ट्रैक:** सारी गांव से चोपता ट्रैक की दूरी लगभग 25 किलोमीटर है। यह ट्रैक आपको चोपता घाटी तक ले जाता है, जो इन दिनों लाल बुरांश से सजा हुआ है।

**देवरिया ताल ट्रैक-** सारी गांव से ही देवरिया ताल ट्रैक भी शुरु होता है, जिसकी दूरी करीब तीन किमी है।

## सफलता के आंकड़े

191 परिवार वर्तमान में निवासरत हैं सारी गांव में

1200 करीब की आबादी है गांव की

50 से अधिक होम स्टे संचा. लित हो रहे हैं गांव में

250 करीब लोगों को मिला हुआ है स्वरोजगार

# उत्तरकाशी के मोरी में अज्ञात बीमारी से दर्जनों भेड़-बकरियों की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** विकास खंड के मोरी के धारा गांव में एक सप्ताह से फैली अज्ञात बीमारी 81 भेड़ बकरियों की मौत हो गई है। जिससे भेड़ बकरियों पाठकों में डर का माहौल है। ग्राम प्रधान रणदेव सिंह पंवार ने बताया कि पशु पालन विभाग की टीम बीते शनिवार से गांव में डटी हुई हैं और उपचार कर रही है, परंतु अब तक कोई राहत नहीं मिल सकी है।

उन्होंने बताया कि हर दिन दो से चार मवेशियों की मौत हो रही है, अभी तक 81 की मौत हो चुकी है। बताया कि अभी तक कृपाल सिंह, कीर्ति सिंह, नेगी सिंह, मूर्ति सिंह, जबर सिंह, प्रताप सिंह, ठाकुर सिंह, बरदान सिंह की भेड़-बकरियां मर चुकी हैं। मामले में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी उत्तरकाशी एच सी बिष्ट ने बताया कि ग्रामीणों के सूचना पर पशु-चिकित्सक की टीम गांव में पहुंची है गुरुवार को 22 भेड़ बकरियों के मौत की सूचना सूचना मिली है लेकिन आज दूरभाष पर सम्पर्क नहीं हो पा रहा है।

# नहीं बदला गया किसी भी स्टेडियम का नाम: खेल विभाग

## स्टेडियम के नाम नहीं बदले, बल्कि परिसरों को दिए हैं नए नाम

■ राज्य के स्टेडियमों के नाम बदले की सूचनाएं एवं खबरें असत्य
■ खेल विभाग के प्रभारी अपर निदेशक ने मीडिया को दी जानकारी


**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य में पहले स्थापित स्टेडियमों के नाम बदलने की खबरें गलत तरीके से प्रसारित की जा रही हैं। क्योंकि खेल विभाग ने आधिकारिक तौर पर जानकारी दी है कि राज्य में खेल विभाग द्वारा किसी भी स्टेडियम का नाम नहीं बदला गया है। केवल सम्पूर्ण खेल परिसर को नाम दिया गया है, जिसमें स्थापित विभिन्न खेल अवस्थापना सुविधाओं के जो नाम पूर्व से प्रचलित हैं वे यथावत रहेगे।

विभाग के अन्तर्गत जनपद देहरादून के रायपुर खेल परिसर, जनपद हरिद्वार के रोशनाबाद खेल परिसर, जनपद ऊधमसिंह नगर के रूद्रपुर खेल परिसर एवं जनपद नैनीताल के हल्द्वानी में स्थित गोलापार खेल परिसर में निर्मित की गयी अवस्थापना सुविधाओं की पहचान तथा आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं के दृष्टिगत प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों एवं आगुन्तकों को आयोजन स्थलों की पहचान को ध्यान में रखते हुये रायपुर खेल परिसर देहरादून का नाम रजत जयंती खेल परिसर, गौलापार खेल परिसर हल्द्वानी का मानसखंड खेल परिसर, रूद्रपुर खेल परिसर ऊधमसिंह नगर का शिवालिक खेल परिसर तथा रोशनाबाद खेल परिसर हरिद्वार का नाम योग स्थली खेल परिसर किया गया है।

### मीडिया व सोशल मीडिया में गलत खबरें

अपर निदेशक खेल द्वारा जारी विज्ञप्ति में यह भी उल्लेख किया गया है कि विभिन्न समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया पर यह खबर चल रही है कि उक्त परिसरों में स्थापित स्टेडियमों के पूर्व में किये गये नामकरण को समाप्त करते हुये नये नामकरण किये गये हैं। उन्होंने ऐसी सूचनाओं को भ्रामक एवं तथ्यों से परे बताते हुए स्पष्ट किया है कि पूर्व में नामांकित किये गये किसी भी स्टेडियम का नाम नहीं बदला गया है। खेल विभाग द्वारा मात्र सम्पूर्ण खेल परिसर को नाम दिया गया है, जिसमें स्थापित विभिन्न खेल अवस्थापना सुविधाओं के जो नाम पूर्व से प्रचलित हैं वे यथावत् रहेंगे और भविष्य में बनने वाली खेल अवस्थापनायें इसी परिसर में समाहित रहेगी।



### राजीव गांधी व इंदिरा गांधी के नाम यथावत

इस संबंध में प्रभारी अपर निदेशक खेल अजय कुमार अग्रवाल द्वारा जारी विज्ञप्ति में स्पष्ट किया गया है कि रजत जयंती खेल परिसर के अन्तर्गत निर्मित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर देहरादून, राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट सोसाइटी एवं अन्य सभी अवस्थापनाओं तथा मानसखंड खेल परिसर हल्द्वानी के अन्तर्गत निर्मित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम एवं स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सोसाइटी, हॉकी ग्राउंड, तरणताल, मल्टीपरपज हॉल एवं अन्य सभी अवस्थापना, शिवालिक खेल परिसर ऊधमसिंह नगर के अन्तर्गत निर्मित मनोज सरकार स्टेडियम, मल्टीपरपज हॉल, वेलोड्रम एवं अन्य सभी अवस्थापनाओ के साथ योगस्थली खेल परिसर हरिद्वार के अन्तर्गत निर्मित वंदना कटारिया हॉकी स्टेडियम, मल्टीपरपज हॉल, तरणताल एवं अन्य सभी अवस्थापना सुविधाओं का नाम पूर्ववत रखा गया है। इनमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# रामनगर अस्पताल में ई-रिक्शा से शव ढोने की घटना ,तीन सदस्यीय समिति करेगी जांच

■ स्वास्थ्य सचिव डा. आर राजेश ने दिए कड़े निर्देश, दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई ■ कहा "इस तरह की अमानवीय लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा"

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड के रामनगर उप-जिला चिकित्सालय में एक संवेदनशील घटना सामने आई है, जहां एक युवक के पार्थिव शरीर को अस्पताल से मोर्चरी तक ई-रिक्शा में ले जाया गया। यह मामला सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने गंभीरता से संज्ञान लिया है।

स्वास्थ्य सचिव डा. आर राजेश कुमार ने इस घटना को अत्यंत निंदनीय करार देते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मामले की जांच के लिए एक तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता चिकित्सा स्वास्थ्य महानिदेशक करेंगे, जबकि अन्य दो सदस्य निद. ेशक प्रशासन और निदेशक स्वास्थ्य, कुमाऊं मंडल होंगे। समिति को 30 मई तक जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

स्वास्थ्य सचिव ने नैनीताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उप जिला चिकित्सालय, रामनगर से भी 26 मई तक विस्तृत आख्या प्रस्तुत करने को कहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जांच में यह तथ्य सामने लाया जाए कि उप जिला चिकित्सालय में शव वाहन या एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध क्यों नहीं थी।

डा. आर राजेश कुमार ने कहा कि इस घटना में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, उन्होंने सीएमओ को निर्देशित किया है कि भविष्य में इस तरह की घटना की पुन. रावृत्ति न हो, इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं।

स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि यह हमारी नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है कि हर व्यक्ति को, चाहे वह जीवित हो या मृत, गरिमा के साथ सेवा और व्यवहार मिले। इस मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।" उन्होंने आगे कहा कि, "मैंने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी है।

समिति को 30 मई तक जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, नैनीताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी से 26 मई तक घटना की विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी गई है। विशेष रूप से यह जांच की जाएगी कि शव वाहन उपलब्ध क्यों नहीं था और इस चूक के लिए कौन जिम्मेदार है।

# स्टेडियम के नाम बदले जाने के खिलाफ आंदोलन करेगी कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के चार प्रमुख स्टेडियम के नाम परिवर्तन करने का प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पुरजोर विरोध करते हुए इसके खिलाफ आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्वाग्रहों से ग्रसित हो कर देहरादून के रायपुर स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज व राजीव गांधी अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का नाम बदलकर रजत जयंती खेल परिसर करने, हल्द्वानी स्थित इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का नाम मानसखंड खेल परिसर करने, रुद्रपुर स्थित मनोज सरकार स्टेडियम करने व हरिद्वार स्थित वन्दना कटारिया खेल स्टेडियम का नाम योगस्थली खेल परिसर करने का निर्णय पूर्वाग्रहों से ग्रसित निर्णय है। कांग्रेस कड़ी निंदा करते हुए राज्य सरकार से इन स्टेडियमों का नाम परिवर्तन का निर्णय रद्द करते हुए उनको यथावत करने की मांग की।



■ महाराणा प्रताप, वंदना कटारिया व मनोज सरकार का भी किया अपमान चारों स्टेडियम पर धरना प्रदर्शन होगा: धस्माना

भाजपा को कांग्रेस के महान नेताओं के नाम से एलर्जी है, मगर इस मानसिकता के कारण राज्य सरकार ने देश के महान शासक रहे महाराणा प्रताप, और मनोज सरकार व वंदना कटारिया जैसी खेल प्रतिभाओं का भी अपमान किया है जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# गोल्डन कार्ड से दून के 3 निजी अस्पतालों में जारी रहेगा इलाज

**देहरादून( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** गोल्डन कार्ड से राज्य सरकार के कर्मचारियों और पेंशनरो को देहरादून के तीन बड़े अस्पतालों में इलाज जारी है ᵖमुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के अनुपालन में उत्तराखण्ड के स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने स्पष्ट किया है कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड धारकों को देहरादून के तीन प्रमुख निजी अस्पतालों में पूरी तरह से इलाज की सुविधा पूरी तरह जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि जॉली ग्रांट हॉस्पिटल, श्री महंत इन्द्रेश हॉस्पिटल और ग्राफिक एरा हॉस्पिटल में गोल्डन कार्ड से इलाज की सेवाएं नियमित रूप से जारी रहेंगी और इन अस्पतालों में आने वाले पात्र मरीजों को सभी आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि सरकार का उद्देश्य यही है कि राज्य के प्रत्येक पात्र नागरिक को समय पर और उचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो।

आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से लाखों गरीब और जरूरतमंद परिवारों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है।

अपने हर नागरिक को ससमय और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार का लक्ष्य और सर्वोच्च दायित्व हैᵖ हमारी सरकार निर्धन और जरूरतमंदों को आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से निशुल्क उपचार की सुविधा आसानी से पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है:- **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के प्रस्तावित कार्यक्रमों को लेकर चर्चा

■ आगामी 29 मई से शुरू होंगे कार्यक्रम
■ कृषि मंत्री से की भरसार यूनिवर्सिटी के कुलपति ने मुलाकात



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी से वीर चंद्र सिंह गढ़वाली यूनिवर्सिटी, भरसार के कुलपति प्रो. परविंदर कौशल ने उनके कैंप कार्यालय में भेंट की। इस अवसर पर आगामी 29 मई से 12 जून तक आयोजित होने वाले ‹विकसित कृषि संकल्प अभियान› के तहत प्रस्तावित कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कुलपति प्रो. कौशल ने कृषि मंत्री गणेश जोशी को बताया कि भरसार यूनिवर्सिटी द्वारा इस अभियान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

कार्यक्रम जनपद टिहरी और पौड़ी में आयोजित किए जाएंगे, जिनमें भरसार के कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों की तीन टीमें गठित की गई हैं और जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं।

# मतदान केंद्रों पर मोबाइल डिपॉजिट करने की सुविधा भी मिलेगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मतदाताओं के लिए सुविधाएं बढ़ाने और मतदान के दिन की जाने वाली व्यवस्थाओं को सरल और कारगर बनाने के उद्देश्य से की गई विभिन्न पहलों के ही अनुरूप, निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्रों के ठीक बाहर मतदाताओं के लिए मोबा. इल जमा (डिपॉजिट) कराने की सुविधा प्रदान करने और मत-याचना (कनवासिंग) करने के मानदंडों को युक्तिसंगत बनाने के लिए दो और व्यापक अनुदेश जारी किए हैं। ये अनुदेश लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 और निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुरूप हैं।



शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में मोबाइल फोन के बढ़ते कवरेज और उपयोग को ध्यान में रखते हुए और न केवल आम मतदाताओं बल्कि वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं द्वारा मतदान के दिन मोबाइल फोन के प्रबंधन (मैनेजिंग) में आने वाली चुनौतियों को देखते हुए, आयोग ने मतदान केंद्रों के ठीक बाहर मोबाइल जमा कराने की सुविधा देने का फैसला किया है। मतदान केंद्र के 100 मीटर के भीतर केवल मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति होगी और वह भी स्विच ऑफ मोड में। मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार के पास बहुत ही साधारण पिजनहोल बॉक्स या जूट के बैग उपलब्ध कराए जाएंगे, जहां मतदाताओं को अपने मोबाइल फोन जमा कराने होंगे। मतदाता को मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, प्रतिकूल स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर रिटर्निंग अधिकारी द्वारा कुछ मतदान केंद्रों को इस प्रावधान से छूट दी जा सकती है। निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 का नियम 49ड, जो मतदान केंद्र के भीतर मतदान की गोपनीयता सुनिश्चित करता है, का सख्ती से पालन किया जाता रहेगा।

इसके अलावा, चुनाव के दिन दी जाने वाली सुविधाओं में और सुधार लाने के उद्देश्य से, आयोग ने चुनावी कानूनों के अनुरूप मत-याचना के लिए अनुमत्य (परमिसिबिल) मानदंडों को मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार से 100 मीटर के दायरे तक रखकर इसे युक्तिसंगत बनाया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु और निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी मौजूद रहे।

# राज्य विवि के अव्यवहारिक फरमान से संकट में निजी कॉलेज: अग्रवाल

■ संबद्धता के लिए निर्धारित की गई प्राभुत राशि में भारी वृद्धि से आहत है कॉलेज स्वामी
■ अधिकांश कोर्स बंद होने की कगार पर: डॉ. सुनील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राज्य विश्वविद्यालयों की और से संबद्धता के लिए निर्धारित की गई प्राभुत राशि में भारी वृद्धि से उत्तराखंड के निजी कॉलेजों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। निजी कॉलेज एसोसिएशन उत्तराखंड के अध्यक्ष डॉ. सुनील अग्रवाल ने इस संबंध में चिंता जताते हुए कहा कि अगर यही स्थिति रही, तो प्रदेश के कई कॉलेज अपने कोर्स बंद करने को मजबूर हो जाएंगे।

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि पहले जहां पारंपरिक पाठ्यक्रमों के लिए 2 लाख और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए 4 लाख की फिक्स्ड डिपॉजिट ली जाती थी, अब उसे बढ़ाकर क्रमश: 15 लाख और 35 लाख कर दिया गया है। यह निर्णय 14 दिसंबर 2016 के शासनादेश संख्या 649 के तहत लिया गया था, जिसमें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के 2009 के विनियमों का हवाला दिया गया है।

### विनियम बाध्यकारी नहीं, विवि खुद तय कर सकते हैं राशि

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि यूजीसी विनियमों में स्पष्ट उल्लेख है कि यह राशि संबद्धता देने वाली प्राधिकरण की और से तय की जा सकती है, यानी यह अनिवार्य नहीं है। इसके बावजूद प्रदेश के विश्वविद्यालय इसे बाध्यता की तरह लागू कर रहे हैं। कोविड महामारी के दौरान जब कॉलेजों को स्टाफ को वेतन देने में कठिनाई हुई, तब इन जमा राशियों को इस्तेमाल करने की अनुमति मांगी गई, लेकिन उसे अस्वीकार कर दिया गया।

### राज्यपाल के निर्देश भी बेअसर

1 अप्रैल 2024 को राज्यपाल की और से सभी राज्य विश्वविद्यालयों को पत्र जारी कर निर्देश दिए गए थे कि पिछले वर्षों की संबद्धता से जुड़े सभी मामलों को शीघ्र मंजूर कर राजभवन भेजा जाए। डॉ. अग्रवाल के अनुसार, आज तक 2024 तक की संबद्धता के पत्र कॉलेजों को नहीं भेजे गए हैं। इसके उलट 2025-26 के सत्र के लिए फिर से 15 लाख और 35 लाख की डिपॉजिट राशि जमा करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### उत्तर प्रदेश में अब भी पुरानी दरें लागू

डॉ. अग्रवाल ने सवाल उठाया कि जब उत्तराखंड के पितृ राज्य उत्तर प्रदेश में आज भी यह राशि 2 से 6 लाख के बीच ही है, तो उत्तराखंड में इसे इतनी अधिक क्यों बढ़ाया गया? उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि प्रदेश सरकार बिना किसी व्यवहारिकता को समझे नीति लागू करने की जल्दी में रहती है।

### प्राइवेट यूनिवर्सिटी की भरमार से पहले ही छात्र कम

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहले ही निजी विश्वविद्यालयों की अधिकता और छात्रों की कमी की वजह से कॉलेज मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। अब यदि यह नई व्यवस्था लागू होती रही, तो अधिकांश कॉलेजों को अपने कोर्स बंद करने होंगे। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि हाल ही में वर्तमान उच्च शिक्षा सचिव डॉ. रणजीत सिन्हा से इस मुद्दे पर सकारात्मक बातचीत हुई थी, लेकिन विवि प्रशासन की ओर से जो नए आदेश आए हैं, उससे हालात और बिगड़ते नजर आ रहे हैं।

# मोदी विरोध में सभी हदों को पार कर गए राहुल गांधी : भट्ट



■ भाजपा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के बयानों को विदेश गए प्रतिनिधिमंडल की कोशिशों को कमजोर करने वाले बताया

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हालिया बयानों को, ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष रखने गए प्रतिनिधिमंडल के प्रयासों को कमजोर करने की को. शिश बताया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि मोदी विरोध में हताश निराश, राहुल गांधी की बातें अब स्वयं प्रति. निधिमंडल में गए कांग्रेस नेताओं से भी मेल नहीं खा रही हैं।

उन्होंने मीडिया को दी गई प्रतिक्रिया में कहा कि राहुल गांधी बतौर राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष के बाद अब नेता प्रतिपक्ष के रूप में भी असफल साबित हो रहे हैं। सर्वदलीय बैठकों में कही गई एक भी बात पर वे और कांग्रेस पार्टी कायम नहीं रही है।

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राष्ट्र हित में साथ देने की बात कही और लगातार एक के बाद एक, देश विरोधी और दुश्मन को लाभ पहुंचाने वाले बयान दिए। उन्होंने और उनके नेताओं ने बेवजह भारत के नष्ट लड़ाकू विमान की जानकारी मांगी, ड्रोनों को मार गिरने के लिए तारीफ करने की बजाय उन पर हुए खर्च को मुद्दा बनाया, किसी ने फिर से सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगे तो किसी को तो युद्ध ही नागवार गुजरा।

उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी विरोध में वे सभी हदों को पार कर गए हैं ।

## एक नजर

### पुलिस ने शराब तस्कर को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस चौकी कल्लकत्ता फार्म को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ग्राम नजीमाबाद थाना क्षेत्र किच्छा, जनपद उधम सिंह नगर निवासी मंगल सिंह पुत्र दिलेर सिंह को 105 पाउच (लगभग 35 लीटर) अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस कार्रवाई के संबंध में चौकी प्रभारी धीरेन्द्र पंत ने कहा कि क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में कांस्टेबल हरीश मेहरा एवं यशपाल आर्य भी शामिल रहे।

### प्रबंधन समिति के चुनाव कल

**बागेश्वर।** दुगनाकुरी तहसील क्षेत्र के लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज सनेती के प्रबंधन समिति के चुनाव आगमी 25 मई रविवार को होने हैं। जिसके लिए विद्यालय प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। प्रातः 9.30 बजे से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। तत्पश्चात नामांकन पत्रों की जांच होगी। अगले दिन चुनाव प्रकिया सम्पन्न कराने के पाश्चात्य नव कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रबंध संचालक बसंत बल्लभ पाण्डेय ने सभी पंजीकृत सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की है।

### पुलिस बल में एकरूपता, अनुशासन पर जोर

**बागेश्वर।** पुलिस लाइन में आयोजित परेड का पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस बल में एकरूपता, अनुशासन पर बल दिया। कहा कि इसके लिए शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ होना होगा। इस दौरान जवानों के साथ वह भी अच्छी फिटनेस के लिए दौड़े। परेड में ड्रिल, शस्त्राभ्यास, स्क्वाड ड्रिल का अभ्यास कराया गया। इस दौरान फायर टीम ने रेस्क्यू कार्य का डेमो किया। आपदा के दौरान राहत बचाव के लिए स्ट्रेचर बनाया। घायलों को ले जाने तथा रेस्क्यू करने का पूर्वाभ्यास किया। सहायक रोप से सेफ्टी नोटों में क्लोहीच, चेयर नाट, रिप नाट, फिगर ऑफ ऐट, फायरमैन लिफ्ट से घायलों को ले जाने की जानक. ारी दी। इस मौके पर उन्होंने खुद पुलिस के जवानों के साथ ग्राउंड में दौड़ लगाकर सभी जवानों को प्रोत्साहित किया गया।

### यातायात नियमों से जागरूकता को लगाए बैनर

**काशीपुर।** पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं परिक्षेत्र द्वारा पर्यटन सीजन के दृष्टिगत पर्यटनों की सुविधा, अवरोध रहित यातायात एवं यातायात जागरूकता हेतु 18 मई से चलाये गये अभियान के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर के निर्देश के क्रम में कोतवाली काशीपुर क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य-मुख्य चौराहों पर एवं पर्यटकों के आने जाने वाले मार्गो पर यातायात नियमों से जागरूकता हेतु बैनर/ पोस्टर लगाये गये।

### स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर।** 4.62 ग्राम स्मैक के साथ पुलिस ने एक को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधमसिंहनगर मणिकांत मिश्रा के निर्देशानुसार नशे के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर अभय सिंह व क्षेत्राधिकारी काशीपुर दीपक कुमार के निर्देशन मे कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा चैकिंग के दौरान फातमा मस्जिद के पास मौहल्ला बांसफोड़ान से जाहिद पुत्र रफीक को 4.62 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस अधिनियम के तहत मुक. दमा पंजीकृत किया गया है।

### कच्ची शराब व स्कूटी छोड़कर भागा शराब तस्कर

**काशीपुर।** स्कूटी से कच्ची शराब की तस्करी करते एक आरोपी पुलिस को देख मौके से फरार हो गया। पुलिस ने स्कूटी से 25 लीटर कच्ची अवैध शराब बरामद कर आरोपी की तलाश शुरू की है। कुंडेश्वरी चौकी इंचार्ज चंदन सिंह, एसआई संतोष देवरानी, कांस्टेबल मुकेश कुमार, दर्शन सिंह व किशोर फर्त्याल ने बीती सायं गश्त के दौरान ग्राम रम्पुरा में अमर प्रधान वाली गली में स्कूटी संख्या यू०के०18 टी-9950 को घर से बाहर निकालते हुए एक युवक पुलिस को देख स्कूटी छोड़कर घर की छत से कूदता हुआ मौके से फरार हो गया। स्कूटी में रखे 06 बड़े व 70 छोटे प्लास्टिक के पाउचों में करीब 25 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पूछताछ में पता चला कि आरोपी का नाम सतपाल सिंह पुत्र जरनैल सिंह है जो पूर्व में भी कच्ची शराब के मामले में पकड़ा जा चुका है। पुलिस अब आरोपी की तलाश में जुटी है।

### रैश ड्राइविंग पर 03 चालकों के वाहन सीज

**अल्मोड़ा।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर जनपद पुलिस का चेकिंग अभियान जारी है। शुक्रवार को इंटरसेप्टर प्रभारी सुमित पांडे ने बताया कि टीम के साथ मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया गया। बताया कि रैश ड्राइविंग करने पर 03 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके वाहनों को सीज किया गया। साथ ही बिना हेलमेट व तीन सवारी बैठाने पर 06 लोगों की डीएल निरस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। साथ ही उन्होंने बताया कि चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर 42 अन्य वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई।

# सदन में उठाएंगे शिक्षकों की समस्याएं: तिवारी

## द्विवार्षिक शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी और अधिवेशन, जिलाध्यक्ष समेत छह पदों पर निर्विरोध निर्वाचन तय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिला स्तरीय राजकीय शिक्षक संघ का दो दिवसीय अधिवेशन का आगाज हो गया है। शुक्रवार को अधिवेशन का शुभारंभ मुख्य अतिथि अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी और प्रांतीय उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, मंडलीय मंत्री रवि शंकर गुंसाई ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस मौके पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। उदय शंकर नाट्य अकादमी फलसीमा में आयोजित अधिवेशन में मुख्य अतिथि विधायक तिवारी ने कहा कि दुर्गम में सेवा के साथ शिक्षक बेतहरीन कार्य कर रहे हैं। शिक्षकों की मेहनत का परिणाम बोर्ड परीक्षा में नजर आ रहा है। कहा कि सरकार को शिक्षकों के मुद्दों को जल्द से जल्द सुलझाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के लिए सरकार से त्वरित समाधान के लिए विधानसभा में बात



रखी जाएगी। कहा कि शिक्षकों की पुरानी पेंशन, वेतन विसंगति को लेकर उन्होंने विधानसभा में कई बार प्रश्न पूछे हैं। संगठन के राजकुमार चौधरी ने कहा कि शिक्षकों की समस्या के समाधान के लिए संघर्ष किया जाएगा। शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली का लाभ दिया जाने, वेतन विसंगतिया दूर करने, यात्रा अवकाश बहाल करने, प्रधानाध्यापक व प्रधानाचार्यों के पदों को पदोन्नति से भरने, स्थानांतरण नियमावली, एलटी से प्रवक्ता पदों पर पदोन्नति प्रक्रिया जल्द शुरू करने, शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की तरह एसीपी का लाभ देने समेत कई मांगों को रखा। अधिवेशन के द्वितीय सत्र में राजकीय शिक्षक संघ के नामांकन प्रक्रिया के दौरान जिलाध्यक्ष पद पर एक मात्र भूपाल चिलवाल, संगठन मंत्री पुरूष जीवन सिंह नेगी, संगठन मंत्री महिला लता वर्मा और आय व्यय निरीक्षक चंदन सिंह, संयुक्त मंत्री महिला राधा लसपाल, संयुक्त मंत्री पुरुष प्रकाश चंद्र भट्ट ने नामांकन पत्र दाखिल किया। सभी प्रत्याशी का निर्विरोध चुना जाना लगभग तय। इसके अलावा अन्य नौ पदों के लिए 12 ने नामांकन कराया है। जिसमें जिला मंत्री के लिए राजू महरा, जीवन तिवारी, उपाध्यक्ष पद पर मदन भंडारी, कैलाश रावत, उपाध्यक्ष महिला मीनाक्षी जोशी और चंद्रकला वर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल किया गया। इस मौके पर यहां निर्वतमान जिलाध्यक्ष भारतेंदु जोशी, खंड शिक्षा अधिकारी हरीश रौतेला, नितेश कांडपाल, ममता वर्मा कनवाल, मालती गस्याल, गोपाल सिंह बिष्ट, सोबन सिंह कनवाल, दीपा सिंह पाल, ईला पांडे, प्रेमा बिष्ट, पुष्पा साह, पूनम भंडारी, ज्योति भारती, दिवेश तिवारी, हीरा सिंह बोरा, महेंद्र पटवाल, पुष्कर सिंह भैसोड़ा, दीपक शर्मा, त्रिभुवन बिष्ट, जीवन साह, दीप चंद्र पांडे, दीप जोशी, डा. कैलाश डोलिया, डा. गोविंद रावत, भारत भूषण जोशी, शोभा नगरकोटी, निर्मला मेहता, सवित जनौटी, अनंता जोशी समेत कई शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रही।

### कार चालक पर मुकदमा

**काशीपुर।** सड़क किनारे खड़े एक युवक को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल करने व उपचार के दौरान मृत्यु होने पर पुलिस ने पत्नी की तहरीर के आधार पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। आईटीआई पुलिस को दी तहरीर में बाजपुर रोड स्थित श्यामपुरम् कॉलोनीनिवासी जसविंदर कौर ने बताया कि उसके पति मनजीत सिंह बीती 12 अप्रैल 2025 की सांय करीब 4.10 कंपनी के कार्य से काशीपुर जाने के लिए ग्राम हिम्मपुर में सड़क किनारे रखे थे। चमुण्डा मंदिर, डेरी के पास, बाजपुर रोड पर पीछे से आ रही ब्रेजा कार संख्या-यूके04 एससी-4589 के चालक ने तेजी व लापरवाही से कार चलाते हुये उसके पति को जोरदार टक्कर मारकर गभीर रूप से घायल हो गये। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें बाजपुर रोड स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसे उन्हें रैफर करने पर मुरादाबाद रोड स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसने बताया कि उसके पति के सिर के पीछे की हड्डर टूटने, हाथ व कन्धे व कमर में भी गंभीर चोटें आयी।

# लंबे समय से गैरहाजिर चल रहे डॉक्टरों की खैर नहीं

## सीएमओ को सेवा समाप्ति करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** दर्जा मंत्री शिव सिंह बिष्ट व विधायक पार्वती दास ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें नौ बांडधारी डॉक्टरों में से चार लंबे समय से अनुपस्थित मिले। उन्होंने इस पर कड़ी आपत्ति जताई।

मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि जो डॉक्टर लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे हैं उनकी सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाए, ताकि नए डॉक्टरों की तैनती की जाए। शुक्रवार को बिष्ट व दास अस्पताल पहुंचे।

उन्होंने सबसे पहले उपस्थित रजिस्ट्रर देखा। चार बांडधारी लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे हैं। इसके बाद उन्होंने सभी वार्डो का निरीक्षण किया। अस्पताल में भर्ती मरीजों को देखा। बिष्ट ने कहा कि अस्पताल की व्यवस्था पहले से बेहतर हो रही है। सरकार की मंशा है कि जिले से कोई भी मरीज बाहर रेफर न हो इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिला अस्पातल को पहले से सुविधा. जनक बनाया गया है। जिले के तीनों सीएचसी बेहतर सेवा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई बांडधारी डॉक्टर लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे हैं। उन्हें बाहर का रास्ता दिखाने का काम किया जाएगा। इसके लिए सीएमओ को निर्देश दिए हैं। लापरवाही किसी भी स्तर की सहन नहीं होगी। विधायक दास ने कहा कि अस्पताल में डॉक्टरों की नियुक्ति हेतु स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र दिया गया है। जल्द ही व्यवस्था सुचारू कर दी जाएगी। इस दौरान भाजपा जिलामहामंत्री घनश्याम जोशी आदि मौजूद थे।

### अनुश्रवण समिति उपाध्यक्ष कर्णवाल ने ली बैठक

**अल्मोड़ा।** समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति उपाध्यक्ष देशराज कर्णवाल ने शुक्रवार को अधिका. रियों की बैठक ली। इस दौरान अनुस. ूचित जाति एवं जनजाति वर्गों के विकास के लिए किए जा रहे कार्यो एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा की। विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में कर्णवाल ने दिव्यांग, विधवा, वृद्ध और पात्र व्यक्तियों को पेंशन का लाभ देने के निर्देश दिए। समाज कल्याण अधिक. ारी को निर्देशित किया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाएं। जिले की परिस्थितियों, अनुसूचित जाति और जनजाति की जानकारियां ली, कहा कि अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग का कोई भी छात्र जो स्कूलों में अध्ययनरत है वह छात्रवृति से वंचित न रहें। अंबेडकर छात्रावास फलसीमा की समीक्षा करते हुए शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए।

# किसान विकास क्लब की बैठक में उठीं किसानों की विभिन्न समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** किसान विकास क्लब की मासिक बैठक अनाज मंडी काशीपुर के गेस्ट हाउस में क्लब के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा की




अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुरादाबाद-काशीपुर के निर्माणाधीन हाईवे की जद में आए किसानों ने अपने खेतों व गांव में जल भराव को लेकर चिंता जताई। जिस पर अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि उनकी इस समस्या को लेकर वह एक दिन पहले प्रोजेक्ट डायरेक्टर (पीडी) विकास मित्तल से मिल चुके हैं। उन्होंने एक-दो दिन में मौके पर आकर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है। बैठक में आए अविरल सोलर काशीपुर सौर ऊर्जा के डिस्ट्रीब्यूटर विनीत कुमार गुप्ता ने किसानों को सौर ऊर्जा से संबंधित विस्तृत रूप से जानकारी दी। पशुधन प्रसार अधिकारी लालपुर में तैनात शेखर शर्मा ने मुख्यमंत्री राज्य पशुधन योजना की जानकारी दी। प्रगतिशील कृषक परमजीत सिंह कहा कि पशुपालकों को पौष्टिक साइलेज अपने पशुओं को खिलाना चाहिए। अंत में पूर्व सांसद रहे केसी सिंह बाबा की पत्नी मणि माला सिंह के निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया। इस मौके पर संजय रावल, राजवीर मिश्रा, देवी सिंह यादव, डॉ. अशोक अरोरा, उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा, एड. अशोक कुमार शर्मा, दीपक चौधरी, सरफराज, लक्ष्मीकांत शर्मा, दिनेश शर्मा, अजय कपूर, भीम सिंह, कुलवंत सिंह आदि मौजूद थे।

# नई मशीनरी उद्घाटन तक सीमित: माहरा

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने राजकीय अस्पताल में सुविधाओं पर कसा तंज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने शुक्रवार को रानीखेत में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गोविंद सिंह माहरा राजकीय चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं अभाव बना हुआ है। कहा कि नई मशीनरी का केवल उदघाटन तक ही सीमित रह गया है, न तो मशीनों की चलाने के लिए विशेषज्ञ टेक्नीशियन है और न ही इन मशीनों का लाभ आम जनता को मिल पा रहा है। यह केवल सरकारी धन को ठिकाने लगाने का जरिया बना हुआ है। कहा कि गनियाद्योली ड्रग फैक्ट्री लाभ अर्जित कर रही है फिर भी फैक्ट्री को निजी हाथों में देने की बात हो रही है



वहीं मोहान स्थित आईएमपीसीएल जैसी कंपनी के निजीकरण होना भी दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि कैंची धाम में लगने वाले जाम व क्वाराब की पहाड़ी के आए दिन दरकने से आम जनमानस बहुत परेशान है, लोगों को आएदिन लगने वाले जाम से बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त जाम से रानीखेत-अल्मोड़ा-जगेश्वर कौसानी-बागेश्वर आदि पर्यटन स्थलों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। होटल-रेस्टोरंट-होम स्टे सहित पर्यटन से जुड़े सभी कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। कहा सरकार सोई हुई है, सरकार का काम सिर्फ धन. राशि आवंटित करने नहीं है, धरातल पर काम भी होना चाहिए कहा अगर जल्द ही कैंची धाम से लगने वाले जाम के लिए वैकल्पिक मार्ग कोई ठोस विकल्प नही सोचा गया तो कांग्रेस पहले भवाली पर चक्का जाम करेगी। उसके बाद कमिश्नर का घेराव करेगी। उसके बाद भी अगर कोई हल नही निकला तो मुख्यमंत्री का भी घेराव करेगी। प्रेस वार्ता में ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल देव, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश आर्या, कोर्डिनेटर कुलदीप कुमार, मीडिया प्रभारी सोनू सिद्दीकी, हेमंत रौतेला, दीप उपाध्याय, प्रदीप रावत आदि रहे।



## पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि०

### निविदा सूचना

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अनुभवी आपूर्तिकर्ता/ ठेकेदारों/ फर्मो से निम्नलिखित कार्य हेतु सील बंद लिफाफों में (दो भाग में) निविदायें दिनांक 10/06/2025 के 13:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जिसका प्रथम भाग 15:00 बजे एवं द्वितीय भाग 17:00 बजे दिनांक 11/06/2025 को उपस्थित निविदाकारों/प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेंगी। उक्त तिथि को अवकाश पड़ने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

निविदादाताओं को निविदा के प्रथम भाग में धरोहर धनराशि निविदा में उपलब्ध दस्तावेज के अनुसार जमा करना अनिवार्य है। धरोहर राशि निर्धारित प्रारुप में भरकर पृथक रूप से प्रथम भाग लिफाफे में संलग्न करना अनिवार्य होगा। धरोहर राशि निर्धारित प्रारुप में, निविदा शुल्क एवं अनुभव प्रमाण पत्रों के आभाव में निविदा का दूसरा भाग नहीं खोला जायेगा। फर्म/ठेकेदार का आयकर/जी0एस0टी0/ ई0पी0एफ0/ई0एस0आई0 तथा उत्तराखण्ड राज्य में विद्युत कार्य करने हेतु वैध ए-क्लास लाईसेंस में पंजीकरण अनिवार्य है।

निविदा केवल विभाग की वैबसाईट www.ptcul.org से दिनांक 03/06/2025 तक डाउनलोड की जा सकती हैं। निविदा मात्र पंजीकृत डाक (स्पीड-पोस्ट/रजिस्ट्री) द्वारा ही स्वीकार की जायेगी।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 01/2025-26 | Work of repairing of control room toilets and associate civil work at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |
| 2. | 02/2025-26 | Supply of spare's and servicing of 250KVA D.G Set and repairing of cooling fan of 3X160MVA trans-formers at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |
| 3. | 03/2025-26 | Work of providing and fixing of fire extinguisher and replacement of old fire sheds roof plastic sheet at 400/220/132KV switchyard at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |
| 4. | 04/2025-26 | Work of providing and fixing of Trip Supervision Relay at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |
| 5. | 05/2025-26 | Work of repairing of existing chainlink fencing at back side of SE/EE office building at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

संख्या 475/अधि.अभि.(का)/
दिनांक 23-05-2025

(अधिशासी अभियंता)
400 केवी(परि. एवं अनु.) खण्ड, काशीपुर


# 84 किलो गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक के बाद एक तस्करी के मामले सामने आ रहे हैं। अब भतरौंजखान पुलिस ने 84 किलो गांजे के साथ एक आरोपी को दबोचा है। जबकि दूसरा आरोपी मौका देखकरार हो गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। एसएसपी ने टीम को पांच हजार के नकद ईनाम से पुरस्कृत किया। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने निर्देश पर इन दिनों जिलेभर में ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत चेकिंग अभियान जारी है। इसी क्रम में भतरौंजखान थानाध्यक्ष सुशील कुमार के नेतृत्व में टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मोहन चेक पोस्ट के पास वाहन संख्या यूके 18 टीए 1777 को रोका।



तलाशी लेने पर वाहन में रखे नौ कट्टों में 84.075 किलो गांजा बरामद हुई। मौके पर पुलिस ने अमन चौधरी पुत्र स्व. नासिर हुसैन निवासी लक्ष्मीपुर पट्टी कोतवाली काशीपुर, ऊधम सिंह नगर को पुलिस ने दबोच लिया। जबकि दूसरा आरोपी अर्जुन उर्फ मोहित उर्फ नितिन, निवासी धनौरी कोतवाली काशीपुर उधम सिंह नगर अंधेरा का फायदा उठाकर मौके पर फरार हो गया। मौके पर पुलिस ने बरामद गांजे को सील कर दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। जबकिरार आरोपी की धरपकड़ तेज कर दी है। पुलिस के अनुसार बरामद गांजे की कीमत 21 लाख रुपये से अधिक आंकी गई। टीम में एएसआई, हेड कांस्टेबल मोहन चन्द्रा, श्रवण सैनी, प्रकाश सिंह, कांस्टेबल नीरज पाल, देवेन्द्र प्रताप, कमल भोज शामिल रहे।

### डीएम को सौंपा ज्ञापन

**अल्मोड़ा।** बिमौला के ग्रामीणों के एक शिष्टमंडल ने शुक्रवार को जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। स्थानीय ग्रामीण प्रकाश जोशी ने बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा अपनी निजी भूमि का समतलीकरण करने के दौरान खेत से निकली मिट्टी व मलबे को राज्य सरकार की भूमि पर डंप कर दिया। बताया कि खेत के समतलीकरण के दौरान कोसी-खूंट-धामस मोटर मार्ग पर भी अवैध कटान किया गया। उक्त व्यक्ति द्वारा राज्य सरकार व ग्रामीणों की भूमि पर भी अवैध कब्जा किया गया है। बताया कि बीते दिनों क्षेत्र भ्रमण पर पहुंची कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या को भी मामले को लेकर अवगत कराया गया। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रकाश तिवारी, गोपाल जोशी, कांति बल्लभ, मोहन नेगी, दीप चंद्र जोशी, गणेश तिवारी आदि शामिल रहे।

# समस्याओं के निराकरण को जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला सैनिक कल्याण परिषद की बैठक जिला मुख्यालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल विजय मंडल ने शहीद स्मारकों के निर्माण तथा शौर्य सम्मान योजना में पंजीकरण समेत अन्य समस्याएं जिलाधिकारी के सम्मुख रखी। जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शौर्य सम्मान योजना में पंजीकरण में तेजी लाने के लिए जनपद के सभी उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों को निर्देशित किया। उन्होंने निर्माण कार्य में पांच लाख तक के कार्यो को पूर्व सैनिकों से करवाने और लोनिवि तथा अन्य संबंधित कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्माण कार्यो को चिन्हित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से पूर्व सैनिकों का मनोबल बढ़ेगा साथ ही उनके कार्यो से अन्य लोगों को प्रेरणा मिलेगी। बैठक में पूर्व सैनिकों ने जन समस्याओं जैसे- बिजली, पानी और आधार कार्ड संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए जिलाधिकारी से मांग की जिसके समाधान हेतु जिलाधिकारी ने तत्काल संबंधित विभागों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को स्वास्थ्य, पेयजल आपूर्ति की उपलब्धता व विभित्र सरकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए विभागों को आपसी सहयोग और सामंजस्य से कार्य करने को कहा।

# सड़क सुरक्षा पर जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** सड़क सुरक्षा को लेकर राइंका के विद्यार्थियों ने जन जागरूकता रैली निकाली। उससे पहले भाषण, निबंध तथा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई। सड़क दुर्घटना हमारा दायित्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता में नेहा पांडे, रोशनी,




अंजली मेर, निबंध में गौरव कुमार आर्य, गौरव जोशी, ललित सिंह, चित्रकला में योगेश कुमार, गीतांजली मेर, श्वेता हालदार क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे। प्रधानाचार्य दीप चंद्र जोशी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कहा कि आपातकालीन स्थिति में घायल की मदद करनी है। विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा की बुनियादी बातें आनी चाहिए। दुर्घटना में घायल व्यक्ति से उत्साहजनक बातें करनी चाहिए। उसे चिकित्सालय तक पहुंचाने में मदद करें। बिना हेलमेट के वाहन नहीं चलाएं। मानक ब्यूरो से प्रमाणित आइएसआइ मार्क का हेलमेट पहनें। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संजय टम्टा ने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें। मोबाइल पर बात नहीं करें। गति पर नियंत्रण रखें। सीट बेल्ट पहनें। क्षमता से अधिक सवारी नहीं बैठाएं। इस अवसर पर राजेश आगरी, सुरेश राम, सुशीला रावत, हेम जोशी, सुरेश राम, महिपाल रावत आदि उपस्थित थे।

# विभागीय कार्यो की गहन समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियोजन, पुलिस, खनन, परिवहन, आबकारी, राजस्व, विस्थापन सहित विभिन्न विभागों के कार्यो की गहन समीक्षा की गई और अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। जिला. धिकारी ने राजस्व वसूली तेज करने, पॉलीथीन उन्मूलन, और डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण जैसी व्यवस्थाओं को नगर पंचायत गरुड़ व कपकोट में शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के सत्यापन व अन्य संबंधित कार्यो में गति लाने को भी कहा। उन्होंने तहसील स्तर पर लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण, बड़े बकायेदारों की सूची सार्वजनिक करने, परिवहन विभाग



द्वारा प्रवर्तन कार्रवाई, होटलों व ढाबों में घरेलू गैस सिलेंडरों पर छापेमारी, खाद्य मिलावट की रोकथाम, तथा अवैध शराब पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत सक्रिय जानकारी देने, श्रमिक सुविधाओं में पारदर्शिता, और 'जीरो पेंडेंसी' कार्यशैली अपनाने पर जोर दिया गया। साथ ही सभी विभागों को लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपजिलाधिकारी मोनिका, जितेंद्र वर्मा, अनिल सिंह रावत, प्रियंका रानी, पुलिस उपाधीक्षक मनीष शर्मा, अभियोजन अधिकारी शीमा भेतवाल, शासकीय अधिवक्ता बसंत बल्लभ पाठक, एआरटीओ अमित कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### महिलाओं को जागरूक किया

**बागेश्वर।** उड़ान-शोषण से स्वतंत्रता महिलाओं के लाभार्थ, अभियान के तहत पूरे जनपद भर में दो दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत समाज के कमजोर वर्ग में मानव तस्करी और बाल अनैतिक देह व्यापार तथा नालसा (तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण के शिकार) योजना के बारे में आमजनमानस को जागरूक किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पालि. का के सिनौला, बागेश्वर में विवेकानन्द विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज मण्डलसेरा के छात्र-छात्राओं ने महिलाओं के अधिकार, मानव तस्करी और बाल अनैतिक देह व्यापार, बालश्रम एवं शिक्षा का अधिकार, नालसा हेल्पलाइन नं. 15100, चाइल्ड हेल्पलाइन नं. 1098, महिला हेल्पलाइन नं. 181 विषय पर जागरुक किया।

# ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** निकट ग्राम नज़ीमाबाद कलकत्ता फार्म पुलिस चौकी में कोतवाली किच्छा के एसव एसव आईव सतीश शर्मा, और कलकत्ता फॉर्म चौकी प्रभारी धीरेंद्र कुमार पंत द्वारा ग्रामीणों के साथ ग्राम सुरक्षा समिति की सयुक्त बैठक की



गई बैठक मे चौकी प्रभारी धीरेन्द्र पंत ने बताया कि साइबर अपराधों (मोबाइल फोन) से होने वाले बैंक खातों मे नुकसानों और उनसे बचने के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारियां दी साथ यातायात के नियमों का पालन करने नाबालिगों के गाड़ी चलाने से हो रही दुर्घटनाओ पर जोर देने पर अमल किया गया। साथ ही भाहरी व्यक्तियों का सत्यापन करने पर जोर दिया, जिससे भविष्य मे घरों मे हो रहे आपराधिक दुर्घटनाओ पर रोकथाम लग सके और उनसे बचा जा सके। इस मौके पर एस एस आई सतीश शर्मा चौकी प्रभारी धीरेन्द्र पंत, सिपाही हरीश मेहरा अमित कुमार, यशपाल आर्य नज़िमाबाद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजय साहन, आकाश मेहता कुंदन दानु दीपक मेहता गणेश भोंज कमल फुलार, अख्तर खान अकील अहमद, आजम इरशाद, राहुल, संजय आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाए

## मंडल आयुक्त ने की कृषि एवं उद्यान विभाग की योजनाओं की समीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आयुक्त एवं सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय दीपक रावत ने शुक्रवार को कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में मंडल के कृषि एवं उद्यान विभाग की केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देने, किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराने, पारंपरिक पर्वतीय फसलों के प्रोत्साहन, तथा सॉयल हेल्थ कार्ड वितरण जैसे मुद्दों पर विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।

आयुक्त रावत ने कहा कि कृषि और उद्यानिकी के माध्यम से पर्वतीय क्षेत्रों में आमजन व कृषकों की आय वृद्धि के लिए व्यावसायिक और नवाचार आधारित योजनाएं तैयार की जाएं। उन्होंने सुझाव दिया कि किसानों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाए जिससे वे कृषि आधारित रोजगारपरक योजनाएं शुरू कर सकें। उन्होंने हाल ही में हुई ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का उल्लेख करते हुए संयुक्त निदेशक उद्यान अजय पाल को निर्देश दिए कि आड़ू, खुमानी, सेब और सब्जी फसलों को हुए नुकसान का शीघ्र आकलन कर क्रॉप इंश्योरेंस की राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में संयुक्त निदेशक कृषि पीके सिंह ने जानकारी दी कि मंडल में 1502 कृषि क्लस्टर के माध्यम से किसानों को पावर ट्रेलर, माइक्रोन्यूट्रिएंट्स, ग्रेडिंग व पैकेजिंग मशीनें प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 3.75 लाख किसानों का सत्यापन कार्य पूर्ण हो चुका है।

आयुक्त ने कहा कि नवाचार और तकनीक आधारित योजनाओं के जरिए पर्वतीय अंचलों में आर्थिक क्रांति लाई जा सकती है। उन्होंने विभागों को निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गति और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए ताकि अधिक से अधिक किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।

## मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर आयुक्त दीपक रावत ने दिए सख्त निर्देश

**हल्द्वानी।** आगामी मानसून सीजन को देखते हुए कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने शुक्रवार को अपने कैंप कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर लोक निर्माण विभाग एडीबी, सिंचाई विभाग, नगर निगम समेत संबंधित विभागों को सभी कार्य मानसून से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीबी के प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सीवरेज और पेयजल लाइनों की खुदाई के बाद गड्डों को तत्काल भरा जाए, ताकि शहर में यातायात और नागरिकों को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि कोई भी क्षेत्र अधूरा न छोड़ा जाए। सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता को निर्देशित किया गया कि गौलापार स्टेडियम के पास गौलानदी के कटाव से बचाव कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जाए। विभाग ने जानकारी दी कि 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष शीघ्र पूरा किया जाएगा। नगर निगम को निर्देशित किया गया कि वृक्षों की लॉपिंग एवं पुराने, खतरनाक पेड़ों को हटाने की कार्यवाही तत्काल की जाए। साथ ही शहर के सभी नालों की सफाई मानसून से पूर्व सुनिश्चित की जाए और जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई शुरू की जाए। बैठक में नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, मुख्य अभियंता सिंचाई संजय शुक्ल, एसडीएम राहुल साह, लोनिवि ईई प्रत्युष कुमार, एडीबी प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## चरस तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीती रात्रि गश्त के दौरान मुखानी पुलिस ने एक चरस तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने 791 ग्राम चरस बरामद की है। तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी ने बताया कि बीते गुरुवार की रात्रि क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर फतेहपुर भाखड़ा पुल के पास चैकिंग चल रही थी तभी एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया। जो पुलिस टीम को देख भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए उसे दबोच लिया। जिसकी जामा तलाशी के दौरान 791 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ के दौरान पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम प्रकाश चंद्र जोशी निवासी मूल बेल नैनीताल व हाल निवासी फतेहपुर पीपलपोखरा बताया। तस्कर ने बताया कि पहाड़ से चरस लेकर यहां पहुंचा था और चरस किसी व्यक्ति के माध्यम से लोकल में सप्लाई होनी थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

## हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 18 से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित प्रथम हॉकी इंडिया मास्टर्स कप-2025 का आयोजन 18 जून से 27 जून तक चेन्नई, तमिलनाडु में किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए हॉकी उत्तराखंड के सचिव नरेन्द्र सिंह बफिला ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक उत्तराखंड के महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों के लिए टीम चयन ट्रायल का आयोजन 28 मई को प्रात: 8 बजे से मिनी स्टेडियम, नियर बस स्टैंड, हल्द्वानी में किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आयु भी निर्धारित की गई है। पुरुष खिलाड़ी जिनकी आयु 31 दिसंबर 2025 तक 40 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। जबकि महिला खिलाड़ी जिनकी आयु 31 दिसंबर 2025 तक 35 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को बोर्डिंग, लॉजिंग और भोजन की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। इसके अतिरिक्त खिलाड़ियों को अपनी पहचान के लिए दो सरकारी पहचान पत्र, आधार कार्ड एवं पैनकार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने सभी पात्र खिलाड़ियों से निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर समय से पहुंचकर ट्रायल में भाग लेने की अपील की है।

## हेमा बिष्ट को पीएचडी की उपाधि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** चम्पावत निवासी हेमा बिष्ट बोहरा को शिक्षा शास्त्र विषय में कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा एचडी (डॉक्टरेट) की उपाधि प्रदान की गई है। उनके शोध का विषय स्टडी ऑफ कैरियर कॉन्शियसनेस अमंग फीमेल ग्रेजुएट स्टूडेंट ऑफ उत्तराखंड इन रिलेशन टु देयर एजुकेशनल सोशियो फैमिलियल फैक्टर्स एंड एटीट्यूड टुवर्ड्स मॉर्डनाइजेशन था। हेमा ने अपना शोध कार्य सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के शिक्षा संकाय की पूर्व शंकायाध्यक्ष और विभागाध्यक्ष प्रोफेसर भीमा मनराल के निर्देशन में संपन्न किया। इसके पूर्व हेमा बिष्ट यूजीसी-नेट, एमएड, एमएससी (बॉटनी), एमए-शिक्षाशास्त्र भी उत्तीर्ण कर चुकी हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और परिवार के सदस्यों को दिया है। इस कार्य को संपन्न करने में उनके पति देवेंद्र सिंह बोहरा का विशेष योगदान रहा।

# एसएसजे में 'हमारे समाज में कला का महत्व' विषय पर समूह प्रदर्शनी



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** एसएसजे कैंपस अल्मोड़ा के कला विभाग के विद्यार्थियों द्वारा हमारे समाज में कला का महत्व विषय पर एक विशेष समूह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी संस्थान परिसर में आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और अभिव्यक्ति के माध्यम से समाज में कला की भूमिका को प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी में चित्रकला और मिश्रित माध्यमों से बनी कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया। छात्रों ने विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय मुद्दों को अपनी कला के माध्यम से उजागर किया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि कला केवल सौंदर्य का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का एक प्रभावशाली उपकरण भी है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डा. सोनू द्विवेदी ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। प्रदर्शनी को छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय कला प्रेमियों से भरपूर सराहना मिली। इस आयोजन ने छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ-साथ समाज में कला के महत्व को समझाने का एक प्रभावशाली मंच प्रदान किया। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले चंद्रिका बिष्ट, भावेश साह, लोकेश खोलिया, मयंक रावत, पूजा गुंज्याल और अदिति ततवाल थे।

# आपदा प्रबंधन बैठक में दिए मानसून पूर्व तैयारियों के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिलाधिकारी वंदना सिंह की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा की गई। डीएम ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि 10 जून तक नालियों की सफाई, जेसीबी तैनाती और सड़कों की मरम्मत का कार्य पूर्ण किया जाए। डीएम ने सड़क निर्माण एजेंसियों को मुख्य और ग्रामीण मार्गों की सफाई सुनिश्चित करने को कहा। चिन्हित संवेदनशील मार्गों पर मशीनों की मैपिंग व ऑपरेटरों के मोबाइल नंबर सार्वजनिक करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने दूरस्थ क्षेत्रों में आपूर्ति सुनिश्चित करने, चिकित्सकों की तैनाती और विद्यालयों में भवन मरम्मत, छतों की जांच तथा खतरनाक पेड़ों को हटाने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को ट्रांसफार्मर, पोल और तार का पर्याप्त स्टॉक रखने को कहा गया। हल्द्वानी नगर निगम को 10 दिन में नाले सफाई कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने 108 एंबुलेंस सेवाओं को सक्रिय रखने और आपदा उपकरणों की जांच व प्रशिक्षण एक सप्ताह में पूरा करने को कहा। सिंचाई विभाग को बाढ़ नियंत्रण कार्यों में तेजी लाने व समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा भेजे गए प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई, जिनमें विद्यालय भवनों की मरम्मत, नालों की सफाई और नदियों के सुरक्षा कार्य शामिल थे। बैठक में पुलिस अधीक्षक, एडीएम, सभी एसडीएम, वनाधिकारी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 24 घंटे में दुरुस्त करें सफाई व्यवस्था, नगर आयुक्त ने इंदिरानगर का किया भ्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** क्षेत्र की जनसमस्याओं को गंभीरता से लेते हुए नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने शुक्रवार को इंदिरा नगर वार्ड संख्या 32 का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ जल निगम, जल संस्थान एवं स्वास्थ्य विभाग सहित नगर निगम के अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। मौके पर पहुंचकर नगर आयुक्त ने सिविल लाइन कार्यों के चलते क्षतिग्रस्त सड़कों, गहरे गड्डों, नालियों में जमा गंदगी, बंद पड़ी नालियों तथा काले मालवा से भरे नालों की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और जल निकासी के प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने क्षेत्र की समस्याओं को विस्तार से नगर आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने इंदिरा नगर की बिगड़ती सफाई व्यवस्था, जल निगम द्वारा तोड़ी गई सड़कों, बंद नालियों और दूषित पेयजल की स्थिति से अवगत कराया।



निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने क्षेत्र की स्थिति को गंभीर बताते हुए अखबार में प्रकाशित खबर को जनता की वास्तविक समस्या का प्रतिबिंब माना। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों की मरम्मत, नालियों की सफाई और जल आपूर्ति व्यवस्था को शीघ्रताशीघ्र सामान्य किया जाए।

# जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: डीएम

**जनसुनवाई शिविर: 115 शिकायतों में से अधिकांश का मौके पर निस्तारण कराया**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी वंदना सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजकीय इंटर कॉलेज जस्सागांजा, रामनगर में जनसुनवाई शिविर आयोजित किया गया। सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक चले इस शिविर में कुल 115 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। जनसुनवाई में सबसे अधिक शिकायतें पेयजल समस्याओं से संबंधित रहीं। जल जीवन मिशन के तहत छूटे घरों को जल संयोजन देने, अधूरी पाइप लाइनों को पूरा करने जैसे मुद्दों पर डीएम ने जल संस्थान व पेयजल निगम को 10 दिन के भीतर समाधान के निर्देश दिए।

खनन वाहनों से संबंधित शिकायतों पर भी ग्रामीणों ने आवाज उठाई। उन्होंने बताया कि भारी वाहन ओवरलोडिंग के साथ गांव की आबादी से होकर गुजरते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। डीएम ने इस पर संज्ञान लेते हुए खनन अधिकारी को 3 दिन तक क्षेत्र में रहकर निगरानी और नियम विरुद्ध वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही खनन सामग्री परिवहन हेतु वैकल्पिक मार्ग के लिए वन, राजस्व, लोनिवि, परिवहन और खनन विभाग को एक सप्ताह में सर्वे कर रिपोर्ट देने को कहा। शिक्षा विभाग से जुड़ी शिकायतों पर डीएम ने जिला शिक्षा अधिकारी को तुरंत कार्रवाई और खंड शिक्षा अधिकारी की मासिक विद्यालय भ्रमण की रिपोर्ट जांचने के निर्देश दिए। भ्रमण में लापरवाही पाए जाने पर मुख्य शिक्षा अधिकारी को जांच कर रिपोर्ट देने को कहा। एक विधवा महिला को पेंशन न मिलने की शिकायत पर डीएम ने मौके पर ही समाज कल्याण विभाग को पेंशन आवेदन भरवाकर स्वीकृति की कार्रवाई शुरू कराई। वहीं, एक किसान की भूमि को ओवरहेड टैंक से हो रहे जल रिसाव से हो रहे नुकसान की शिकायत पर संबंधित विभाग को तत्काल निरीक्षण कर त्वरित समाधान करने को कहा गया। फर्जी प्रमाण पत्र बनाए जाने की शिकायत पर नगर पालिका रामनगर के ईओ को सभी प्रमाण पत्रों की जांच और गलत प्रमाण पत्रों को निरस्त करने के निर्देश दिए। डीएम ने सख्त लहजे में कहा कि जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं किया जाएगा और प्रमाण पत्र सत्यता की पूरी जांच की जाए। नलकूप मरम्मत, सिंचाई और विद्युत समस्याओं पर डीएम ने अधिशासी अभियंताओं को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। सड़क में बाधक टेलीफोन खंभों को 10 दिन में हटाने को कहा गया, अन्यथा पालिका द्वारा हटाकर खर्च की वसूली विभाग से की जाएगी।

# बच्चों को दी कानूनी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बालकों के लिए विशेष अभियानों के तहत आज हरगोविंद सुयाल सरस्वती विद्या मंदिर, कुसुमखेड़ा, हल्द्वानी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के दिशा-निर्देशानुसार और जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर का संचालन बीनू गुलयानी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल द्वारा किया गया। शिविर में बाल श्रम, बाल विवाह, मानव तस्करी और यौन शोषण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने बताया कि बाल विवाह न केवल एक अपराध है, बल्कि एक सामाजिक कुरीति भी है, जिसे जड़ से समाप्त करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में (राह वीर योजना) के अंतर्गत सड़क सुरक्षा एवं जीवन रक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। इस योजना के अंतर्गत दुर्घटना के समय तत्काल सहायता और फर्स्ट एड प्रदान करने वाले राहगीरों को 25,000 और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाता है।



इसके अलावा शिविर में दिव्यांगजनों के अधिकार, नशा उन्मूलन, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम, 2013, सुरक्षित दवा सुरक्षित जीवन, नालसा चाइल्ड फ्रेंडली स्कीम 2015, पॉश अधिनियम और विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साइबर अपराध पर विशेष सत्र में एआई टूल्स, फिशिंग लिंक, ओटीपी फ्रॉड जैसे बढ़ते खतरों से बच्चों को सतर्क रहने की सलाह दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं विधिक प्राधिकरण की टीम मौजूद रही।

# पार्षदों ने समस्याओं से कराया अवगत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए नगर आयुक्त ऋचा सिंह द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों की समस्याओं के समाधान के लिए एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वार्ड-59 के पार्षद रईस अहमद गुड्डू, वार्ड-58 के मनोज जोशी, वार्ड-60 से संजय पांडे ने अपने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को रखते हुए एक प्रार्थना पत्र नगर आयुक्त को सौंपा।

पार्षद गुड्डू ने बैठक में कहा कि वार्ड के शनिबाजार क्षेत्र में नाले की तत्काल सफाई की आवश्यकता है, जिससे बरसात के दौरान जलभराव से बचा जा सके। उन्होंने स्वामी विहार स्थित आम के बगीचे में सिंचाई के लिए गूल निर्माण कराने तथा क्षेत्र में जगह-जगह क्षतिग्रस्त सड़कों के गड्डों को भरने की भी मांग की। पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं नगर आयुक्त के समक्ष रखीं और शीघ्र समाधान की मांग की। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने सभी सुझावों और समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके अलावा, वार्ड में स्थित तीन जर्जर पुलियों के पुनर्निर्माण को भी उन्होंने अत्यंत आवश्यक बताया। गर्मी और बरसात के मौसम में संक्रमण की आशंका को देखते हुए उन्होंने पूरे वार्ड में नियमित रूप से ब्लीचिंग कराने की भी मांग रखी। बैठक में नगर सह आयुक्त, नगर स्वास्थ्य अधिकारी सहित पार्षद मनोज जोशी, पार्षद संजय पांडे, फिरोज़ खान व अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## नियमितिकरण के लिए पौधारोपण जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को शीघ्र जारी करने को लेकर राज्य में किया जा रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन शुक्रवार को 322वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुररानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण से जोडने के कार्यक्रम के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत शुक्रवार को पर्यटकों ने जहां पर्यटक आवास गृह परिसर में पौधारोपण किया। वहीं उनके नेतृत्व में पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में पौधारोपण रोपण किया गया। इस अवसर पर पर्यटन विकास अधिकारी ललित मोहन तिवारी समेत विजय बोरा उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव

**श्रीखाटू श्याम मंदिर के स्थापना दिवस पर ध्वज निशान यात्रा के साथ संपन्न हुई विशाल भंडारा**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्री खाटू श्याम मंदिर तल्ली बमोरी मुखानी में मंदिर का स्थापना दिवस अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रमों के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: शिव मंदिर, मुखानी से ध्वज निशान यात्रा के साथ हुई, जो पूरे श्रद्धा भाव के साथ खाटू श्याम मंदिर तक पहुँची। मंदिर पहुंचने पर भक्तों द्वारा प्रभु खाटू श्याम जी का भव्य श्रृंगार किया गया। इसके उपरांत गणेश पूजन एवं श्याम पूजन के साथ धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुए। पूजन कार्यक्रम का नेतृत्व पंडित पुष्कर दत्त शास्त्री ने किया। उनके साथ पंडित नितिन उपाध्याय, त्रिलोक भट्ट एवं पूरन चंद्र पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन व पूजा-अर्चना सम्पन्न कराई। हवन के बाद प्रभु की आरती कर भोग अर्पित किया गया, जिसके पश्चात सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर प्रांगण में आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भक्तिभाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया। पूरे मंदिर परिसर को भजन-कीर्तन से श्याममय बना दिया गया, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। मंदिर समिति के जयप्रकाश अग्रवाल, मदनमोहन अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, सिद्धांत अग्रवाल, विजय अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, आदेश अग्रवाल, सौम्या अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल व गौरांश पांडेय सहित कई लोग मौजूद रहे।

# विधायक निधि से पूरे हुए कार्यों का कराएं लोकार्पण

**विभागीय अधिकारियों की बैठक में विधायक ने दिए निर्देश**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के विकास कार्यों को लेकर शहर विधायक सुमित हृदयेश ने शुक्रवार को अपने आवास पर लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, कुमाऊं मंडल विकास निगम, मंडी परिषद एवं जल संस्थान के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में चल रहे और पूर्ण हो चुके विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना रहा। बैठक के दौरान विधायक हृदयेश ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 की विधायक निधि से पूर्ण हुए सभी कार्यों का शीघ्रातिशीघ्र लोकार्पण कराया जाए, ताकि जनता को इन योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि लोकार्पण में देरी से न केवल योजनाएं अधूरी प्रतीत होती हैं, बल्कि जनता में भी असंतोष उत्पन्न होता है। विधायक ने क्षेत्र की सड़कों की स्थिति, विद्युत एवं जल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था तथा अन्य नागरिक सुविधाओं की भी गहन समीक्षा की और संबंधित विभागों को जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि विभागीय कार्यों में आपसी समन्वय बेहद आवश्यक है, जिससे योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। विधायक सुमित हृदयेश ने बैठक में स्पष्ट किया कि जनसेवा एवं क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वें पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य है कि हर नागरिक तक बुनियादी सुविधाएं समय पर पहुंचे। इसके लिए सभी विभागीय अधिकारियों को मिलकर कार्य करना होगा।

## राज्यपाल का एक दिवसीय भ्रमण आज

**नैनीताल।** राज्यपाल गुरमीत सिंह कल (आज) शनिवार को एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर आ रहे हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए एडीसी राज्यपाल अमित श्रीवास्तव ने बताया कि राज्यपाल देहरादून राजभवन से प्रात: 09 बजे कार द्वारा प्रस्थान कर 11 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस नजीबाबाद उत्तर प्रदेश पहुंचेंगे। जिसके उपरांत प्रात: 11:30 बजे से कार से प्रस्थान कर अपराहन 02 बजे मण्डी गेस्ट हाउस काशीपुर पहुचेंगे। इसके उपरान्त अपरान्ह 02:45 बजे से मण्डी गेस्ट हाउस काशीपुर से प्रस्थान कर शाम 04:45 बजे राजभवन नैनीताल पहुचेंगे।

# सात वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एसएसपी पीएन मीणा के निर्देशन में जनपद नैनीताल में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने वारंटी और इनामी अपराधियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में काठगोदाम एवं लालकुआं थाना क्षेत्रों की पुलिस टीमों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए कुल 7 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। काठगोदाम थानाध्यक्ष पंकज जोशी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने गैर-जमानती वारंटों की तामील करते हुए कुल 5 वारंटियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए वारंटियों में अभिजीत कुमार पुत्र अजय कुमार, निवासी सुल्तान नगरी, गौलापार, समीर पुत्र मेहबूब, निवासी देवल तल्ला, गौलापार, गीता देवी पत्नी बहादुर राम, निवासी चौपला चौराहा, दमुवाढूंगा, सुनीता देवी पत्नी हरिशंकर, निवासी चौपला चौराहा, दमुवाढूंगा, हरिशंकर पुत्र बहादुर राम, निवासी चौपला चौराहा, दमुवाढूंगा शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर लालकुआं कोतवाल दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए वारंटियों में मोहित खोलिया पुत्र स्व. घनानंद खोलिया, निवासी डुंगरपुर, हल्दूचौड़, गौरव आर्या उर्फ गोरा पुत्र राजू आर्या, निवासी बेरीपड़ाव, गौला गेट, हल्दूचौड़ शामिल हैं। पुलिस ने सभी वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# एक माह बाद भी नहीं लगा लापता नाबालिग का सुराग

■ बरामदगी को एसएसआई का परिजनों ने किया घेराव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** लगभग एक माह से लापता रम्पुरा निवासी नाबालिग की बरामदगी की मांग को लेकर शुक्रवार को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में महिलाओं ने कोतवाली में एसएसआई का घेराव कर प्रदर्शन किया। चेतावनी दी कि यदि जल्द नाबालिग की बरामदगी नहीं हुई तो वे कोतवाली में धरना देंगे। शुक्रवार को काफी संख्या में महिलाएं पूर्व विधायक ठुकराल के नेतृत्व में कोतवाली पहुंची। उन्होंने प्रदर्शन कर एसएसआई ललित मोहन रावल का घेराव कर नाबालिग की बरामदगी की मांग की। ठुकराल ने कहा कि नाबालिग को ढूंढ़ने में पुलिस का रवैया ढीला और अकर्मण्यता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही पुलिस ने नाबालिग को बरामद नहीं किया तो वह एसएसपी से मिलेंगे।

साथ ही कोतवाली में धरना देंगे। इस मौके पर अजय नारायण सिंह, ललित सिंह बिष्ट, पूजा, संतोष देवी, रोशनी, कोमल, कृति, सीता, गीता, सरिता, उर्मिला, राम बेटी, पूनम, ज्योति, मिथलेश देवी, आशा देवी, सेलेखा, लक्ष्मी, कुसुम, नेमवती, सरवती, चंद्रपाल कोली, सूरजमुखी, सार्वती, कुषमा, शकुंतला, लतेली, बिरमा देवी, रमावती देवी, पूनम देवी, लक्ष्मी, विमला, लज्जावंती, प्रेमवती, किरन, नंदी देवी आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

# खनन के लिए खोला जाए बंजारी गेट प्रथम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** तराई पश्चिम वन प्रभाग रामनगर रेंज कोसी नदी के बंजारी गेट प्रथम खनन के लिए खोलने की मांग को लेकर पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी के नेतृत्व में खनन कारोबारियों ने डीएफओ का घेराव किया।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी ने डीएफओ से कहा कि आठ मई से यह गेट बंद है और यह गेट बंद किए जाने से ट्रांसपोर्टर बहुत परेशान हैं, जिस कारण उनके सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। आक्रोशित ट्रांसपोर्टरों ने डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्या से खनन गेट खोलने की मांग की।

डीएफओ ने कहा कि ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं को देखते हुए जल्द ही गेट खनन के लिए खोल दिया जाएगा। खनन कारोबारीयो और पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी ने कहा कि यदि खनन गेट जल्द नही खोला गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी, प्रधान इमरान खान, राजकुमार, अमरजीत सिंह, गुरजीत सिंह, प्रेम सिंह, रोहित कुमार, होरी सिंह, शिव कुमार, अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

# मार्ग का हो जीर्णोद्धार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** चंद्र वाटिका वार्ड संख्या 11 के वार्ड वासियों ने नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चन्द्र जोशी रामू को अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर मार्ग की दुर्दशा से निजात दिलाने की मांग की है। अशोक खड़का की देखरेख में सौपे ज्ञापन में मार्ग की दुर्दशा से वार्ड के लगभग दो सौ परिवारों की सुविधाएं मुश्किल में बतायी हैं। ज्ञापन में आकस्मिक दुर्घटना में यहां एंबुलेंस एवं फायर ब्रिगेड के वाहन का पहुंचना असंभव बताया गया है। विधायक राणा व चेयरमैन जोशी को सौंपे ज्ञापन में वार्ड के लगभग दो सौ परिवार के घर तक दो व तीन पहिए वाहनों का आसानी से पहुंचना कठिन बताया गया है। यहां पूजा खड़का, मुन्नी जोशी, गौरी देवी, द्रौपदी मेहरा, राधा जोशी, सपना खड़का आदि थे।

## एक नजर

### कच्ची शराब के साथ शराब तस्कर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर मणिकांत मिश्रा द्वारा अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में चौकी सुतमिल इंचार्ज उ.नि. धीरज टम्टा द्वारा मय पुलिस टीम के गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर बहादरपुर को जाने वाली सड़क जसपुर से बुद्ध सिंह पुत्र बलवंत सिंह निवासी ग्राम भोगपुर डाम तहसील जसपुर, उधम सिंह नगर को एक प्लास्टिक के कट्टे में 60 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मौके पर पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जसपुर जगदीश सिंह ढकरियाल, एसआई धीरज टम्टा, का. अरुण कुमार, जाकिर हुसैन शामिल रहे।

### स्वच्छता के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** नगर पालिका की ओर से व्यापारियों के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के लिए जन जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नागरिकों /दुकानदारों को दुकानों/घरों से निकलने वाले कूड़े को अलग-अलग कूड़ेदान में डालने की जानकारी प्रदान की गई। नगर पालिका ईओ शाहिद अली के निर्देशन पर नगर पालिका कर्मचारियों की एक टीम सब्जी मंडी पहुंची। उन्होंने यहां पर कार्य करने वाले व निवास करने वाले लोगों से सूखे कूड़े को नीले डस्टबिन में डालने के लिए बताया। गीले कूड़े को हरे डस्टबिन में डालने को बताया गया। केमिकल बेस्ट को काले डस्टबिन में तथा सेनेटरी बेस्ट को लाल डस्टबिन में डालने के लिए प्रेरित किया और जानकारी दी। नगर पालिका की टीम में राजेश सिंह, महेंद्र सिंह बिष्ट, गौतम कश्यप, सलीम अहमद , दीपक कुमार आदि थे।

### फंदे पर लटका मिला किशोर का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** आजाद नगर वार्ड 2 में घर के कमरे में एक 16 वर्षीय किशोर का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। बाबूराम पुत्र बद्रीप्रसाद निवासी आजाद नगर वार्ड 2 में रहता है। वह राजमिस्त्री का काम करता है। उसने बताया कि उसका 16 वर्षीय पुत्र मुनीश कारपेंटर का काम सीख रहा था। वह पिछले 10-15 दिनों से काम पर नहीं जा रहा था। उसने शुक्रवार को मुनीश को काम पर जाने के लिए कहा था।

दोपहर में वह किसी कार्यवश घर के बाहर चला गया और पत्नी दिनेश कुमारी घर के बाहर बैठ गई। दोपहर जब पुत्री स्कूल से आई तो उसने मुनीश को कमरे में कुंडे से दुपट्टे के सहारे लटके देखा। यह देख उसकी चीख निकल गई। इस पर उसकी मां और पड़ोसी मौके पर पहुंच गए। आनन-फानन में मुनीश को सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही दरऊ पुलिस चौकी इंचार्ज हेमचंद तिवारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसआई हेमचंद तिवारी ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### पशु स्वास्थ्य एवं पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पशु स्वास्थ्य एवं पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम में राजकीय पशु चिकित्सालय द्वारा पशुपालन संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयी। कार्यक्रम में क्षेत्र के 50 पशुपालकों ने प्रतिभाग किया।




ग्राम मझोला में आयोजित पशु स्वास्थ्य एवं पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान/ प्रशासक महेन्द्र सिंह पटेल ने की। संचालन बीडीसी सार्थक पटेल ने की। डॉ आर. आर. चंदोला वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी राजकीय पशु चिकित्सालय ने पशुपालकों को पशुपालन एवं टीकाकरण के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान/ प्रशासक पटेल ने पशुपालन को बढ़ावा देने एवं दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने की अपील की। इस अवसर पर क्षेत्र प्रसार अधिकारी खड़क सिंह बोरा कंचनपुरी, रमेश चंद्र खर्कवाल एवं फैयाज अली अंसारी, चंद्रपाल वर्मा, बंकिम मंडल, शीतल मलिक आदि मौजूद रहे।

### नगर पालिका का नया भवन बनकर तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** नगर पालिका जसपुर का नया भवन बनकर तैयार हो गया है। ईओ शाहिद अली एवं नवनिर्वाचित चेयरमैन नौशाद सम्राट अब नए भवन में बैठकर नगर का कल्याण करेंगे। बता दें कि नगर पालिका परिषद का कार्यालय कोतवाली रोड, मेन बाजार में होने से नागरिकों को पार्किंग, जाम एवं अन्य भीड़ इत्यादि जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी शाहिद अली ने बताया कि तत्कालीन पालिका प्रशासन एवं बोर्ड के सदस्यों ने लपकना नदी के पुल के पास नए भवन बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा था। 1.51 करोड़ रुपए संस्तुति मिलने के बाद लगभग चार बीघा भूमि पर नगर पालिका के नए भवन का निर्माण कार्य अपनी अंतिम दौर में चल रहा है। प्रथम फेज के कार्य में पार्किंग समेत नौ कमरे बनकर तैयार हो गए हैं।

एम.के. वाटर प्रूफिंग
मकान की वाटर प्रूफिंग, छत का टपकना, दीवारों पर सीलन आना, लिन्टर पर दारार से पानी आना, बेसमेन्ट में पानी या सीलन आना, किचन व बाथरूम लिकिज होना, फ्लोर ओपोक्सी व ब्रिक ओवा भी किया जाता है। प्रो.महबूब भाई
बिलासपुर रोड, रुद्रपुर (ऊ.सिंह नगर)
मो.: 9012051994, 6399038125

# जाते-जाते दो लोगों की जिंदगी में रंग भर गई उर्मिला रानी चुघ

■ वरिष्ठ भाजपा नेता और समाजसेवी भारत भूषण चुघ की माता का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वरिष्ठ भाजपा नेता और समाजसेवी भारत भूषण चुघ की माता उर्मिला रानी चुघ(68) का दिल का दौरा पड़ने से आकस्मिक निधन हो गया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य भी रह चुकी थीं और समाजसेवा में सक्रिय थीं। उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया। उनके परिजनों ने एक प्रेरणादायक निर्णय लेते हुए नेत्रदान कराया। मुरादाबाद से आई नेत्र चिकित्सा टीम ने भारत विकास परिषद की देखरेख में उनकी आंखों (कॉर्निया) को संरक्षित किया। उनकी आंखों से अब दो नेत्रहीनों को दुनिया देखने का अवसर मिलेगा।

वरिष्ठ भाजपा नेता और समाजसेवी भारत भूषण चुघ की माता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य उर्मिला रानी चुघ (68) पत्नी चुन्नीलाल चुघ निवासी भूरारानी का हृदयघात के कारण आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई । क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोगों एवं जनप्रतिनिधियों सहित भारी संख्या मे लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रीमती चुघ के देहावसान के पश्चात उनके परिजनों व अन्य करीबी रिश्तेदारों ने नेत्रदान की सहमति प्रदान कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। श्रीमती चुघ की मृत्यु के बाद भी अब उनकी आंखें दुनिया देखती रहेगीं।



उनके नेत्रदान से दो नेत्रहीनों के नेत्र प्रकाशित होंगे और उनके प्रिय जन उनकी स्मृति को अमरत्व प्रदान करेंगे। भारत विकास परिषद रुद्रपुर शाखा के दायित्वधारियों की देखरेख में मुरादाबाद नेत्र विभाग की टीम ने कागजी औपचारिकता पूरी कर ब्रह्मलीन उर्मिला रानी चुघ के शरीर से दान की गई आंखें (कॉर्निया) प्राप्त कीं।

वहीं शाखा के नेत्रदान प्रकल्प सह संयोजक संजय ठुकराल ने बताया कि भारत विकास परिषद क्षेत्र के लोगों में नेत्रदान हेतु जागृति लाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि बहुत से लोग मानते हैं कि नेत्रदान के दौरान उनकी पूरी आंख निकाल दी जाती है, जिससे आंख का सॉकेट खाली रहता है, जो सच नहीं है। आमतौर पर केवल कॉर्निया जो आंख की सबसे बाहरी परत होती है, बहुत धीरे से निकाली जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि नेत्रदान के लिए जीवित रहते हुए नेत्रदान की कोई घोषणा न करने पर भी किसी के गोलोक गमन के उपरांत भी परिवार जनों की सहमति होने पर भी नेत्रदान हो सकता है। श्रीमती चुघ के निधन पर तमाम राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों ने गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। इस दौरान उर्मिला रानी चुघ के पुत्र भारत भूषण चुघ, तरुण चुघ, मनीष चुघ, भतीजे पारस चुघ, सनी चुघ समेत दीपक गुलाटी, नीलकंठ राणा, सुरेश छाबड़ा, चंद्र चुघ, चंद्र जड़वानी, हिमांशु खुराना, अमित कालरा, शिव छाबड़ा, सुभाष आदि तमाम लोग मौजूद थे।

# छात्र-छात्राओं को अनुशासित होकर अपने जीवन में लक्ष्य करें पूराः पाण्डे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** महाविद्यालय में बीएड चतुर्थ सेमेस्टर की फेयरवेल लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़ में बीएड द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बीएड चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को कुमाऊं विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाओं,आंतरिक परीक्षाओं और आनंदम जॉयफूल लर्निंग की परीक्षा समाप्ति के उपरान्त महाविद्यालय में आज विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

विदाई समारोह का शुभारम्भ प्राचार्य प्रोफेसर डा. सीमा श्रीवास्तव और बीएड विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डा. ललित मोहन पाण्डे द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्राचार्य प्रोफेसर डा. सीमा श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों से कहा कि महाविद्यालय से विगत दो वर्षों में सीखे हुए शिक्षण-प्रशिक्षण ज्ञान और कौशल को भविष्य में अध्ययन एवं अध्यापन में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। प्रोफेसर ललित मोहन पाण्डे ने छात्र-छात्राओं को अनुशासित होकर अपने जीवन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जागरूक किया। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और महाविद्यालय में व्यतीत किए हुए विगत दो वर्षों के अपने-अपने शिक्षण अनुभवों को साझा किया गया। विदाई समारोह में मिस्टर फेयरवेल और मिस फेयरवेल का चयन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक सचिव मनीषा, प्रेम राम और योगेश कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर डा. अजीत कुमार सैनी, डा.पप्पू सागर, डा. अरुण कुमार चतुर्वेदी, डा. प्रदीप कुमार, डा. कमला पाण्डे, डा. हेम चन्द्र पाण्डे के अतिरिक्त बीएड द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के समस्त विद्यार्थी मौजूद थे।

# पुलिस ने किया एक वारंटी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** एसएसपी मणिकांत मिश्रा के आदेश पर फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर बाजपुर कोतवाली एसएचओ प्रवीण कोश्यारी द्वारा वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बन्नाखेड़ा चौकी इंचार्ज कविंद्र शर्मा मय पुलिस टीम द्वारा फरार चल रहे वारंटी रामप्रकाश पुत्र हरदेव सिंह निवासी बन्नाखेड़ा बाजपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने वारंटी रामप्रकाश को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

बन्नाखेड़ा चौकी इंचार्ज कविंद्र शर्मा ने बताया कि आगे भी पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में वारंटी की गिरफ्तारी लगातार जारी रहेगी। पुलिस टीम में टीम बन्नाखेड़ा चौकी इंचार्ज कविंद्र शर्मा, का. भरत सिंह, राजकुमार सिंह शामिल रहे।

# पुलिस ने किरायेदारों का सत्यापन कर काटे चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** बाहरी व्यक्ति व किराएदारो का सत्यापन न कराए जाने वालो पर पुलिस की टीम ने थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में चालान की कारवाई की है।

शुक्रवार को थाना अध्यक्ष उमेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने नगर में किराए पर रह रहे बाहरी लोगों का मकान मालिक द्वारा पुलिस किराएदार सत्यापन न करने पर उन्हें चिन्हित कर मकान मालिकों के कोर्ट के चालान कर मकान मालिकों को किरायेदारों के सत्यापन कराने की हिदायत दी है। पुलिस की टीम ने नगर के सभी वार्डों में पहुंचकर किराए पर रह रहे बाहरी लोगों की जानकारी हासिल की तथा उनके मकान मालिकों से किराएदारों के सत्यापन करने की जानकारी ली। इस दौरान पुलिस की टीम ने कई मकान मालिकों के द्वारा किराएदारों का सत्यापन न कराए जाने पर चालान की कार्रवाई की है।

■ किराएदार की जानकारी छिपाने वालों के विरुद्ध होगी कारवाईः उमेश कुमार

जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि नगर में निवास कर रहे मकान मालिकों द्वारा यदि अपना मकान घर किसी भी बाहरी व्यक्ति को किराए पर दिया जाता है तो उसका पुलिस सत्यापन करना अनिवार्य है। किराएदार की जानकारी छिपाने वाले मकान मालिक के विरुद्ध पुलिस द्वारा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा किरायेदार एवं बाहरी लोगों का सत्यापन की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। इस दौरान पुलिस टीम में प्रतापपुर चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक राजेंद्र पन्त, सिपाह नवीन जोशी, जगदीश पुजारी एवं पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# ओवरलोडिंग के खिलाफ एआरटीओ कार्यालय में प्रदर्शन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शहर में धड़ल्ले से चल रहे ओवरलोड डंपरों पर परिवहन विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को एआरटीओ कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने कहा कि ओवरलोडिंग के खिलाफ परिवहन विभाग खामोश है। उन्होंने एआरटीओ को ज्ञापन सौंप ओवरलोडिंग रोकने की मांग की। शुक्रवार को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मोहन खेड़ा और उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने परिवहन विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि नगर के बीच से गुजरने वाले राजमार्ग पर रोजाना ओवरलोड डंपर धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं।

इसमें स्वीकृत भार सीमा से तीन गुना अधिक खनन सामग्री भरी जाती है। इससे सड़क हादसों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और निर्दोष लोगों की जानें जा रही हैं। बावजूद इसके परिवहन विभाग आंखें मूंदे बैठा है। कांग्रेस नेता मोहन खेड़ा ने आरोप लगाया कि इस गंभीर मुद्दे की कई बार प्रशासन को जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि मामूली ओवरलोड होने पर व्यापारियों की गाड़ियों पर तो जुर्माना लगाया जाता है, लेकिन भारी खनन सामग्री से भरे डंपरों पर विभाग की नजर क्यों नहीं जाती है? इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एआरटीओ कार्यालय पहुंच कर सहायक परिवहन अधिकारी नवीन सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि अब भी अनदेखी की गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस दौरान परिमल राय, हरीश बावरा, विकास मलिक, उमा सरकार, मोनिका ढाली, सौरभ बेहड़, असित वाला प्रीति साना, रंजीत राणा, दिनेश पंत, नंदू शर्मा, मोहन कुमार, जनार्दन सिंह, सुमित राय, संजीव रस्तोगी, भूपेंद्र कुमार, आनंद शर्मा, रंजीत तिवारी, वीरू विश्वास, सतनाम सिंह, विकेंद्र सरकार, पवन वर्मा, अशोक चोपड़ा, प्रदीप यादव आदि रहे।

संबन्ध विच्छेद
मैनें अपने बड़े पुत्र फारूख को उसके गलत चाल-चलन के कारण उससे अपने व अपने अन्य परिजनों के सभी सम्बंध विच्छेद कर उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरा व मेरे किसी भी परिजन का अब फारूख से कोई संबन्ध या वास्ता-सरोकार नहीं है। जो भी व्यक्ति मेरे पुत्र फारूख से किसी भी प्रकार का कोई सम्बंध या वास्ता-सरोकार या लेन-देन के व्यवहार रखेगा तो उसके लिए वह व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा, मैं या मेरा कोई भी परिजन पुत्र फारूख के किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं हैं।
हारून पुत्र अहमद हुसैन निवासी वार्ड नं. -25, नियर जीनियस स्कूल फाजलपुर महरौला, रुद्रपुर, उधमसिंह नगर।

# जसपुर में हुई जमीयत की जिला स्तरीय बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** जमीयत उलेमा की ओर से जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान दस-दस सदस्यों की दो टीम गठित कर उन्हें जिम्मेदारियां सौंपी गई।

मोहल्ला नई बस्ती स्थित आयशा मस्जिद में मगरिबी उत्तर प्रदेश के नायब सदर मौलाना अब्दुल खालिक की सरपरस्ती में उधमसिंह नगर की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

जिले के जनरल सेक्रेटरी मुफती मो.सुहेल कासमी ने बताया कि जमीयत की ओर से उधमसिंह नगर जिले में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद जिला एवं स्थानीय कमेटी का गठन होगा। इस कार्य के लिए दस सदस्य एक टीम का गठन किया गया है। टीम को आम लोगों में जाकर जमीयत के कार्यों के बारे में बताना होगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न संगठनों एवं जमीयत की ओर से वक्फ संशोधन कानून-2025 को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है यदि यह कानून लागू हो जाता है तो इसके बाद वक्फ संपत्तियों, मदरसों एवं मस्जिदों पर आने वाली कानूनी परेशानियों के निस्तारण के लिए भी एक दस सदस्य टीम का गठन किया गया, जो कानूनी कार्रवाई की परेशानियों के निस्तारण के लिए कार्य करेगी। इस दौरान मुस्लिम समाज में फैली बुराईयों एवं उनके निराकरण पर भी चर्चा हुई।



बैठक की अध्यक्षता जिले के सदर मौलाना अताउर्रहमान ने की। वहां मौलाना अखलाक कासमी, कारी मो. सलमान, डा. शमीम अहमद, एडवोकेट/समाजसेवी अखलाक अहमद, डा. मो.अयाज, हाजी मो. उस्मान, हाजी अब्दुल माजिद आदि थे।

# मिसाइल अटैक में दस घायल, एसडीआरएफ ने किया रेस्क्यू

■ गंभीर घायलों को एम्स के लिए किया गया एयरलिफ्ट
डीएम के निर्देश पर मिसाइल अटैक विषयक किया गया मॉक अभ्यास



**मॉक ड्रिल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** तहसील स्तरीय गठित आईआरटी टीम के साथ डीएम नितिन सिंह भदौरिया के निर्देश के क्रम में शुक्रवार को तहसील क्षेत्र के अंतर्गत लोहिया हेड के पास मिसाइल अटैक विषयक मॉक अभ्यास किया गया। घटना की सूचना पुलिस डीसीआर द्वारा आपदा कंट्रोल रूम में देकर बताया गया कि पूर्वाह्न 11.20 बजे लोहिया हेड गेस्ट हाउस ,पावर हाउस की आवासीय कॉलोनी की एल-पी-लाइन व हेलीपैड आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त व नगला तराई/शहीद स्मारक गेट के निकट फॉरेस्ट एरिया में आगजनी हुई है। वहीं जिला आपदा कंट्रोल रूम के द्वारा तहसीलदार खटीमा एवं उप जिलाधिकारी खटीमा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, एसडीआरएफ, एनडीआरफ, विद्युत विभाग ,जल संस्थान, लोक निर्माण विभाग, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी इत्यादि अधिकारियों को घटना स्तर पर टीम तत्काल पहुंचनेघ के लिए सूचित किया गया। स्टेजिंग एरिया फुटबॉल ग्राउंड लोहिया पर बनाया गया था जहां से सभी राहत बचाव टीम मौका स्थल पर रवाना की गई। लोहियाहेड गेस्ट हाउस मिसाइल अटैक से घायल 10 लोगो को एसडीआरएफ द्वारा रेस्क्यू किया गया। एनडीआरएफ की टीम द्वारा पावर हाउस आवासीय कॉलोनी में एलपी लाइन क्षतिग्रस्त होने से 6 लोगों को रेस्क्यू किया गया। वहीं मौके पर मिसाइल अटैक से हेलीपैड का कुछ इंफ्रास्ट्रक्चर डैमेज हुआ था। अभ्यास के दौरान तत्काल मरम्मत करते हुए गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को एम्स के लिए एयरलिफ्ट किया गया। नगला तराई शहीद स्मारक गेट के निकट फॉरेस्ट एरिया में हुई आगजनी पर वन विभाग 20 सदस्य टीम द्वारा आग पर काबू पाया गया। एसडीआरएफ टीम प्रभारी बालम सिंह बजेली, तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण, अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड सितारगंज एएस नेगी, इंसिडेंट कमांडर पंकज कुमार उपाध्याय, स्टेजिंग एरिया अपर जिलाधिकारी नजुल प्रशासन द्वारा मॉक अभ्यास में उपस्थित सभी टीमों की ब्रीफिंग की गई। जिसमें कुछ सुझाव एवं कमियों पर चर्चा की गई व उनके द्वारा निर्देश दिया गया कि तहसीलों में एवं विभागों में उपलब्ध उपकरणों की क्रियाशीलता की समय-समय पर जांच की जाए तथा 15 दिवस में एक बार समस्त तहसीलों सम्बंधित विभागों के साथ एक रिफ्रेश मीटिंग/वर्चुअल बैठक करें।

## डीएम ने की सीएम ग्राम सम्पर्क योजना की समीक्षा




शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के अंतर्गत प्रस्तावित सड़कों के चयन के सम्बन्ध में एक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में सड़क निर्माण से जुड़े अधिकारियों के साथ सम्पन्न हुए।

बैठक में अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग पंकज कुमार ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जनपद के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रो में रहने वाली 250 से अधिक जनसंख्या वाली ऐसी बसावटें जो मुख्य मोटर मार्ग से 1.50 किमी. पैदल दूरी के अन्तर्गत होने के कारण पीएमजी एसवाई के प्राविधानों के अनुसार संयोजित है, तथा 250 एवं इससे कम आबादी वाले सभी असंयोजित बसावटों को चरणबद्ध रूप से बारहमासी एकल सम्पर्कता प्रदान करना योजना का लक्ष्य है।

बसावटों को सम्पर्कता प्राप्त होने पर ग्रामीण जनता को शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि विपणन, पर्यटन, आपदा, विधि व्यवस्था एवं अन्य आर्थिक और सामाजिक सेवाओं की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के चयन हेतु प्राविधान होगें। जिनमें डाटा बेस के अनुसार 250 एवं 250 से कम की आबादी वाले असंयोजित बसावटों को बारहमासी एकल सम्पर्कता प्रदान की जायेगी।

विभागीय डाटाबेस के इतर कोर नेटवर्क की 250 से अधिक जनसंख्या वाली ऐसी बसावटें जो मुख्य मोटर मार्ग से 1.50 किमी. पैदल दूरी के अन्तर्गत होने के कारण पीएमजीएसवाई के प्राविधानों के अनुसार संयोजित मानी गई है उन्हें इस योजना में ग्राम सभा के मांग प्रस्ताव पर जिला स्तरीय चयन समिति की संस्तुति के आधार पर सम्मिलित किया जा सकेगा।

ऐसे मार्ग जो पूर्व में निर्मित है, तथा ग्राम सभा की सम्पत्ति है, परन्तु बारहमासी मार्गों की श्रेणी में नही आते है, उन मोटर मार्गों का उन्नयन, मार्ग के स्वामित्व को ग्रामीण निर्माण विभाग को हस्तागत करने के उपरान्त, इस योजना के तहत प्राथमिकता सूची के आधार पर किया जा सकेगा।

बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकासखंड बेरीनाग के ग्राम जगथली के हलिया जोय मोटर मार्ग से ग्राम पंचायत जगथली तक मोटर मार्ग का निर्माण, विकासखंड विन में चंडाक चमाली मोटर मार्ग से झड़ती बैंड से किनीगाड़ मोटर मार्ग का निर्माण, विकासखंड मूनाकोट में मुख्य सड़क से बस्ती भतुल्ला तक मोटर मार्ग, विकासखंड गंगोलीहाट में सिमतला गौरा देवी मन्दिर से सिमतला पुलई तक मोटर मार्ग एवं गंगोलीहाट नगर मुख्यालय से पठक्यूंडा ख्रभूलयुडा गांव तक मोटर मार्ग का निर्माण किया जाने के निर्देश भी दिए।

बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए आशीष पुनेठा, अधिशाषी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग पंकज कुमार, सहायक अभियंता चूक आदि अधिकारी उपस्थित रही।

## मायावती के धर्मार्थ चिकित्सालय में नेत्र शिविर दो जून से

शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** अद्वैत आश्रम मायावती के धर्मार्थ चिकित्सालय में लगातार विशेष चिकित्सा शिविरों की श्रृंखला जारी है। इस दफा दो से छह जून तक यहां विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसके लिए नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. तुषारकांति हाजरा, डा. कौशिक बसु, डा. श्यामा पद विश्वास, डा. सोमनाथ मंडल सभी विशेषज्ञों की टीम यहां आ रही है जो आंखों के विभिन्न रोगों का उपचार एवं ऑपरेशन करेगी।

आश्रम के अध्यक्ष एवं चिकित्सा प्रभारी स्वामी सुधीदानंद महाराज एवं स्वामी एकदेवानंद महाराज के अनुसार यह चिकित्सा दल अपने पेशे में इतने माहिर हैं कि यह यहां विशेष रूप से परमार्थ के लिए समय निकाल कर आए हुए हैं।

## सरकारी राशन के नमक में निकले पत्थर

- जिला पूर्ति अधिकारी ने दिए जांच के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** सरकारी राशन की दुकानों से वितरित किए जा रहे नमक की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठे हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि नमक में गंदगी के साथ-साथ छोटे-छोटे पत्थर भी पाए गए हैं, जिससे न सिर्फ भोजन की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है बल्कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडराने लगा है।

सरकार द्वारा आम जनता को राहत देने के उद्देश्य से सरकारी राशन की दुकानों पर अब नमक का भी वितरण किया जा रहा है, लेकिन रामनगर क्षेत्र के कई उपभोक्ताओं ने इस नमक की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए हैं, स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि उन्हें जो नमक वितरित किया गया है, उसमें न केवल अशुद्धियां हैं बल्कि नमक के साथ छोटे-बड़े पत्थर भी पैकेट में मौजूद हैं,इससे न केवल उनका भोजन बेस्वाद हो गया है, बल्कि स्वास्थ्य जोखिम भी बढ़ गए हैं।

इस गंभीर मामले की शिकायतें सामने आने के बाद शुक्रवार को जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार रामनगर पहुंचे, उन्होंने नमक की गुणवत्ता को लेकर मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लिया और तत्काल जांच के आदेश जारी किए.इस जांच की जिम्मेदारी रामनगर के पूर्ति निरीक्षक दीप चंद्र बेलवाल को सौंपी गई है। वहीं राशन डीलर मुकेश छिम्वाल ने कहा हमें खुद भी जानकारी नहीं थी कि नमक की गुणवत्ता इतनी खराब होगी,जैसे ही उपभोक्ताओं की शिकायतें मिलीं, हमने तुरंत प्रशासन को अवगत कराया, हमारी भी यही मांग है कि इस पर सख्त कार्रवाई हो,दोषी पाए जाने वाले दुकानों पर कार्रवाई की चेतावनी देते हुए जिला पूर्ति अधिकारी ने यह भी कहा कि जिन दुकानों में इस तरह का निम्न गुणवत्ता वाला नमक पाया गया है, वह तुरंत उसे गोदाम में वापस करें. साथ ही उन्होंने सभी सरकारी राशन दुकानों का निरीक्षण कराने की भी घोषणा की है। वहीं दूसरी ओर राशन डीलरों और प्रशासन के बीच ई-पॉश मशीन को लेकर विवाद भी लगातार गहराता जा रहा है, राशन डीलरों ने सरकार पर दो. हरी नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए मशीनों को न लेने का ऐलान कर दिया था। उनका कहना था कि जब तक उनकी लंबित भुगतान और मानदेय की समस्या का समाधान नहीं किया जाता है तब तक वे मशीनें नहीं लेंगे। इस मसले पर डीलरों ने सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी भी दी थी। हालांकि, शुक्रवार को आईएफसी के गोदाम में डीलरों को ई-पॉश मशीनें वितरित की गईं।

## घर में बेटी का जन्म भाग्य से नहीं सौभाग्य से होता है: प्रकाश तिवारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत ।** घर में बेटी का जन्म भाग्य से नहीं सौभाग्य से होता है, जो घर में श्री और लक्ष्मी बनकर आती है तथा उसे घर को सुख, शांति व समृद्धि से भरपूर करने के बाद दूसरे घर में जाने पर उसे भी समृद्ध बना देती है। यह बात महिला बाल विकास विभाग द्वारा तल्लादेश के मंच में बरदौली गांव में आयोजित महिला स्वास्थ्य, गोद भराई, अन्नप्राशन, बालिका जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा मां बनने के बाद ही महिला में ईश्वर ममता का ऐसा भाव उसमें भर देते हैं जिससे उसकी सारी खुशियां बच्चे पर केंद्रित हो जाती है। महिला ही परिवार की धुरी होती है। परिवार की समृद्धि के लिए महिला का स्वस्थ और खुश रहना आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि जिस घर में महिला प्रसन्न रहती है वह घर धरती में स्वर्ग के समान होता है। उन्होंने 16 संस्कारों से बच्चों का पालन पोषण करने पर जोर दिया।

## कुमाऊं क्षेत्र के पहले सामुदायिक रेडियो स्टेशन 'पंचशूल पल्स' का हुआ उद्घाटन




शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** रणनीतिक संचार, सांस्कृतिक संरक्षण और जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल अनिन्द्या सेन गुप्ता, PVSM, UYSM, AVSM, YSM, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, सेंट्रल कमांड, जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव एवं आर्मी पब्लिक स्कूल की तीन छात्राओं ने कुमाऊं क्षेत्र के पहले सामुदायिक रेडियो स्टेशन 'पंचशूल पल्स' 88.4 FM का आर्मी पब्लिक स्कूल पिथौरागढ़ से उद्घाटन किया।

स्टेशन के उद्घाटन के अवसर पर जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने इस पहल के लिए सेना के प्रयासों की सरहना की, उन्होंने कहा कि यह रेडियो स्टेशन अग्रिम क्षेत्र पिथौरागढ़ में स्थित श्पंचशूल पल्सश भारतीय सेना की एक अग्रणी पहल है, जिसका उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों की आवाज बनना तथा सोर घाटी की स्थानीय विशेषताएं, संस्कृति, गायन, वादन आदि को बढ़ावा देने के साथ ही, सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार करने एवं जनसमस्याओं पर चर्चा करना है।

इसके अतिरिक्त यह रेडियो स्टेशन पर्यटकों को मौसम व सड़कों की स्थिति की जानकारी देगा तथा स्थानीय नागरिकों तक सही और ताजा सूचनाएं पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि यह सामुदायिक रेडियो स्टेशन सेना, सिविल प्रशासन और एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) के पास स्थित दूरस्थ गांवों के नागरिकों के बीच संचार का एक सशक्त माध्यम बनेगा तथा स्थानीय भाषाओं और बोलियों में प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से पिथौरागढ़ के कलाकारों एवं छिपी हुई प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच मिलेगा ।

पंचशूल पर्वत श्रृंखला की पृष्ठभूमि में बसे इस रेडियो स्टेशन का नाम उस दृढ़ता और जड़ता का प्रतीक है, जो इस सीमावर्ती क्षेत्र की पहचान है। यह पहल भारत सरकार की 'वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम' के उद्देश्यों के अनुरूप है, जिसका लक्ष्य सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और जागरूकता को सुदृढ़ करना है। यह केवल समावेशी संचार की दिशा में एक कदम नहीं है, बल्कि सूचना सुरक्षा, युवाओं की भागीदारी और कुमाऊं की सांस्कृतिक आत्मा को संरक्षित करने का एक सशक्त माध्यम भी है। इस दौरान आर्मी के विभिन्न पदों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी हिस्सा लिया।

## दस मिनट योग ब्रेक करेंगे समस्त कार्मिक: डीएम




शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** 11वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों को मनाए जाने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में आयुष विभाग द्वारा जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर चंद्रकला भैसोड़ा के निर्देशन में ऑफिस योगा/चेयर योग का प्रदर्शन किया गया।जिसमें समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कार्मिकों को योग एवं प्राणायाम, ध्यान आदि अभ्यास कराए गए।

योग अनुदेशक रवि पाण्डे द्वारा चेयर योग का प्रदर्शन किया गया।जिलाधिकारी द्वारा सभी कार्मिकों को 11वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम अंतर्गत प्रतिदिन 10 मिनट का योग ब्रेक 1:30 पर किए जाने हेतु आदेशित किया गया।

जिलाधिकारी ने आयुर्वेद विभाग द्वारा जनपद में कराए जा रहे योग संबंधी कार्यक्रमों की सराहना की । इस दौरान अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी सदर वैभव काण्डपाल, मुख्य कोषाधिकारी लक्ष्मण सिंह टोलिया आदि जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आयुष विभाग से डा. बीपी जोशी नोडल अधिकारी, डा. हेमलता पायर, सह नोडल अधिकारी, डा. उषा बृजवासी भट्ट, कार्यक्रम प्रभारी अभय पटियाल उपस्थित रहे।

### एक नजर

## गर्जिया गांव में लगा पशुचिकित्सा शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** कनालीछीना विकासखंड के गर्जिया गांव में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के निर्देश पर पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान बीमार पशुओं का इलाज कर उन्हे दवाई दी गई।

पशुचिकित्सा अधिकारी डा. तुषार गुप्ता ने पशुपालको को एफएमडी और एलएसडी बीमारियों के बारे में जागरूक किया। साथ ही पशुपालकों को विभागीय योजनाओं एवं पशुधन बीमाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान पशुधन प्रसार अधिकारी अनिल उपाध्याय एंव ग्रामीण मौजूद रहे।

## यातायात नियमों के लिए किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** मुनस्यारी में पर्यटन सीजन के दृष्टिगत क्षेत्र के आमजन को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया। थानाध्यक्ष मुनस्यारी अनिल आर्या के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सरमोली गांव के स्थानीय लोगों को सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया।

इस दौरान टीम ने लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए वाहन को अधिक गति से न चलाने एवं नशे की अवस्था में वाहन न चलाने को लेकर जागरूक किया गया। साथ ही नशा मुक्त उत्तराखण्ड अभियान के तहत उन्हें अवैध भांग की खेती से दूर रहने की भी हिदायत दी गई।

## पुरानी रंजिश में मारपीट और तमंचा तानने का आरोप



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** भाजपा नेता शुभम उत्तम ने कुछ लोगों पर पुरानी रंजिश के तहत मारपीट करने और तमंचा तानने का आरोप लगाया है।

मोहल्ला बंबाघेर बाल्मिकी बस्ती निवासी भाजपा नेता शुभम उत्तम ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।भाजपा नेता शुभम उत्तम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ लोग उनसे पुरानी रंजिश रखते हैं। वह उनको घर से बुलाकर मोहल्ला खताडी बाल्मिकी बस्ती ले गए। उन्होंने बताया कि मोहल्ला खताडी में उनका एक दोस्त रजत रहता है। आरोपियों ने उसके दोस्त के सामने ही गाली गलौज करते हुए मारपीट की और तमंचा निकालकर उस पर तान दिया। पीड़ित ने बताया कि उसके दोस्त रजत और उसके परिजनों ने आरोपियों से बचाया। उसके बाद वह कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने बताया कि कुछ महीने पहले एक आरोपी तमंचे के साथ पकड़ा गया था और पुलिस ने उसे जेल भेजा था। यह लोग शातिर किस्म के अपराधी हैं और उसके साथ कभी भी कोई बड़ी घटना कर सकते हैं। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर पर मामले की जांच की जा रही है।

## बाबा विश्वनाथ मां जगदीशीला डोली रथ यात्रा का किया भव्य स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** पूर्व काबिना मंत्री एवं बाबा विश्वनाथ मां जगदीशीला डोली



रथ यात्रा के मुख्य संयोजक मंत्री प्रसाद नैथानी के नेतृत्व में डोली यात्रा का लड़ीधुरा मंदिर में पहुंचने पर उनका ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष नागेंद्र जोशी, रमेश चंद जोशी, चिराग फर्त्याल, लोकेश पांडे, भुवन चौबे, भागीरथ भट्ट, कमल कालाकोटी समेत बाराकोट, पमदा आदि गांव के लोगों ने भव्य स्वागत किया। डोली रथ यात्रा के साथ लगभग दो दर्जन लोग साथ चल रहे हैं, जिसमें श्री नैथानी की धर्मपत्नी रोशनी देवी समेत रवि नेगी, मनोज राणा, घनलाल, श्यामलाल, सचिन रावत आदि लोग शामिल हैं। लड़ीधुरा मंदिर कमेटी द्वारा यहां भंडारा भी आयोजित किया गया। जिसमें सभी लोगों ने प्रसाद स्वरूप भोजन ग्रहण किया। डोली रथ यात्रा आज विश्राम के लिए पवित्र मानेसर धाम के लिए रवाना हो गई है। कांग्रेस के युवा नेता एवं डोली यात्रा के स्थानीय संयोजक चिराग फरत्याल के अनुसार 24 मई को सुबह युवाओं की मैराथन दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसमें उन्होंने सभी युवाओं से भाग लेने की अपील की है साथ ही उन्होंने डोली यात्रा का स्थान स्थान पर किए जाने वाले स्वागत कार्यक्रम में भी लोगों से शामिल होने की अपील की है।

## ग्रामीण ने पेश की ईमानदारी की मिसाल, विधायक ने की सराहना

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** क्षेत्र के ग्राम भगवतंपुर निवासी एक व्यक्ति ने अटूट इंसा. नियत की मिसाल पेश कर आज के नए समाज को इंसानियत का आईना दिखाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते रोज झूले खत्तै निवासी एक गरीब महिला प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त बैंक से निकलना आई थी पैसे निकालने के बाद महिला जसपुर बाजार किसी काम से गई थी जहां से लोटते समय पतरामपुर बाईपास पर महिला का महिला का पैसों से भरा थैला गिर गया जिसमें महिला के जरूरी डॉक्यूमेंट और बैंक से निकलेष्60हजार भी थे घर पहुंचने पर थैला नहीं मिलने पर महिला के घर में गमगीन माहौल बन गया काफी ढूंढने पर भी थैला नहीं मिला।

रुपए से भरा थैला भगवतंपुर गांव निवासी ईमानदार युवक रोशन सिंह को रास्ते में पड़ा मिला जिसकी तलाश करने पर कागजों में से महिला का मोबाइल नंबर रोशन सिंह को मिला आज सुबह रोशन सिंह ने पतरामपुर पुलिस चौकी पहुंचकर उक्त विषय के बारे में पतरामपुर चौकी इंचार्ज से बात की चौकी इंचार्ज ने आसपास पता लगाकर महिला को चौकी बुलाया और जरूरी जानकारी लेने के पश्चात थेला वह रुपए वापस कर इंसानियत की मिसाल पेश की उनके इस कृत्य की पूरे क्षेत्र में भूरी भूरी प्रशंसा हो रही है रुपया मिलने पर महिला और परिवार के चेहरे खिल गए और उन्होंने रोशन सिंह और संबंधित चौकी इंचार्ज का धन्यवाद किया रोशन सिंह के इस कृत्य की पूरे क्षेत्र व नगर में प्रशंसा की जा रही है मामले का पता क्षेत्रीय विधायक आद.ेश चौहान को भी पता चला उन्होंने फोन कर रोशन सिंह को उनके नेक कार्य के लिए सहाराना की।

## सुनने की गंभीर समस्या के साथ जी रहे हैं हजारों लोग: तिवारी

- मीरा स्पीच एंड हियरिंग वाइडएक्स साउंड सेंटर का शुभारंभ




शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर/हल्द्वानी।** वाइडएक्स इंडिया ने आज बड़े गर्व के साथ उत्तराखंड के हल्द्वानी में अपने नए उद्यम - मीरा स्पीच एंड हियरिंग वाइडएक्स साउंड सेंटर का उद्घाटन किया है, जो भारत में हियरिंग केयर को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े बताते हैं कि, भारत में अनुमानित तौर पर 63 मिलियन लोग सुनने की गंभीर समस्या के साथ जी रहे हैं। इससे यह जाहिर होता है कि देश में हियरिंग हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर और सेवाओं का जल्द-से-जल्द उपलब्ध होना बेहद जरूरी है।

वाइडएक्स का यह नया साउंड सेंटर इस प्रदेश में हियरिंग केयर के क्षेत्र में एक बड़ी छलांग को दर्शाता है, जहां अत्याधुनिक तकनीक तथा निजी जरूरतों के अनुरूप सेवाओं के अलावा सुनने एवं बोलने की अलग-अलग तरह की समस्याओं से पीड़ित लोगों के लिए उन्नत समाधान उपलब्ध है। प्योरसाउंड (PureSound™) वाइडएक्स की पेशकश का सबसे अहम हिस्सा है, जो इस इंडस्ट्री को नई राह दिखाने वाला इनोवेशन है, जिसे आवाज को कुदरती तौर पर, और बिना किसी बदलाव के लोगों के कानों तक पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है।

वाइडएक्स उसके हियरिंग एड में प्योरसाउंड (PureSound) तकनीक मौजूद होती है, जिससे वे उपयोगकर्ता के माहौल के अनुसार लगातार अनुकूलित होते रहते हैं, इस तरह उन्हें सुनने का सहज एवं व्यक्तिगत अनुभव प्राप्त होता है।

मीरा स्पीच एंड हियरिंग वाइडएक्स साउंड सेंटर की स्थापना साल 2012 में हुई थी, जो एक दशक से भी ज़्यादा समय से ऑडियोलॉजी और स्पीच केयर में एक भरोसेमंद नाम रहा है।

वाइडएक्स के साथ मिलकर, इस केंद्र ने 2,000 से अधिक लोगों को विशेषज्ञ जांच, सुनने संबंधी समस्याओं के समाधान और बाद की देखभाल उपलब्ध कराकर उनकी जिंदगी बदलने में मदद की है। इस मौके पर मीरा स्पीच एंड हियरिंग के मैनेजिंग डायरेक्टर रंजीत तिवारी ने कहा हमारा मिशन हमेशा से यही रहा है कि सुनने और बोलते संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे लोगों को टेक्नोलॉजी पर आधारित और निजी जरूरत के अनुरूप देखभाल उपलब्ध कराई जाए।

नवजात शिशुओं की हियरिंग स्क्रीनिंग एवं टिनिटस थेरेपी से लेकर वर्टिगो मैनेजमेंट और स्पीच-लैंग्वेज इंटरवेंशन जैसी सेवाओं के साथ, हम आवाज के माध्यम से लोगों को सक्षम बनाने के अपने संकल्प पर कायम हैं।

## बेदखली की कार्रवाई पर तत्काल लगे रोक: उप्रेती



- वन विभाग ने हाईकोर्ट में सुनवाई की प्रक्रिया को पूरा किए बगैर ही की गैर-कानूनी कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** संयुक्त संघर्ष समिति ने वन विभाग द्वारा तुमड़िया खत्ता व कुमगडार क्षेत्र में वन गूजरों के खिलाफ की जा रही बेदखली की कार्रवाई को गैर-कानूनी बताते हुए बताते हुए इसे तत्काल रोके जाने की मांग की है।

शुक्रवार को समिति के संयोजक ललित उप्रेती ने कहा कि कंजरवेटर हल्द्वानी द्वारा वन गूजरों के मामले में सुनवाई करते हुए 11 मई को बेदखली के आदेश पारित किए गए थे। इस आदेश को वन गूजरों द्वारा हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है, जिसकी सुनवाई के लिए 11 जून की तिथि लगी है। वन विभाग में हाईकोर्ट में सुनवाई की प्रक्रिया को पूरा किए बगैर ही वन गूजरों की खेती योग्य भूमि को भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर गैर कानूनी तरीके से अपने कब्जे में ले लिया है। वन विभाग की ये कार्रवाई सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन है जिसमें कहा गया है कि किसी को भी बेदखल करने से पूर्व उसे 15 दिन का समय दिया जाना अनिवार्य है। वन पंचायत संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष तरुण जोशी ने कहा कि तुमड़िया खत्ता में वनाधिकार कानून 2006 के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा ग्राम स्तरीय वन समिति का गठन किया जा चुका है। सर्वोच्च न्यायलय ने वन अधिकार कानून के दायरे में आने वाले लोगों को बेदखल किए जाने पर रोक लगाई हुई है। उन्होंने बताया कि 22 मई को दिन में 11 बजे हाईकोर्ट ने वन गूजरों के मामले की सुनवाई के लिए 2 बजे का वक्त निर्धारित किया था और इस दौरान सरकारी वकील को बेदखली की कार्रवाई रोकने का मौखिक आद.ेश दिया था।

सरकारी वकील द्वारा इसकी सूचना रामनगर डीएफओ को फोन पर दी गई थी इसके बावजूद भी वन विभाग ने हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना करते हुए बेदखली की कार्रवाई को जारी रखा। वन गूजर नेता मोहम्मद शफी ने कहा कि वन भूमि पर इस क्षेत्र में हजारों लोग खेती कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार सरकार चुन चुन कर मुस्लिम वन गूजरों को निशाना बना रही है जो कि देश के संविधान और स्थापित कानून का उल्लंघन है। माजवादी लोक मंच के संयोजक मुनीष कुमार ने कहा कि वन विभाग पूरी तरह तानाशाही पर उतर गया है वह न तो सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट का आदेश मानता है और न ही वह कंजरवेटर के आदेश का अनुपालन कर रहा है। वन विभाग और भाजपा सरकार की तानाशाही के खिलाफ जनता का संघर्ष जारी रहेगा।

## बीजेपी सरकार का समस्याओं से नहीं कोई सरोकार: आर्य

### बीजेपी सरकार का ये सत्य है नाम बदलो, ध्यान भटकाओ, असली मुद्दों से भाग जाओ!

- क्या नाम बदलने से मिलेगा बेरोजगारों को रोजगार
- तीन वर्ष का कार्यकाल बीत चुका है, विकास का काम कब होगा शुरू
- भाजपा प्रदेश के हालात बदलने वाली सरकार नहीं बल्कि नाम बदलने वाली चला रही सरकार
- बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम थी



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि राजीव गांधी इंटरनेशनल और इंदिरा गांधी इंटरनेशनल समेत विभिन्न खेल स्टेडियम का नाम परिवर्तन संकीर्ण राजनीति का प्रतीक है। नामों को बदलने की प्रवृति गवरनेन्स नहीं बल्कि द्वेष और भेदभाव के आधार पर अपनी विफलताओं पर पर्दा डालने की अति चिन्तनीय संकीर्ण राजनीति है।

कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि बीजेपी सरकार का जनता की समस्या से कोई सरोकार नहीं है और आज सिर्फ नाम बदलने को ही प्रदेश का विकास समझ लिया है। भाजपा सरकार को समझना चाहिए नाम बदलने से काम नहीं बदलता। नाम बदलने से विकास की धारा बदल जायेगी। सत्य ये है की नाम बदलो, ध्यान भटकाओ, असली मुद्दों से भाग जाओ! उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को नाम और काम का अंतर सीखना चाहिए। तीन वर्ष का कार्यकाल बीत चुका है, विकास का काम कब शुरू होगा। जमीन पर कोई ठोस काम नहीं दिखा सकते, केवल भ्रम और प्रचार करते हैं। कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि भाजपा प्रदेश के हालात बदलने वाली सरकार नहीं बल्कि नाम बदलने वाली सरकार चला रही है क्योंकि भाजपा के लिए ये नया नहीं है देश की यूपीए सरकार के समय की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं जिसमे प्रधानमंत्री जन धन योजना यूपीए की मूल बचत बैंक जमा खाता थी। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम थी। दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना राजीव ग्रामीण विद्युतीकरण योजना थी।

कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण मिशन थी। यहां तक कि नरेन्द्र मोदी का प्रमुख कार्यक्रम "मेक इन इंडिया" भी नए नाम के तहत राष्ट्रीय विनिर्माण नीति (एनएमपी) था। कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि डिजिटल इंडिया पहले की राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना थी, स्किल इंडिया राष्ट्रीय कौशल विकास कार्यक्रम थी। मिशन इंद्रधनुष सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम था और पहले एलपीजी के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण था। भाजपा के पास विभिन्न मुद्दों पर जनता को गुमराह करने के सिवा उन्हें देने के लिए कुछ नहीं है।

कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि सवाल ये है की नाम बदलने से क्या बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा? महंगाई कम हो जाएगी ? सड़क, बिजली, शिक्षा, पेयजल, सिंचाई और स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हो जाएगी।

## रूद्रपुर में वार्ड की अनदेखी पर भड़के पार्षद पति

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 31 में विकास कार्यों की अनदेखी को लेकर पार्षद पति सचिन मुंजाल का आक्रोश फूट पड़ा है। उन्होंने नगर निगम प्रशासन पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्य नहीं शुरू हुए, तो आंदोलन किया जाएगा।

सचिन मुंजाल ने सोशल मीडिया और विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों पर नगर निगम की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा, "मैंने नगर निगम के ग्रुप में वार्ड में हो रही उपेक्षा को लेकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। यदि सुनवाई नहीं हुई तो मैं सख्त कदम उठाने को मजबूर हो जाऊंगा। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम के कर्मचारी वार्ड में दोपहर के समय कोई काम नहीं करते। "आपकी नजर में कर्मचारी ड्यूटी पर हैं, लेकिन वार्ड में कुछ होता नहीं है। कोई टीम भेजकर सर्वे करवा लें, हालात खुद बयां कर देंगे," उन्होंने मेयर को संबोधित करते हुए कहा। मुन्जाल ने नालियों की साफ-सफाई, सड़कों पर झाड़ू न लगने और स्ट्रीट लाइट खराब होने जैसे मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा, "लाइट ठीक करवाने की कई बार मांग की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वार्डवासियों की नजर में हम जिम्मेदार ठहराए जाते हैं, जबकि नगर निगम मौन है। उन्होंने सवाल किया कि क्या वार्ड 31 को जानबूझकर विकास से वंचित किया जा रहा है। "यदि किसी ने वार्ड में कार्य न करने का आदेश दिया है, तो उसकी पुष्टि की जाए।" उन्होंने इस मामले में नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल से हस्तक्षेप की मांग भी की है।

# 24 घंटे के भीतर खोले जाएं हल्द्वानी व देहरादून के स्टेडियम

## हाईकोर्ट ने उत्तराखंड क्रिकेट बोर्ड में हुई करोड़ों की अनियमितता पर अपनाया कड़ा रुख

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने उत्तराखंड क्रिकेट बोर्ड में हुई करोड़ों रूपये की अनियमत्ताओं के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ती राक.ेश थपलियाल की एकलपीठ ने सचिव खेल से कहा है कि 24 घण्टे के भीतर हल्द्वानी व देहरादून के स्पोर्ट स्टेडियम को खोलें ताकि खिलाड़ियों को प्राईवेट स्टेडियम में न जाना पड़े। दोनों स्टेडियम सुबह 6 बजे से लेकर शाम 8 बजे तक खुले रहने चाहिए ताकि स्पोर्ट पर्सन वहां पर अपनी रेग.



ुलर प्रैक्टिस कर सके। कोर्ट ने स्पोर्ट सचिव अमित सिन्हा से यह भी कहा कि आप राज्य सरकार के सामने यह भी समस्या रखें कि मैदानी क्षेत्रों के अलावा पहाड़ी क्षेत्रों में भी छोटे छोटे बच्चों के शारीरिक विकास के लिए स्टेडियम बनाए। प्रदेश के कई प्रतिभावान खिलाड़ी साधन नही होने की वजह से वंचित हैं, जो साधन उपलब्ध है उन पर ताला लगा हुआ है इसलिए इसे तुरंत खोला जाय। कोर्ट ने स्पोर्ट एसोसिएशन से यह भी कहा है कि जो भी खेल आप करना चाहते हैं। उसकी लिस्ट सचिव खेल को दें। सचिव खेल उस पर निर्णय लेकर स्टेडियम को मुहैया कराएगा। स्टेडियम के कार्यकर्ता उसकी देखभाल में होने वाले खर्चे को वसूल करें, साथ में एसोसिएशन से यह भी अनुबंध करें कि जो नुकसान खेल के दौरान मैदान को होता है उसकी भरपाई खेल कराने वाली संस्था से वसूल करें। कोर्ट ने यह भी कहा कि हर खेल का कोच मैदान में होना चाहिए। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान खेल सचिव अमित सिन्हा कोर्ट के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। उनके द्वारा कोर्ट के सामने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कोर्ट के आदेश पर कल तक स्पोर्ट्स पर्सन के लिए दोनों स्टेडियम खोल दिये जाएंगे। ताकि उन्हें बाहरी स्टेडियमों का रुख न करना पड़े। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई हेतु जुलाई प्रथम सप्ताह की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार देहरादून निवासी संजय रावत ने याचिका दायर कर कहा है कि उत्तराखण्ड क्रिकेट एसोसिएशन में क्रिकेट कराने के लिए सरकारी धन करीब 12 करोड़ों का दुरुपयोग किया है। जो सुविधा खिलाड़ी को मिलनी चाहिए थी वह उसे नहीं मिली। एसोसिएशन ने खिलाडी के पेट केलों से भर दिया। केलों का जो बिल दिखाया गया 35 लाख का था। यही नही एसोसिएशन ने उनके खाने के नाम पर करोड़ों रूपये का घोटाला किया है जबकि उस हिसाब से खेल हुए ही नही। इसलिए इसकी जांच कराई जाय। अभी तक 12 करोड़ रुपये का दुरुपयोग एसोसिएशन के द्वारा किया गया है। उसकी ऑडिट रिपोर्ट आ चुकी है।

### चयन प्रक्रिया को 6 माह में पूरा कर लिया जाए

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की चयन प्रक्रिया आगामी 6 माह में पूरी करने के निर्देश राज्य अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) को दिये हैं। इस प्रकरण को देहरादून निवासी रविकांत गर्ग की ओर से चुनौती दी गयी है। साथ ही मुख्य न्यायाधीश जी. नरेन्दर और न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता शंकर अग्रवाल की ओर से बताया गया कि प्रदेश उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष का पद लगभग एक साल से रिक्त चला आ रहा है। आयोग के न्यायिक सदस्य को अध्यक्ष का प्रभार सौंपा गया है। आगे कहा गया कि न्यायिक (ज्यूडिशियल) सदस्य का कार्यकाल भी आगामी 3 जुलाई 2025 वीरवार को खत्म हो जायेगा। इससे आयोग के अस्तित्व को खतरा हो सकता है। यह भी कहा गया कि प्रावधान है कि आयोग फोरम में ज्यूडिशियल सदस्य का होना आवश्यक है। बिना ज्यूडिशियल सदस्यों के फोरम काम नहीं कर सकता है। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से खंडपीठ को बताया गया कि यूकेएसएसएससी को अध्याचन भेजा गया है और आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों समेत कुल 24 पदों के लिये चयन प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया है। अंत में अदालत ने सुनवाई के बाद यूकेएसएसएससी को निर्देश दिये कि वह आयोग के अध्यक्ष समेत सभी 24 पदों के लिये चयन प्रक्रिया उच्चतम न्यायालय के 21 मई 2025 के निर्णय के आलोक में 06 माह में प्रक्रिया पूरी करें।

### अवैध खनन पर रोक लगवाएं एसएसपी उधमसिंह नगर

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने ऊधमसिंह नगर की बाजपुर तहसील के मनकी घाट गौ घाट में बिना किसी अनुमति के रात के अंधेरे में कई जगहों में हो रही अवैध खनन को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खण्डपीठ ने खनन अधिकारी उधमसिंह नगर व एसएसपी उधमसिंह नगर से तत्काल प्रभाव से अवैध खनन पर रोक लगाने के निर्देश जारी करने के साथ ही खनन में लिप्त वाहनों को जब्त करने को कहा है। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 6 जून शुक्रवार की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार सुबेग सिंह व अन्य ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि उधमसिंह नगर की बाजपुर तहसील में माफियाओं द्वारा रात के अंधेरे में आरक्षित वन क्षेत्र कोसी नदी में बिना किसी की अनुमति लिए रात में कोसी नदी में अवैध खनन किया जा रहा जब वन विभाग की टीम द्वारा इन्हें रोकने गई तो खनन माफियाओं ने उनपर भी हमला कर दिया। खनन माफियाओं के खिलाफ वन विभाग द्वारा थाना रामनगर में मुकदमा दर्ज कराया गया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि अगर कोसी नदी में अवैध खनन पर रोक नहीं लगाई गई तो वर्षा काल के दौरान क्षेत्र से लगते हुए गांवों को खतरा उत्पन्न हों सकता है। उनकी फसल व खेत बह सकते हैं। इसलिए इसपर रोक लगाई जाय और अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही की जाय। पूरा तराई का क्षेत्र अभी अवैध खनन करने वालो की जद में है, इस पर शीघ्र रोक लगाई जाए।

### कॉलेज प्रबंधक को नोटिस, जवाब तलब

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने नैनीताल जिले के पीरूमदारा में किसान इंटर कालेज में प्रबंधक के द्वारा व्यवसायिक दुकानें बनाए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ती आलोक महरा की खण्डपीठ ने राज्य सरकार सहित कालेज प्रबंधक को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई जून दूसरे सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार पिरूमदारा निवासी ओम प्रकाश सैनी ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि किसान इंटर कालेज का प्रबंधक के द्वारा स्कूल की भूमि पर व्यवसायिक निर्माण कार्य करके दुकानों को लीज पर दिया जा रहा है जबकि शिक्षा नियमावली के तहत शिक्षण संस्थानों में व्यवसायिक निर्माण कार्य प्रतिबंधित है। स्कूल पूर्ण रूप से सरकारी फंड से चलता है। प्रबंधक के द्वारा इसके लिए कोई सरकार से अनुमति तक नही ली गई है। निर्माण कार्य होने के कारण वहां पढ़ने वाले छात्रों की शिक्षण में व्यवधान उतपन्न हो रहा है। इसलिए इसपर रोक लगाई जाय और शिक्षण के दौरान छात्रों को किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## एक नजर

### बाबा की मजार पर चढ़ाई गई चादर

**अल्मोड़ा।** कौमी एकता का प्रतीक रानीखेत का उर्स समारोह जारी रहा है। नगरवासियों की तरफ से गुरुवार देर शाम सामूहिक रूप से हजरत कालू सैयद बाबा की मजार पर चादर चढ़ाई गई। बाबा की मजार पर मत्था टेकने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। गुलजार मंजिल में तकरीर के बाद गाजेबाजे के साथ चादर लाई गई, जिसे बाद में बाबा की मजार पर चढ़ाया गया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा व राज्य महिला आयोग की पूर्व उपाध्यक्ष ज्योति साह मिश्रा सहित समस्त क्षेत्रीय जनता ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ख़ादिम मो. मोहसिन ने बताया कि चादर चढ़ाने के बाद देश-प्रदेश व रानीखेत में अमन-चैन, देश में खुशहाली व आपसी भाईचारे व सद्भावना की दुआ मांगी। कार्यक्रम में चिलियानौला नगरपालिका अध्यक्ष अरुण रावत, त्रिभुवन शर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रचना रावत, निवर्तमान व्यापार मंडल महिला उपाध्यक्ष, नेहा माहरा, पार्वती रावत, कुलदीप कुमार, कमलेश बोरा, गोपाल सिंह देव, अजय कुमार बबली, हेमंत बिष्ट, चंदन बिष्ट, सोनू सिद्दकी, विनीत चौरसिया, हिमांशु नैनवाल आदि रहे।

### 'वन नेशन वन इलेक्शन' पर भेजे सुझाव

**काशीपुर।** केजीसीसीआई अध्यक्ष अशोक बंसल द्वारा अवगत कराया गया है कि केजीसीसीआई द्वारा 'एक देश-एक चुनाव' संयुक्त संसदीय समिति को पत्र के माध्यम से सुझाव प्रेषित किए गए हैं। श्री बंसल द्वारा संयुक्त संसदीय समिति को दिए गए सुझावों में बार-बार चुनावों के कारण आचार संहिता लागू हो जाती है, जिससे सरकारी स्वीकृतियां, निर्माण कार्य और अन्य विकास परियोजनाएं बाधित होती हैं। एक साथ चुनाव होने से इन बाधाओं में कमी आएगी और परियोजनाएं समय पर पूरी हो सकेंगी। बार-बार चुनावी खर्च और प्रशासनिक संसाधनों की बचत होगी। चुनावों की अनिश्चितता के कारण निवेशकों में असमंजस रहता है। एक साथ चुनाव होने से पांच वर्षों तक नीतिगत स्थिरता रहेगी, जिससे निवेश, विस्तार और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। एक साथ चुनाव होने से प्रशासनिक मशीनरी का ध्यान विकास कार्यों पर केंद्रित रहेगा, जिससे उद्योगों के साथ-साथ समाज के अन्य वर्गों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि केजीसीसीआई का मानना है कि 'वन नेशन वन इलेक्शन' के सफल क्रियान्वयन से उत्तराखण्ड सहित देशभर के उद्योगों को दीर्घकालिक लाभ मिलेंगे, जिससे राज्य और देश की आर्थिक प्रगति को बल मिलेगा।

### सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

**हल्द्वानी।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से नैनीताल पुलिस की और से शुक्रवार को एनसीसी कैंप रानीबाग में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक यातायात एवं एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक यातायात एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुआ। यातायात निरीक्षक हल्द्वानी शिवराज सिंह बिष्ट ने कैंप में मौजूद 500 एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नाबालिगों द्वारा वाहन न चलाने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन न चलाने, ओवर स्पीडिंग, दोपहिया वाहन में तीन सवारी, वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग, गलत दिशा में वाहन न चलाने सहित विभिन्न बिन्दुओ पर कडेट्स को जागरूक किया। साथ ही कैडेट्स को ट्रैफिक जूनियर फोर्स और गुड सेमेरिटन स्कीम के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा उत्तराखंड ट्रैफिक आई ऐप तथा उत्तराखंड पुलिस ऐप के लाभों व उनके उपयोग की प्रक्रिया से भी अवगत कराया।

### आदि कैलाश यात्रियों के दल का स्वागत

**नैनीताल।** पर्यटक आवास गृह डीडीहाट में आदि कैलाश यात्रा दल के द्वितीय दल के यात्रियों के पहुंचने पर आवास गृह के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों ने माला पहनाकर व जूस पिलाकर यात्रियों का स्वागत किया। यात्रियों ने कहा कि उनके ओम पर्वत व आदि कैलाश के दर्शन बहुत बढिया तरीके हुए साथ ही उन्होंने गुंजी में यादों के जंगल में पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक दिनेश गुरु रानी ने जो उन्हें हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई उसके तहत उन्होंने उच्च हिमालय क्षेत्र में कूड़े का भी निस्तारण किया और अब वह यात्रा पूरी करने के बाद अपने घर पर भी पौधारोपण करेंगे। उन्होंने निगम द्वारा दी गई व्यवस्थाओं की सराहना की। यात्रियों का स्वागत करने वाले में गाइड चंदन सिंह, मनोज कुमार, बलवंत सिंह, बबलू व गजेंद्र धामी उपस्थित रहे। यात्रा दल में 24 महिलाएं व चार पुरुष शामिल रहे।

### देर रात शराबी ने उड़ाई पुलिस की नींद

**नैनीतल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में देर रात एक शराबी ने पुलिस को बहुत छकाया। सुबह शराबी को परिजनों के सुपुर्द कर पुलिस ने चैन की सांस ली। जानकारी के अनुसार मल्लीताल के समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्र निवासी बालम सिंह शराब के नशे में रिक्शा स्टैंड में बेसुध पड़ा था। एक नाव चालक उसका मोबाइल उठाकर पुलिस के पास ले आया। परिजनों का फोन आने पर पुलिस ने बालम के नशे में होने की बात कही तो परिजन रात ही कोतवाली आ गए। पुलिस बेसुध पड़े शराबी व्यक्ति के पास गई लेकिन वहां व्यक्ति नहीं मिला। जिसके बाद पुलिस ने बाजारए डीएसए मैदान, ठंडी सड़क तथा झील किनारे व्यक्ति की खोजबीन की। लेकिन पूरी रात उसका पता नहीं चल पाया। सुबह खोजबीन के बाद व्यक्ति मल्लीताल बाजार में मिला। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि बालम सिंह को उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया है।

### दस वारंटी गिरफ्तार

**काशीपुर।** कुण्डा थाना व कोतवाली काशीपुर पुलिस ने वांछित दस वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना कुण्डा पुलिस द्वारा न्यायालय जसपुर के आदेश के अनुपालन मे कुल 07 वारंटियों अरशद अली पुत्र अलीम, आरिफ पुत्र रहमान, सलमान पुत्र जफर अली, शाजिद अली पुत्र खुर्शीद, सैफी उर्फ सैफू पुत्र अब्दुल, तैय्यब अली पुत्र छुट्टन, सद्दाम हुसैन पुत्र जफर अली निवास.गण ग्राम सरबरखेड़ा थाना कुण्डा जनपद उधम सिंह नगर धारा 147/148/323/506 भादवि में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र चौधरी, उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह व सुरेन्द्र सिंह, अ. उपनिरीक्षक राकेश सिंह बोहरा, कां. नरेश चौहान, गिरीश पाटनी, सुमित पंवार, धमेन्द्र भारती, हेमन्त कुमार, त्रिलोक सिंह व राजीव कुमार शामिल थे। उधर उधर कोतवाली काशीपुर पुलिस टीम द्वारा विभिन्न न्यायालयों से जारी गैर जमानतीय आदेशिकाओं के अनुपालन में तीन वारंटियों शाकिर उर्फ भोजपुरिया पुत्र अच्छन निवासी काली बस्ती अल्लीखां काशीपुर, अमन खान पुत्र नावेद खान निवासी मौहल्ला थानासाबिक काशीपुर तथा राजकुमार पुत्र हरि सिंह निवासी एस्कार्ट फार्म कुण्डेश्वरी काशीपुर को गिरफ्तार किया गया है।

# किसी भी प्रकार का फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं: एसएसपी

- फर्जी दस्तावेजों से रह रहे लोगों पर पुलिस का शिकंजा
- सत्यापन अभियान में खुल रहे कई चौंकाने वाले मामले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार नैनीताल जिले में चलाए जा रहे बृहद सत्यापन अभियान के तहत फर्जी दस्तावेजों और अवैध गतिविधियों



का खुला.सा तेजी से हो रहा है। अभियान के दौरान फर्जी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, फर्जी रजिस्ट्री जैसे संगीन मामलों की जानकारी सामने आने के बाद सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। यह बात एसएसपी पीएन मीणा ने प्रेस को जारी बयान में कहीं। एसएसपी बताया कि जिले की पुलिस प्रशासन ने इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए जांच प्रक्रिया को तेज कर दिया है। एक मामले में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा चुकी है, जबकि अन्य कई मामलों की गहन जांच प्रचलित है। अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि जल्द ही अन्य मामलों में भी मुकदमे दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को भी फर्जी दस्तावेजों या संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी हो, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। यह अभियान न केवल कानून व्यवस्था की मजबूती के लिए है, बल्कि सामाजिक सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। एसएसपी ने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार के फर्जीवाड़े को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर कानूनी शि.कंजा कसा जाएगा। उन्होंने कहा जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन सत्यता और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

### पुलिस ने मल्लीताल में सत्यापन अभियान चालाया

**नैनीताल।** मल्लीताल क्षेत्र में पुलिस की ओर से चलाए जा रहे सत्यापन अभियान के बाद भी लोग सत्यापन नहीं करा रहे हैं। किराएदारों के सत्यापन मिलने पर पुलिस ने मल्लीताल में तीन के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। बता दें कि नैनीताल में 12 वर्षीय किशोरी के साथ 72 वर्षीय व्यक्ति के द्वारा दुष्कर्म के मामले के बाद 30 अप्रैल को हुए बवाल हुआ था जिसके बाद पुलिस ने बृहद सत्यापन अभियान चला दिया है। लेकिन उसके बाद भी लोग पुलिस सत्यापन नहीं करा रहे हैं। शुक्रवार को भी पुलिस ने मल्लीताल में सत्यापन अभियान चालाया। जहां जांच कि दौरान दो मकान मालिकों ने अपने किराएदारों का सत्यापन नहीं कराया था। वहीं एक होटल में पर्यटक की आईडी नहीं ली थी। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि बिना सत्यापन किराएदार रखने पर चीना कम्पाउंड निवासी भगवती मेहरा एजुबली हाल निवासी शबनम परवीन व होटल में बिना दस्तावेज पर्यटकों को ठहराने पर आंनद प्रकाश के खिलाफ 83 पुलिस एक्ट में कार्रवाई की।

### कीटनाशक गटक लिया

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भवाली क्षेत्र में हुए घरेलू विवाद के चलते 28 वर्षीय महिला के कीटनाशक गटक लिया। वर्तमान में उसका राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में महिला का उपचार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार भवाली के समीपवर्ती गांव की रहने वाली महिला का किसी बात को लेकर पति से विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो महिला ने खेतों के लाया गया कीटनाशक गटक लिया। महिला की हालत बिगड़ने पर पति व अन्य परिजन उसे 108 से भवाली अस्पताल ले आए जहां से डाक्टरों ने महिला को बीडी पांडे अस्पताल रेफर कर दिया। राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में पहुंचने के बाद महिला का उपचार किया जा रहा है। अस्पताल में तैनात डा. देवांशु पुनेठा ने बताया कि महिला के पेट का जहर निकाल लिया है उन्हें चिकित्सकों के ऑब्जर्वेशन में रखा गया है।

# गाड़ी खाई में गिरने से तीन लोग हुए घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नैनीताल-भवाली मार्ग में बीति देर रात्रि कैलाखान के समीप वाहन के खाई में गिरने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस तथा दमकल और एसडीआरएफ ने रेस्क्यू कर 108 से घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां घायलों का उपचार कर हल्द्वनी रेफर कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक वीरवार की रात्रि एक बजे बोलेरो संख्या यूके 06 एएन 5421 भवाली से नैनीताल को आ रही थी। कैलाखान के समीप वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। राहगीरों की सूचना के बाद एएसआई सुनील कुमार के नेतृत्व में पुलिस समेत दमकल और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचे। टीम ने लगभग 100 मीटर गहरी खाई में उतरकर दो घंटे की मशक्कत के बाद वाहन में सवार चार लोगों को रेस्क्यू किया। इनमें मल्लीताल निवासी मनोजए आकाश व बेंगलूरू निवासी नितिन शामिल हैं। घायलों को 108 व पुलिस वाहन से राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल नैनीताल ले जाया गया। जहां उनकी प्राथमिक चिकित्सा की गई। तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद आकाश और नितिन को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है जबकि मनोज को उपचार के बाद छुटी दे दी गई है।

# दिव्यांग रेखा का आधार कार्ड बनाने को घर पहुंची टीम

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** जिले के भीमताल नगर के दूर करकोटक पहाड़ी के समीप स्थित



ग्राम सभा भाकर के गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाली दिव्यांग रेखा ने अपना आधार कार्ड बन जाने पर खुशी जताते हुए समाजसेवी पूरन बृजवासी व जिलाधिकारी वंदना सिंह का विशेष आभार जताया है। बता दें कि रेखा के परिजन रेखा का आधार कार्ड बनवाने की कोशिश लंबे समय से कर रहे थे लेकिन जनप्रति.निधि व सिस्टम के आगे बेबस हो गए, जिस कारण गरीब परिवार की बेटी को सरकारी योजनाओं का लाभ तक नहीं मिल पाया, तभी इनका मामला नगर के कर्मठ समाज सेवी पूरन बृजवासी के पास आया तो उन्होंने पूरी जानक.ारी लेकर मामले से जिलाधिकारी वंदना सिंह को अवगत कराया जहां ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर विकास शर्मा द्वारा मामले पर संज्ञान लिया गया और आधार कार्ड ऑपरेटर को तत्काल दिव्यांग के घर जाकर आधार कार्ड बनाने के निर्देश दिए गए जिस पर शुक्रवार को ऑपरेटर ने तीन किमी की खड़ी चड़ाई सिस्टम के साथ पार कर दिव्यांग रेखा के घर जाकर उसका आधार कार्ड बनवाया। आधार कार्ड बनवाकर दिव्यांग रेखा तथा उनकी माता थापुली देवी एवं परिवार जन सभी मुस्काये और समाज सेवी बृजवासी एवं जिला प्रशासन का उन्होंने धन्यवाद अदा किया।

# नारायण पाल ने सत्यापन अभियान की तारीफ की

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** पूर्व विधायक नारायण पाल ने कहा कि उत्तराखंड प्रदेश प्राकृतिक रूप से समृद्ध है लेकिन सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों का समंवित विकास न हो पाने के कारण यहां ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार पलायन हो रहा है। पलायन की रोकथाम कर ही उत्तराखंड को श्रेष्ठ बनाया जा सकता है। उन्होंने प्रदेश भर में चल रहे सत्यापन कार्य की सराहना की। कहा कि इससे अवैध रूप से रह रहे लोग बेनकाब होंगे तथा पहाड़ मूल के लोगों को बेहतर लाभ मिलेगा। पूर्व विधायक पाल शुक्रवार को नैनीताल में पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होंने बीते दिनों नैनीताल में बालिका से हुई दुष्कर्म की घटना की निंदा की। कहा कि ऐसे आरोपियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने पीड़िता की कुशल क्षेम पूछी और कहा कि सभी को उनकी मदद को आगे आना चाहिए। उन्होंने पीड़िता की मदद को आगे आई अधिवक्ता स्वाति परिहार बोहरा से भी बातचीत की। आश्वासन दिया कि उनकी ओर से भी पीड़िता की हर संभव मदद की जाएगी। पूर्व विधायक नारायण पाल ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध में बढ़ोत्तरी हुई है। पुलिस प्रशासन को नियोजन के साथ इसे कम करना चाहिए।

# शोध प्रस्तुतिकरण में विजया तृतीय

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के जंतु विज्ञान विभाग की शोध छात्रा विजया को भारतीय प्राणी सर्वेक्षण संस्थान, उत्तरीय क्षेत्र देहराद.

- कामयाबी पर गुरुजनों ने पुरस्कृत किया

ून की ओर से आयोजित 110 घंटे की हैकाथॉन प्रतियोगिता में उनके शोध पत्र प्रस्तुतीकरण के लिए तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है।

बता दें कि यह कार्यक्रम संस्थान की स्थापना के 110 वर्ष पूर्ण होने पर जैव विविधता संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन विषय पर आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता का आयोजन बीम हैकथॉन हिमालयन जैव




विविधता थीम पर किया गया था जिसमें विजया ने तितलियों की प्रकृति, आवास तथा व्यवहार एवं पारिस्थितिकी पर आधारित अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। उनके उत्कृष्ट प्रस्तुतीकरण को निर्णायकों ने सराहा और तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

विजया जंतु विज्ञान विभाग में सहायक प्राध्यापक डा. मनोज कुमार आर्य के निर्देशन में हिमालय क्षेत्र की तितलियों पर शोध कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, कुलानुशासक एवं विभागाध्यक्ष प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट समेत कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत डा. सीता केवली, डा. दिव्या पांगती, डा. संदीप मंडोली, डा. दीपिका गोस्वामी व डा. हिमांशु लोहनी आदि ने बधाई दी है।

# प्राचार्य अनुपस्थित, शिक्षकों का भी पता नहीं

## कुलपति के निरीक्षण में खुली विवि से सम्बद्ध परिसरों में व्यवस्थाओं की पोल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों राजकीय महाविद्यालय रामगढ़, राजकीय महाविद्यालय दोसापानी तथा महादेवी वर्मा पीठ सृजन पीठ का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण का उद्देश्य शैक्षणिक अनुशासन तथा उपस्थिति व्यवस्था व प्रशासनिक कार्यप्रणाली तथा विश्व.विद्यालय की नवीनतम डिजिटल शिक्षण पहल के साथ ही ई-बुक्स एवं ऑनलाइन अध्ययन संसाधनों के क्रियान्वयन की समीक्षा करना था। महादेवी वर्मा पीठ तथा महाविद्यालयों



में व्यवस्थाएं सामान्य रूप से संचा.लित पाई गई जबकि राजकीय महाविद्यालय दोसापानी में कई खामियां देखने को मिलीं। निरीक्षण के समय महाविद्यालय के प्राचार्य अनुपस्थित पाए गए और शिक्षकों की उपस्थिति भी न्यूनतम स्तर पर थी। ई.बुक्स तथा डिजिटल संसाधनों के संदर्भ में कुलपति द्वारा पूछे गए प्रश्नों पर न तो पुस्तकालयाध्यक्ष और न ही उपस्थित शिक्षकों के पास कोई जानकारी थी जो कि अत्यंत चिंता.जनक स्थिति है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है क्योंकि विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में डिजिटल लर्निंग इनिशिएटिव के अंतर्गत ई-बुक्स एवं अन्य डिजिटल संसाधनों की सुविधा सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों को प्रदान की गई है। इस संबंध में कुलपति प्रो. रावत स्वयं दो बार सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे चुके हैं। ऐसे में प्राचार्य की अनुपस्थिति एवं शिक्षकों की जानकारी का अभाव विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रतिबद्धता के प्रति लापरवाही को दर्शाता है। कुलपति प्रो. रावत ने विश्वविद्यालय के संबंधित अधिका.रियों को इसका गंभीर संज्ञान लेने हेतु निर्देशित किया है। उक्त स्थिति पर कुलपति प्रो. रावत ने गहरी चिंता व्यक्त की है और इसे विश्वविद्यालय की शिक्षण गुणवत्ता और छात्रों के हितों के प्रतिकूल बताया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को वस्तुस्थिति की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा आवश्यक सुधारात्मक सुझाव देने हेतु निर्देशित किया है ताकि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति की पुनरावृत्ति से बचा जा सके। कुलपति प्रो. रावत ने यह भी कहा कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं डिजिटल संसाधनों की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करना विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिक्षा एवं संसाधनों की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

### चालान, टैक्सी सीज

**नैनीताल।** धर्मशाला से हनुमानगढ़ तक सड़क किनारे पार्क होने वाले वाहनों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार को तल्लीताल पुलिस ने 62 वाहन स्वामियों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है जबकि एक टैक्सी वाहन सीज किया है। बता दें कि शहर में पार्क वाहनों को हटाने के बाद नैनीताल हल्द्वानी रोड पर धर्मशाला से हनुमानगढ़ तक चार पहिंया वाहन पार्क हो रहे हैं। जिससे यातायात भी प्रभावित हो रहा है। लोगों की शिकायत के बाद तल्लीताल पुलिस ने वाहनों को हटवाना शुरू कर दिया है। पुलिस ने मुनादी कर सड़क किनारे पार्क वाहनों को हटाने की अपील की लेकिन किसी ने सड़क किनारे पार्क नहीं हटाए। जिसके बाद पुलिस ने चालानी कार्रवाई शुरु कर दी है। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि शुक्रवार शाम तक सड़क किनारे पार्क 62 वाहन के स्वामियों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर दी है।

# जंगलों को आग से बचाने के लिए अभिनव पहल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** जंगलों को आग से बचाने के लिए बागेश्वर रेंज ने अभिनव पहल शुरू की है। जंगलों को आग की चपेट में लेने वाले मुख्य पेड़ चीड़ के पत्तों को वन विभाग एकत्रित कर रहा है। इसके लिए रेंज में 50 ऐसे स्पॉट चिह्नित किए हैं, जहां आग लगने की घटनाएं होती हैं। इसमें पिरुल सबसे अधिक कारगर साबित होता है। उसे हटाया जा रहा है। बागेश्वर में फायर सीजन शुरू हो गया है। जिले में आग की घटनाओं पर वन विभाग द्वारा काबू पाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। वन विभाग द्वारा बागेश्वर रंजे में जंगलों में आग लगने की घटनाओं के लिए जगहों को चिन्हित किया गया है। वन आरक्षी चंदन राम के नेतृत्व में फायर वाचरों द्वारा जंगलों में आग लगने की घटना को बढ़ावा देने वाले पिरुल को एकत्र किया जा रहा है। विभाग ने बताया कि उनके द्वारा पिछले वर्षों में सबसे अधिक आग लगने वाली स्पॉटों को चिन्हित किया गया है। बागेश्वर रेंज में 50 से अधिक स्पॉट हैं, जहां से सबसे अधिक आग घटनाएं सामने आई हैं। रोजाना वहां से पिरुल को एकत्र कर एक जगह इकठ्ठा किया जा रहा है, जिससे आग पर नियंत्रण पाया जा सके। साथ ही उन्होंने आम जनता से भी अपील करते हुए कहा कि आग लगने से वन संपदा को नुकसान पहुंचता है। वह आग की घटनाओं को कम करने में वन विभाग को सहयोग करे और आग की घटनाओं पर नियंत्रण पाने का प्रयास करें। हालांकि इस वर्ष विभाग का साथ मौसम ने भी बखूबी दिया है।

# पंजाब का लक्ष्य शीर्ष दो में जगह बनाना



● श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स टीम का सामना आज दिल्ली कैपिटल्स के साथ होगा

**जयपुर, वार्ता।** पंजाब किंग्स का लक्ष्य 11 साल बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के प्लेऑफ में जगह पक्की करने के बाद शीर्ष दो में जगह बनाना है। वर्तमान में, टीम तीसरे स्थान पर है और उसका लक्ष्य शीर्ष दो में जगह बनाकर क्वालिफायर 1 में खेलने और फाइनल में पहुंचने का मौका बनाना है।

श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स टीम का सामना शनिवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 66वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स से होगा, जो पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अपने निराशाजनक सीजन का शानदार तरीके से अंत करना चाहेगी। पंजाब इस सीजन में सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम रही है, जिसने 12 मैचों में 17 अंक प्राप्त किये हैं और दो मैच शेष रहते प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली है। अय्यर ने आईपीएल 2025 में 175 के स्ट्राइक रेट से 435 रन बनाए हैं, इसके अलावा पंजाब की बल्लेबाजी को प्रभसिमरन सिंह (458 रन) और प्रियांश आर्य (356 रन) के लगातार प्रदर्शन से मजबूती मिली है। विदेशी खिलाड़ियों मार्कस स्टोइनिस और जोश इंगलिस की वापसी से टीम बल्लेबाज और गें. दबाजी में ज्यादा मजबूती मिली है। गेंदबाजी के प्रारूप में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अब तक 16 विकेट चटकाकर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। स्पिनर युजवेंद्र चहल और ऑलराउंडर हरप्रीत बरार, जिन्होंने अपने पिछले मैच में 22 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे, संतु. लित गेंदबाजी का प्रदर्शन किया है, जो खेल को नियंत्रित करने में काफी सक्षम रहे हैं। दूसरी ओर, दिल्ली कैपिटल्स ने इस सीजन में मजबूत शुरुआत के बाद संघर्ष किया है, अपने पिछले नौ मैचों में से केवल दो में जीत हासिल की है और प्लेऑफ की उम्मीदें खो दी हैं। उनकी बल्लेबाजी केएल राहुल पर काफी निर्भर है, जिन्होंने 504 रन बनाए हैं, जबकि अभिषेक पोरेल और अक्षर पटेल ने कभी-कभार टीम के लिए मददगार साबित हुए हैं। प्रमुख गेंदबाज मिशेल स्टार्क की अनुपस्थिति ने उनके गेंदबाजी आक्रमण को कमजोर कर दिया है, हालांकि मुस्तफिजुर रहमान और कुलदीप यादव ने टीम को काफी संभालने की कोशिश की है। सवाई मानसिंह स्टेडियम की पिच से शुरुआत में अच्छा उछाल और गति की सहायता मिलने की उम्मीद है, जो तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल है।




# खेलो इंडिया बीच गेम्स में हरियाणा का बोलबाला

■ कबड्डी फाइनल मुकाबलों में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में जीते स्वर्ण पदक

**दीव, वार्ता।** खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 शुक्रवार को खेले गए कबढी फाइनल मुकाबलों हरियाण की महिला और पुरुष वर्ग की टीमों ने स्वर्ण पदक जीते। सुबह घोघला बीच पर खेले पुरुष वर्ग के फाइनल में हरियाणा के कप्तान मोनू हुढा की अगुवाई में टीम ने राजस्थान पर पूरी तरह से दबदबा बनाते हुए 48-29 से एकतरफा जीत दर्ज की। इस हार के साथ राजस्थान को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। महाराष्ट्र को दोनों वर्गों में कांस्य पदक मिला। दो सीजन तक प्रो कबढी में हरियाणा स्टीलर्स की ओर से खेल चुके 23 वर्षीय मोनू हुढावर्तमान में साईसोनीपत में प्रशिक्षण ले रहे हैं। मोनू ने मैच के बाद साई मीडिया से कहाकि यहां और मैट पर खेलने में तकनीकी अंतर है। यहां हर रेड 'डू ऑर डाई' होती है और हमें रस्सी पार नहीं करनी होती। हमें अंदर ही रहना होता है। उन्होंने कहाकि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमें यहां खेलने का मौका मिला और हम स्वर्ण पदक जीत पाए। खेलो इंडिया बीच गेम्स में प्रबंधन और सुविधाएं बहुत अच्छी हैं। रेत पर खेलने से पकड़ की ताकत और संतुलन बढ़ता है, जबकि मैट पर स्पीड अधिक होती है। इस वजह से हमें यहां स्थिरता पर अधिक ध्यान देना पड़ता है। वहीं महिला वर्ग के फाइनल में हरियाणा की टीम को हिमाचल प्रदेश की मजबूत चुनौती का सामना करना पड़ा। हरियाणा की युवा महिला टीम ने कड़े मुक. ाबले में हिमाचल प्रदेश पर 45-38 से जीत दर्ज की।

# गिल कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे

● जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और ऋषभ पंत भी टीम की कप्तानी की रेस में बराबर बने हुए है



**मुंबई, वार्ता।** दाएं हाथ के बल्लेबाज शुभमन गिल को टेस्ट में भारतीय टीम का कप्तान बनाया जा सकता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 7 मई और विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट से संन्यास ले लिया था। उनके रिटायरमेंट से टीम में लीडरशिप को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। गिल कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। उनके अलावा, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और ऋषभ पंत भी कप्तानी की दौड़ में बने हुए हैं। पंत अगर कप्तान नहीं बनते हैं तो उन्हें उप कप्तान बनाया जा सकता है। सिलेक्शन कमेटी शनिवार, 24 मई को इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम का ऐलान कर सकती है। यह दौरा 20 जून से शुरू होगा। भारत को वहां 5 टेस्ट की सीरीज खेली जाएगी। शुभमन कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे शुभमन कप्तानी की दौड़ में बुमराह से आगे चल रहे हैं। वे वनडे और टी-20 में टीम की कप्तानी कर चुके हैं। युवा बैटर्स में यशस्वी, पंत और शुभमन ही फिलहाल परमानेंट नजर आते हैं। शुभमन 25 साल के हैं और लगभग इसी उम्र में विराट ने भी कप्तानी संभाली थी, अगर शुभमन अभी कप्तान नहीं भी बने तो टीम उन्हें उप कप्तान बनाकर आगे के लिए तैयार कर सकती है। पिछले 5 सालों में दुनियाभर की पिचें बैटिंग के लिए मुश्किल रहीं। इसके बावजूद शुभमन ने बेहतरीन बैटिंग करते हुए 5 शतक लगाए हैं। फिटनेस परेशानी जसप्रीत बुमराह ने आस्ट्रेलिया दौरे पर 2 टेस्ट में कप्तानी की। पर्थ में टीम को जीत मिली, लेकिन सिडनी टेस्ट आस्ट्रेलिया ने जीत लिया। मुकाबले की पहली पारी में ही बुमराह इंजर्ड हो गए, उन्हें बैक स्पास्म की शिकायत हुई। जिसके बाद वह मैच में दोबारा बालिंग नहीं कर सके, इस कारण भारत दूसरी पारी में दबाव भी नहीं बना सका। बुमराह अक्सर फिटनेस से जूझते नजर आए हैं, 2022 में आखिरी बार इंजर्ड होने के बाद वह करीब 15 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे।

# किदांबी श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में

■ भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को हराया

**बुकित जलील, वार्ता।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपाव को हराकर मलेशियाई मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं।

यहां पुरुष एकल के रोमांचक क्वार्टर फाइनल में किदांबी श्रीकांत ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को हराने के लिए कड़ी मेहनत की। श्रीकांत ने एक घंटे 14 मिनट तक चले मैच में विश्व नंबर 18 पोपोव पर 24-22, 17-21, 22-20 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही अब श्रीकांत इस साल का पहला सेमीफाइनल खेलेंगे।

राउंड ऑफ 16 में आयरलैंड के विश्व नंबर 33 न्हाट गुयेन को हराने वाले किदांबी श्रीकांत शनिवार को सेमीफाइनल में जापान के विश्व नंबर 22 युशी तनाका से भिड़ेंगे। इस बीच तनिषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की भारत की मिश्रित युगल जोड़ी का सफर खत्म हो गया। भारतीय बैडमिंटन जोड़ी क्वार्टर फाइनल में चीन के जियांग जेनबैंग और वेई याक्सिन के खिलाफ 22-24, 13-21 से हार गए।

**खेल विशेष**

# एंजेलो मैथ्यूज जून में टेस्ट क्रिकेट से लेंगे संन्यास

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका के पूर्व कप्तान और ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज जून में बंगलादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। एंजेलो मैथ्यूज ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया मंच पर अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि वह सीमित ओव. रों की क्रिकेट के लिए जब भी देश को जरुरत होगी वह उपलब्ध रहेंगे। मैथ्यूज को एक साल से अधिक समय से किसी भी सीमित ओवर मैच के लिए श्रीलंका टीम में शामिल नहीं किया गया है। गॉल में होने वाला यह आगामी टेस्ट उनके टेस्ट करियर का 119वां और अंतिम मुक. ाबला होगा। उन्होंने एक्स पर लिखाकि मेरे प्रिय मित्रो और परिवार, दिल से धन्यवाद और अनगिनत यादों के साथ, अब टेस्ट क्रिकेट से विदाई लेने का समय आ गया है। श्रीलंका के लिए खेलना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। जब भी मैंने राष्ट्रीय जर्सी पहनी, उस देशभक्ति की भावना का कोई मुकाबला नहीं है।

# भारतीय टेक्नीशियंस नहीं लौटे पाक, बिना डीआरएस हो रहे मैच

■ पीसीएल में तकनीकी पर छाए संकट के बादल, 25 मई को होना है फाइनल मैच

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान सुपर लीग के बाकी मैच डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) के बिना खेले जाएंगे। यह तकनीक मुहैया कराने वाली टेक्नीशियन टीम लीग के फिर से शुरू होने के बाद पाकिस्तान वापस नहीं आई। रिपोर्ट के मुताबिक, टेक्निकल टीम में ज्यादातर भारतीय हैं।

पीसीबी ने 9 मई को पाकिस्तान-भारत के बीच टकराव के कारण पीसीएल स्थगित कर दिया था। सीजफायर के बाद 17 मई से इसे फिर शुरू किया गया है। पांच मैच बिना डीआरएस के ही खेले गए क्रिकेट की वेबसाइट क्रिकइंफो के मुताबिक, फिर शुरू हुए पीसीएल में अब तक 5 मैच हुए हैं। ये बिना डीआरएस के ही खेले गए हैं। हालांकि, इस बीच विवाद का मामला सामने नहीं आया है। वहीं, पीसीबी ने अभी तक इस पर सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कहा है। लीग के अब 2 मैच ही बाकी हैं। फाइनल 25 मई को है, जबकि क्वालिफायर 23 मई यानी आज खेला जाना है। 2017 से पीसीएल में उपलब्ध था डीआरएस पीसीएल में डीआरएस का इस्तेमाल 2017 से शुरू हुआ था। इसका इस्तेमाल भी अब भी हो रहा था। भारत-पाक के बीच बढ़ते तनाव की वजह से पीसीएल को स्थगित किए जाने से पहले तक डीआरएस का इस्तेमाल किया जा रहा है। पहले पीसीबी बचे हुए मैच यूएई में करवाना चाहता था पीसीबी अपनी लीग के बचे मैच दुबई में कराना चाहता था, लेकिन ईसीबी ने मैच होस्ट करने से इन्कार कर दिया। 8 मई की सुबह पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पीसीएल के बाकी मैचों को यूएई में कराने का ऐलान किया था। इसके बाद अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा था तनाव के बीच पीसीएल के मैच यूएई में कराना मुश्किल है। जिसके बाद पंजाब ने इसे स्थगित कर दिया है। वहीं 7 मई को भारत के ड्रोन हमले में रावलपिंडी का स्टेडियम बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके बाद पीसीएल मैच री-शेडयूल कर दिया गया था। क्वेटा ग्लैडिएटर्स फाइनल में पहुंच चुकी है पीसीएल का फाइनल 25 मई को लाहौर में खेला जाएगा। क्वेटा ग्लैडिएटर्स फाइनल में पहुंच चुकी है। दूसरा फाइनलिस्ट के फैसला आज लाहौर कैलंदर्स और इस्लामाबाद यूनाइटेड के बीच खेले जाने वाले दूसरे क्वालिफायर्स मैच से हेगा। यह मैच भी लाहौर में खेला जाना है। डीआरएस डीआरएस यानी डिसीजन रिव्यू सिस्टम एक ऐसी प्रणाली है, जिसमें कोई खिलाड़ी अंपायर के फैसले को चुनौती देता है। इसके बाद वीडियो रीप्ले और बॉल ट्रैकर, हॉकआई, हॉट स्पॉट, पिच मैपिंग जैसी तकनीक मदद से फैसले का रिव्यू किया जाता है।

# गैफनी व इलिंगवर्थ करेंगे डब्ल्यूटीसी फाइनल में अंपायरिग

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 11 से 15 जून तक लॉड्स में खेली जाने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए न्यूजीलैंड के क्रिस गैफनी और इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ को शुक्रवार को मैदानी अंपायर नियुक्त किया है। क्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल का मुकाबला खेला जायेगा। इलिंगवर्थ को वर्तमान आईसीसी अंपायर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया है।

वह 2021 और 2023 के फाइनल में अंपायरिंग टीम का भी हिस्सा थे। वहीं गैफनी ने पिछले साल पुरुष टी-20 विश्व कप फाइनल में अंपायरिंग में इलिंगवर्थ के साथ भागीदारी की थी और भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्ल्यूटीसी 2023 फाइनल में भी अंपायरिंग की थी। इंग्लैंड के रिचर्ड केटलबोरो को टीवी अम्पायर बनाया है। भारत के नितिन मेनन को मैच का चौथा अम्पायर नियुक्त किया गया है।

# इंग्लैंड ने 565 रन पर पारी घोषित की



■ जैक क्रॉली, बेन डकेट और ऑली पोप ने शानदार शतक लगाए

**नॉटिंघम, वार्ता।** जैक क्रॉली (124), बेन डकेट (140) और ऑली पोप (171) रनों की शानदार शतकीय और हैरी ब्रूक (58) की अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर इंग्लैंड ने एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन जिम्बाब्वे के खिलाफ छह विकेट पर 565 रन बनाने के बाद पारी घोषित कर दी।

ट्रेंट ब्रिज स्टेडियम में शुक्रवार को कल के तीन विकेट पर 498 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। अभी टीम के स्कोर में चार रन का इजाफा हुआ था कि टनका चिवंगा ने ऑली पोप को आउटकर जिम्बाब्वे को दिन की पहली सफलता दिलाई। ऑली पोप ने 166 गेंदों में 24 चौके और दो छक्के लगाते हुए (171) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान बेन स्टोक्स (नौ) और उसके बाद हैरी ब्रूक (58)रन बनाकर आउट हुये। इन दोनों ही बल्लेबाजों को मुजारबा. नी ने आउट किया। हैरी ब्रूक के आउट होने के बाद इंग्लैंड ने छह विकेट पर 565 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित कर दी। जेमी स्मिथ चार रन बनाकर नाबाद रहे। पहले दिन जिम्बब्वे ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को बल्लेबाजी का न्यौता दिया था। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए जैक क्रॉली और ब्रेन डकेट की सलामी जोड़ी बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 231 रनों की साझेदारी की और दोनों ही बल्लेबाजों ने अपने-अपने शतक बनाये। वेस्ली मधेवेरे ने 42वें ओवर में बेन डकेट को आउटकर जिम्बाब्वे को पहली सफलता दिलाई।

बेन डकेट ने 134 गेंदों में 20 चौके और दो छक्के लगाते हुए 140 रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ऑली पोप ने जैक क्रॉली के साथ 137 रनों की साझेदारी। सिकंदर रजा ने जैक क्रॉली को पगबाधा आउटकर जिम्बाब्वे के लिए दूसरा विकेट झटका। जैक क्रॉली ने 171 गेंदों में 14 चौकों की मदद से (124) रन बनाये। इंग्लैंड का तीसरा विकेट दिन के आखिरी सत्र में जो रूट (34) के रूप में गिरा।

# रोहित-कोहली के बिना मुश्किल, पर युवाओं को मौका मिलेगा: गंभीर



● भारतीय कोच ने कहा: रिटायमेंट उनका निजी मामला, किसी को फैसला लेने का अधिकार नहीं

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने माना है कि रोहित-विराट की गैर मौजूदगी टीम के लिए बड़ी चुनौती होगी। लेकिन यह युवाओं के पास खुद को साबित करने का शानदार मौका होगा। दोनों के जाने के बाद भारत को नए टेस्ट कप्तान की जरूरत भी होगी।

इन दोनों की जगह लेना आसान नहीं होगा। रोहित-को. हली के संन्यास पर गंभीर ने सीएनएन न्यूज 18 से कहा, श्मेरा मानना है कि आप कब खेलना शुरू करते हैं और कब खत्म करना चाहते हैं, यह व्यक्तिगत फैसला है। किसी और को हक नहीं है। कोच हो, चयनकर्ता या देश में कोई और, क्या किसी को किसी को भी यह बताने का अधिकार है कि उसे कब संन्यास लेना है और कब नहीं। यह खुद का फैसला होता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था। उनके 5 दिन बाद 12 मई को विराट कोहली ने भी क्रिकेट के सबसे लंबे फार्मेट को अलविदा कह दिया था। उसके बाद कयास लगाए जाने लगे कि रोहित-कोहली ने कोच गंभीर और चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर के कारण रिटायरमेंट लिया है। गंभीर ने कहा हम अपने दो सबसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना जाएंगे। कई बार मुझे लगता है कि यह दूसरे खिलाड़ियों के पास अपनी उपयोगिता साबित करने का मौका भी है। गंभीर ने इसकी तुलना चैम्पियंस ट्राफी में भारत की जीत से की, जो जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में मिली थी। उन्होंने कहा कि यह कठिन होगा, लेकिन ऐसे खिलाड़ी होंगे। जो जिम्मेदारी लेने को तैयार होंगे। यह सवाल मुझे चैम्पियंस ट्राफी से पहले भी पूछा गया था। जब जसप्रीत बुमराह नहीं था, तब भी मैंने यही बात कही थी। किसी के नहीं होने से दूसरे खिलाड़ी को कुछ खास करने का मौका मिलता है। उम्मीद है कि ऐसे खिलाड़ी होंगे जो इस मौके का इंतजार कर रहे होंगे। गंभीर क्या रोहित-कोहली वनडे वर्ल्ड कप टीम में होंगे? इस सवाल पर गंभीर ने कहा- श्अभी उसमें काफी समय है। उससे पहले टी-20 वर्ल्ड कप होना है। यह बड़ा टूर्नामेंट है, जो फरवरी मार्च में भारत में होगा। अभी पूरा फोकस उसी पर है। 24 मई को हो सकता है टीम इंडिया का ऐलान भारत को 20 जून से इंग्लैंड दौरे पर जाना है, जहां 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी।

# वेस्टइंडीज ने आयरलैंड को दिया 353 रनों का लक्ष्य

**डबलिन, वार्ता।** केसी कार्टी (102) रनों की शतकीय, मैथ्यू फोर्ड (58), शे होप (49) और जस्टिन ग्रीव्स (नाबाद 44) रनों की पारियों के दम पर वेस्टइंडीज ने शुक्रवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को जीत के लिए 353 रनों का लक्ष्य दिया। यहां कैसल ऐवन्यू स्टेडियम में आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपना पहला विकेट 20 और उसके बाद दूसरा विकेट 46 के स्कोर पर गवां दिया। ब्रैंडन किंग (आठ) और एविन लुइस (20) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद केसी कार्टी और कप्तान शे होप की जोड़ी ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 81 रनों की साझेदारी हुई। 23वें ओवर में लियाम मैकार्थी ने शे होप को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। शे होप ने 57 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (49) रनों की पारी खेली। आमिर जंगू (13) को जॉर्ज डॉकरेल ने आउट किया। वेस्टइंडीज का पांचवां विकेट 37वें ओवर में केसी कार्टी के रूप में गिरा। केसी कार्टी ने 109 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए (102) रनों की शतकीय पारी खेली। 44वें ओवर की पहली गेंद पर रॉस्टन चेज (24) रन बनाकर आउट हुए।

# चोट से उबर चुके जोश हेजलवुड प्लेऑफ में कर सकते है वापसी

**बेंगलुरु, वार्ता।** चोट से उबर चुके ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जॉश हेजलवुड इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के प्लेऑफ के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में वापसी कर सकते हैं। हेजलवुड कंधे की चोट के रिहैब से गुजरने के बाद वह पूरी तरह फिट हो चुके हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह प्लेऑफ के लिए आरसीबी के लिए वापसी कर सकते है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। वह आईपीएल के स्थगन से पहले आरसीबी के लिए पिछला मैच नहीं खेल पाए थे। वह ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे और ब्रिस्बेन में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की तैयारियों के तहत अभ्यास कर रहे थे। उन्होंने इस सीजन में अब तक 10 मैचों में 17-27 की औसत से 18 विकेट झटके हैं। आरसीबी प्लेऑफ में जगह पक्की कर चुकी है और लीग चरण में उनके दो मुकाबले खेले जाने हैं।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड–नैनीताल**

पत्रॉक 338 /ग्रा0नि0वि0/निविदा सूचना/2025–26 दिनांक 22.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा धनराशि की प्रत्याशा में निम्न निर्माण कार्यो की मुहरबन्द निविदा दिनांक 31.05.2025 के अपरान्ह 1.00 बजे तक ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड कार्यालय नैनीताल स्थित विकास भवन भीमताल में आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिन अपरान्ह 2:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं एवं निविदा समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा नामित प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्रों का विक्रय, दिनॉक 30.05.2025 को सांय 04:00 बजे तक ठेकेदार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि जिनके हस्ताक्षर ठेकेदार द्वारा प्रमाणित किये गये हों, को निविदा मूल्य लेखाशीर्षक 0515008000100 एवं जी0एस0टी0 की धनराशि (CGST+SGST) जी0एस0टी0 नम्बर 05AAAGE0687E1ZR में ऑनलाईन जमा कर ई–चालान की प्रति प्रस्तुत किये जाने पर प्रखण्ड कार्यालय ग्रामीण निर्माण विभाग, नैनीताल स्थित विकास भवन भीमताल में किया जायेगा।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी0एस0टी0 सहित लाख रू0 | धरोहर धनराशि लाख रू0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी0 | कार्य पूर्ण की अवधि | निविदा की बैधता | श्रेणी |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| प्रखण्ड स्तर पर आमंत्रित निविदा | | | | | | | |
| 01 | राजकीय प्राथमिक विधालय खुर्पाताल में क्षतिग्रस्त छत एवं भवन में मरम्मत कार्य। | 12.92 | 39,000.00 | नि0मू0 रू0 1500.00 + GST रू0 270.00 | 04 माह | 90 दिन | श्रेणी "ई" एवं उच्चतर (भवन निर्माण) |

01– निविदा क्रय करने से पूर्व निविदा की शेष शर्तों की जानकारी प्रखण्ड/उपखण्ड कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में प्राप्त करना अनिवार्य होगा । निविदा की शर्तों के अनुरूप ही कमेटी द्वारा निविदा स्वीकार की जायेगी।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण निर्माण विभाग,
प्रखण्ड नैनीताल।

## गंगनहर पुलिस व एसओजी ने किया ई-रिक्शा चालक हत्याकांड का खुलासा

# कर्ज चुकाने को की थी हत्या, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पुलिस कप्तान प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के कुशल नेतृत्व में हरिद्वार पुलिस ने एक और जघन्य हत्या की गुत्थी सुलझाकर न्याय की जीत का परचम लहराया है। कोतवाली गंगनहर क्षेत्र में ई-रिक्शा चालक की हत्या के अंधे मामले को पुलिस ने बारीकी से जांच करते हुए सुलझा लिया। ईमानदार जांच, सतर्कता और अथक प्रयासों के चलते पुलिस ने न केवल आरोपियों को गिरफ्तार किया बल्कि मृतक के परिजनों को भी न्याय दिलाया है।

इस सनसनीखेज मामले का खुलासा पुलिस कप्तान प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने कोतवाली गंगनहर, रुड़की में प्रेस वार्ता के माध्यम से किया गया, जिसमें उन्होंने पूरी घटना की सिलसिलेवार जानकारी देते हुए केस के खुलासे में शामिल टीम की सराहना की। **घटना की शुरुआती जानकारी....**बीती 18 मई 2025 को ग्राम सुनहरा निवासी मिठवा पुत्र ईलम चंद ने कोतवाली गंगनहर में सूचना दी कि उनका 31 वर्षीय पुत्र मुन्ना, जो ई-रिक्शा चालक था, 16 मई से लापता है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए खोज अभियान चलाया और इसी दिन वादी को सूचना मिली कि मुन्ना का शव सालियर-मंगलौर हाईवे के किनारे बरामद हुआ है। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक गंगनहर आर.के. सकलानी मय पुलिस टीम के मौके पर पहुंचे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शेखर सुयाल व क्षेत्राधिकारी रुड़की नरेन्द्र पंत ने घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया। प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका के चलते कोतवाली गंगनहर पर संबन्धित धाराओं में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। **जांच में आधुनिक तकनीक और मानव संसाधन का समन्वय.....**एसपी देहात शेखर सुयाल व सीओ रुड़की नरेंद्र पंत के पर्यवेक्षण में तीन विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान मृतक की अंतिम गतिविधियों का पता लगाने के लिए पुलिस ने 500 से अधिक ब्ब्ज्ट



कैमरों की फुटेज खंगाली और कॉल डिटेल्स व मोबाइल डेटा का गहन विश्लेषण किया।जांच में यह तथ्य सामने आया कि मृतक की ई-रिक्शा से दो बैटरियाँ गायब थीं और उसका मोबाइल फोन भी घटनास्थल से नहीं मिला। इससे यह संदेह और गहरा हो गया कि हत्या लूट के इरादे से की गई है। पुलिस को सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक गुरुरामराय इंटर कॉलेज के पास ई-रिक्शा बैटरियाँ बेचने की कोशिश कर रहे हैं। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों को मौके से हिरासत में लिया। गिरफ्तार आरोपी आशीष कुमार उर्फ सरदार पुत्र सतीश कुमार, निवासी

**❖शराब पिलाई, फिर गला घोटा, 500 सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद मिला सुराग**

सलेमपुर राजपूताना, रुड़की ख्र जिसके कब्जे से मृतक मुन्ना का ।ब्ू की पैड मोबाइल फोन बरामद हुआ व विक्रांत उर्फ राहुल उर्फ रोल्ला पुत्र राजेन्द्र कुमार, निवासी सलेमपुर राजपूताना, रुड़की ख्र जिसके पास से एक आधार कार्ड बरामद हुआ। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने हत्या की बात कबूल कर ली। आशीष कुमार ने जनलक्ष्मी फाइनेंस से लिए गए लोन की ₹7500 की किस्त चुकाने के लिए ई-रिक्शा की बैटरियाँ बेचने की योजना बनाई। इस साजिश के तहत उन्होंने मृतक मुन्ना को बुकिंग के बहाने ₹500 का लालच देकर सालियर-मंगलौर हाईवे पर सुनसान स्थान पर बुलाया। वहां शराब पिलाने के बाद, जब राहुल बैटरियाँ निकाल रहा था, मुन्ना ने विरोध किया। इस पर दोनों ने मिलकर मुन्ना की बेल्ट से गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को निर्माणाधीन दीवार के पीछे काली तिरपाल से ढक दिया। पुलिस टीम की सराहनीय भूमिक प्रभारी निरीक्षक आर.के. सकलानी, एसआई अजय शाह, एसआई अंकुर शर्मा (प्रभारी ब्ू रूड़की, एसआई प्रवीण बिष्ट, एसआई नवीन कुमार, एसआई राजीव उनियाल, एसआई पंकज कुमार, एएसआई मनीष कवि, हेड कांस्टेबल इसरार, नूर हसन, कांस्टेबल नितिन, प्रभाकर थपलियाल, राकेश राणा, पवन नेगी, रणवीर सिंह, मनमोहन, अजय दत्त, अर्जुन सिंह, रूड़की से अजय काला, राहुल नेगी, महिपाल सिंह आदि शामिल रहे।

## नशीले इंजेक्शन व कैप्सूल के साथ एक तस्कर दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा अवैध नशा बेचने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से अवैध नशीले इंजेक्शन व नसिले कैप्सूल बरामद हुए हैं।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लकसर ने जानकारी देते हुए बताया कि ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 को सफल बनाने के लिए एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद हरिद्वार को नशा मुक्त करने के लिए अवैध नशा बेचने वालों के खिलाफ करवाई के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई। बारीकी से चेकिंग के दौरान 22 मई 2025 को लक्सर पुलिस द्वारा एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से नशे के इंजेक्शन व नशे की गोलियां बरामद हुई। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम अहसान पुत्र असलम निवासी ढाब मोहल्ला खारा कुआ सुलतानपुर कोतवाली लकसर हरिद्वार बताया। उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज गैरोला लक्सर पुलिस चौकी प्रभारी विपिन कुमार हेड कांस्टेबल मोहन खोलिया कांस्टेबल राजेंद्र सिंह शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गये व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### मनरेगा में घोटाला उजागर 29 मेट हटाए

## कई विकास अधिकारियों पर लटकी जांच की तलवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुरे जिला हरिद्वार में मनरेगा में घोटाले का एक बड़ा मामला उजागर हुआ है जिसमें लक्सर विकासखंड दूसरे अव्वल दर्जे में है। मनरेगा में कार्यरत 29 मेट तत्काल प्रभाव से हटाए गए हैं जबकि लक्सर विकासखंड के कई विकास अधिकारियों पर भी जांच बैठ गई है। मनरेगा कार्यों की जांच जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है अब जांच रिपोर्ट आने का इंतजार है। जांच रिपोर्ट आने के बाद मनरेगा में हुए घोटाले का बड़ा खुलासा हो जाएगा। इस घोटाले में संबंधित कई अधिकारों का हाथ होने की आशंका जताई जा रही है।

एनएमएमएस ऐप फर्जी हाजिरी पुरानी तस्वीरों का दुरुपयोग मृत मजदूरों के नाम पर भुगतान निकालने का मामला भी सामने आ रहा है लक्सर विकासखंड में यह पहला मामला नहीं है इससे पहले भी हम मनरेगा में चल रहे घोटाले के मामले कई बार उठाते रहे हैं। कई बार जांच हुई और जांच के बाद संबंधित अधिकारी शामिल पाए गए और उनके ऊपर सख्त कार्रवाई हुई इस बार मामला पूरे जिले में है जिसकी जांच जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। लक्सर खंड विकास अधिकारी पवन सिंह सैनी ने बताया कि लक्सर में मनरेगा में कार्यरत 29 मेट हटाए गए हैं। मामला बेहद संवेदनशील है मनरेगा के इस बड़े मामले की जांच जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। सभी संबंधित कर्मचारियों अधिकारियों को काम से हटा दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई कीजाएगी देखना यह होगा की इस महा घोटाले में किस तरह से जांच की जाएगी या इस बड़ी जांच को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। यह भी एक बहुत बड़ा सवाल है।

## तीन के खिलाफ पशु क्रूरता में मुकदमा दर्ज

**पिरान कलियर।** गोवंश सरंक्षण स्क्वायड की टीम ओर कलियर पुलिस की संयुक्त टीम ने अलग अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध तरीके से भैंस वंशीय पशु का क्रूरतापूर्ण कटान कर मांस बेचने पर तीन आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया हैं।

पिरान कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि गो स्क्वायड टीम के एसआई शरद कुमार ओर कलियर पुलिस के एएसआई इमामुद्दीन कलियर में चौकिंग कर रहे थे।इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि पिरान कलियर में भैंस वंशीय पशु का कटान कर उसके मांस को बेचने के लिए दुकान पर लाया जा रहा हैं।सूचना पर टीम ने पिरान कलियर वार्ड एक में मांस की दुकान पर छापा मारकर दो अलग दुकानों पर से 220 किलोग्राम भैंस वंशीय पशु का मांस और उपकरण बरामद किए हैं।आरोपी पुलिस को देखकर फरार हो गए। पुलिस ने फरार आरोपी मुन्ना ,दानिश ,अख्तर निवासी वार्ड एक पिरान कलियर के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी हैं।

## एसपी देहात व सीओ रुड़की ने किया कलियर थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** एसपी देहात शेखर चन्द्र शुयाल ओर सीओ नरेन्द्र सिंह पंत ने कलियर थाने का अर्धवार्षिक ओर त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैरक की सफाई, मेस में बनने वाले भोजन की गुणवत्ता परखने के साथ थाने में रायफलों की साफ सफाई, मालखाने में रखे माल के रख-रखाव के बारें में जानकारी की। उन्होंने अभिलेखों की जांच करने साथ अधीनस्थों को लंबित विवेचनाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। एसपी देहात शेखर चन्द्र शुयाल ने बताया कि कलियर थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया है। जिसमें महिलाओं से जुड़े अपराधों ओर बाहरी व्यक्तियों की नियमित जांच कर सत्यापन करने के निर्देश थाना



प्रभारी को दिए गए। वाहन चेकिंग ओर संदिग्ध व्यक्तियों के सत्यापन के निर्देश दिए। उन्होंने अधीनस्थों को कुशल पर्यवेक्षण ओर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि थाने में अधिकतर व्यवस्था दुरुस्त पाई गई हैं। इस दौरान सीओ नरेन्द्र सिंह पंत, थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार, एसएसआई बबलू चौहान, ईमलीखेड़ा चौकी प्रभारी उमेश कुमार, धनौरी चौकी प्रभारी पुष्कर सिंह चौहान,एएसआई तरुण कुमार, इमामुद्दीन, हेड कॉन्स्टेबल कुंपाल सिंह तोमर, सोनू चौधरी,जमशेद अली, जितेंद्र सिंह, तेजपाल, नीरज राणा, सरिता राणा, सोफिया अंसारी अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहें।

## सट्टे की खाईबाड़ी करते एक सटोरिया दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा सट्टे की खाई बाड़ी करते हुए मुखबीर की सूचना पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

राजीव रौथाण कोतवाली पर भारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराअधियों संदिग्ध असामाजिक तत्व पर अंकुश लगाए जाने के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई 22 मई 2025 को चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को सट्टे की खाईबाडी करते हुए गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम अंकित पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी ग्राम बसेड़ी खादर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार उम्र 24 वर्ष बताया। उसके कब्जे से 2000 हजार रुपए नकद वह गत्ता पर्ची एक पेन बरामद हुआ है। उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में लक्सर पुलिस चौकी प्रभारी विपिन कुमार कांस्टेबल राजेंद्र सिंह महावीर सिंह शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## जियारत को आया किशोर गंगनहर में डूबकर लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह साबिर पाक में जियारत करने के लिए आया किशोर गंगनहर में डूबकर लापता हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर की मदद से किशोर की तलाश की।

जानकारी के अनुसार पिरान कलियर गंगनहर में जायरीनों के डूबने का सिलसिला जारी है। यूपी जिला रामपुर के खप्पारी निवासी शानिब (16)अपने रिश्तेदारों के साथ कलियर दरगाह साबिर में जियारत करने के लिए आया हुआ था।इस दौरान वह अपने रिश्तेदारों के साथ गंगनहर के स्नान करने के लिए चला गया। शानिब ओर उसका एक रिश्तेदार अलकैफ (10) दोनो एक साथ गंगनहर के घाट पर स्नान करने लगें तो अचानक शानिब का पैर फिसल गया ओर वह पानी के तेज बहाव में बहने लगा।शानिब को बचाने के लिए अलकैफ ने बचाने के लिए पानी में छलांग लगा दी। वह भी पानी के तेज बहाव में बहने लगा। वहां पर मौजूद अन्य रिश्तेदारों ने शोर मचा दिया।शोर की आवाज सुनकर आसपास स्नान कर रहे लोगों ने उन्हें बचाने के लिए गंगनहर में छलांग लगा दी।लोगों ने अलकैफ को तो बचा लिया लेकिन शानिब गंगनहर में डूबकर लापता हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर की मदद से किशोर की तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नही चल पाया। एसओ रविंद्र कुमार का कहना है कि गंगनहर में डूबकर लापता हुए किशोर की तलाश की जा रही है।

### गैस के टैंक में धमाका बाल-बाल बचा वेल्डर

**भगवानपुर।**कस्बे में वेल्डिंग की एक दुकान पर टैंकर में अचानक जोर का धमाका हो गया। दुकानदारों में भगदड़ मच गई। वेल्डर ने वहां से भागकर जान बचाई। भगवानपुर कस्बे के शाहपुर में एक ग्रामीण की वेल्डिंग की दुकान है। बृहस्पतिवार दोपहर अचानक गैस वेल्डिंग टैंक में जोर का धमाका हो गया। वेल्डर ने किसी तरह वहां से भागकर जान बचाई। धमाके की आवाज सुनकर आसपास की दुकानों में भी भगदड़ मच गई। लोगों ने कुछ देर बाद घटनास्थल की ओर पहुंचकर हादसे की जानकारी की। हादसे में कोई हताहत नहीं हो पाया।

## राम मूर्ति व इरशाद अंसारी बने मंगलौर भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** भाजपा के स्थानीय मंडल में नई कार्यकारिणी का गठन हो गया है। रुड़की जिले के प्रभारी दान सिंह रावत एवं जिला अध्यक्ष डॉक्टर मधु सिंह की सहमति से 15 सदस्यीय टीम बनाई है। वरिष्ठ भाजपा नेता अमित कुमार उर्फ राम मूर्ति और पूर्व सभासद इरशाद अंसारी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी में चार उपाध्यक्ष और दो महा मंत्री नियुक्त किए गए हैं।

भारतीय जनता पार्टी जिला रुड़की मंडल मंगलौर की लिस्ट के अनुसार उपाध्यक्ष पद पर अमित कुमार उर्फ राम मूर्ति, इरशाद अंसारी, आकाश त्यागी, और मीरा कपिल, को नियुक्त किया गया है। मंत्री पद पर श्रीमती अतुल खत्री, श्रीमती अमरेश कश्यप, मुकेश भटनागर,और अमन पाल, को चुना गया है। राहुल सतवारिया को मीडिया संयोजक और अनूप कश्यप को कार्यालय मंत्री बनाया गया है। निशांत शर्मा और नरेंद्र करणवाल को महामंत्री बनाया गया है। कोषाध्यक्ष



रामकुमार और आई टी संयोजक हरीश भारद्वाज, आकाश गौतम को सोशल मीडिया संयोजक बनाया गया है। उपाध्यक्ष अमित कुमार उर्फ राम मूर्ति ने कहा कि नई कार्यकारिणी पार्टी की नीतियों के अनुरूप काम करेगी। उपाध्यक्ष इरशाद अंसारी ने कहा कि सभी पदाधिकारी जनसेवा को प्राथमिकता देंगे। वे संगठन की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए काम करेंगे।

## सिविल अस्पताल की डायलिसिस यूनिट के स्टोर रूम में लगी आग, हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** रुड़की सिविल अस्पताल की डायलिसिस यूनिट के स्टोर रूम में बीती रात आग लग गई। गनीमत रही की समय रहते फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया। आग ज्यादा फैल नहीं पाई, लेकिन डायलिसिस यूनिट के स्टोर रूम का सामान जल गया। लाइट काटे जाने और धुआं भर जाने से अस्पताल की इमरजेंसी भी प्रभावित रही। आग के कारण अस्पताल में हड़कंप की स्थिति रही। सिविल अस्पताल रुड़की की इमरजेंसी के बराबर में ही डायलिसिस यूनिट बनी है। बीती रात डायलिसिस यूनिट के स्टोर रूम से अचानक धुआं निकलता नजर आया। इमरजेंसी में तैनात डॉ. सरफराज ने इसकी जानकारी स्टाफ और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और समय रहते आग पर काबू पा लिया। आग से स्टोर में रखा सामान जल गया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग बुझाने के लिए लाइट को काटना पड़ा। जिससे इमरजेंसी भी प्रभावित हुई। आग से डायलिसिस यूनिट की वायरिंग जल गई है। जिससे शुक्रवार को मरीजों की डायलिसिस नहीं हो पाई है। डायलिसिस के लिए आए मरीज को निराशा ही लौटना पड़ा। सिविल अस्पताल रुड़की के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि वायरिंग को ठीक कराया जा रहा है, जिसके बाद डायलिसिस यूनिट को संचालित कर दिया जाएगा।

## ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर पत्नी की मौत, पति गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** बाइक सवार एक दंपती को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पति-पत्नी दोनों को अस्पताल लाया गया। वहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। व्यक्ति का उपचार अभी चल रहा है। कस्बा भगवानपुर में खानपुर चौराहे के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। दोनों बाइक समेत सड़क पर जा गिरे। दुर्घटना में पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना को देखकर मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। वहीं चालक ट्रक को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। घायल पति-पत्नी को अस्पताल लाया गया। वहां महिला को मृत घोषित कर दिया गया। महिला के पति का उपचार एक निजी अस्पताल में चल रहा है। उनकी हालत भी गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक मृतका का नाम फुलबिंद्रा (26) निवासी रुहालकी दयालपुर है। महिला के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटनास्थल से ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।

**आवश्यक सूचना**

**मंगलौर में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**फिरोज खान**

(संवाददाता मंगलौर)

**मो. नं०** 9368483651

कार्यालय : आनंद मार्केट, मलानपुरा मंगलौर।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने लिए चार सैंपल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** चारधाम यात्रा को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग खाद्य और पेय पदार्थों पर विशेष नजर रखे हुए है। विभाग की ओर से लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बृहस्पतिवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलौर, लंढौरा और झबरेड़ा आदि क्षेत्रों में शीतल पेय की जांच की। इस दौरान कोल्ड ड्रिंक्स के चार सैंपल भी लिए गए। उन्हें जांच के लिए लैब भेजा गया है।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बृहस्पतिवार को वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेंद्र सिंह पाण्डेय की अगुवाई में मंगलौर, लंढौरा और झबरेड़ा में चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान कोल्ड ड्रिंक्स की बोतलों को जांचा गया। उनकी एक्सपाइरी डेट देखी गई। टीम ने इस दौरान अलग-अलग स्थानों से कोल्ड ड्रिंक्स के चार सैंपल लिए हैं। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेंद्र पाण्डेय ने बताया कि सैंपल को जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा सीजन चल रहा है। इसे देखते हुए हाईवे के किनारे स्थित सभी ढाबे, होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि खाने-पीने का सामान ताजा रखें। ब्रांडेड कंपनी का ही सामान इस्तेमाल करें। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। बासी खाना कतई भी किसी को न परोसे।

## ट्रेन के सामने कूदकर युवक ने की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** एक युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

झबरेड़ा थाना क्षेत्र के फाजिलपुर निवासी अंकुश (26) कुछ समय से परेशान था। बुधवार शाम को वह बाइक से रुड़की जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उसने पाडली गेंदा गांव में बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी और पर्स व मोबाइल भी बाइक के पास ही रख दिए। इसके बाद युवक अचानक ही दौड़कर रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया और वह सामने से आ रही ट्रेन के सामने कूद गया। ट्रेन की जोरदार टक्कर से युवक के शरीर के टुकड़े ट्रैक पर बिखर गए। घटना की जानकारी लगते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए। रेलवे पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर मृतक का पंचनामा भरवाया।

## सिविल हॉस्पिटल प्लांट का कार्य समय पर न करने पर एई ने ठेकेदार को हड़काया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सहायक अभियंता जुनैद गौड़ ने सिविल हॉस्पिटल के एस टी पी प्लांट के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय उन्होंने निर्माण सामग्री की जांच की और ठेकदार को समय से कार्य पूरा ना करने पर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने बताया ठेकदार सात दिन में कार्य पूरा करेगा अन्यथा कार्यवाही की जाएगी।



गौरतलब है कि जनपद में पहला सिविल हॉस्पिटल का ई टी पी प्लांट जल संस्थान गंगा द्वारा निर्माण कराया जा रहा है जिसे अपर निदेशक के कंसल द्वारा अपने विशेष प्रयासों से स्वीकृत कराया गया है शासन द्वारा बजट स्वीकृत कर दिया गया था जिसका जल संस्थान ने टेंडर कर निर्माण प्रारंभ करा दिया गया है जिसका निरीक्षण सहायक अभियंता जुनैद गौड़ द्वारा किया गया एवं नोडल अधिकारी सहायक अभियंता मुख्यालय अब्दुल साहब द्वारा किया गया। सहायक अभियंता जुनैद गौड़ ने बताया ठेकेदार को निर्देशित कर दिया गया है समांतर्गत कार्य ना करने पर कारवाई की जाएगी एवं गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर नीडल अधिकारी अब्दुल साहब सहायक अभियंता जुनैद गौड ,चौधरी चरण सिंह, ठेकेदार ए के तिवारी उपस्थित रहे।

## समर हत्याकांड: मंगलौर पुलिस ने पांच दबोचे

### बारात में दो पक्षों के संघर्ष में एक युवक हुई थी मौत, तीन हुए थे गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** समर हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया।मुजफ्फरनगर गई बारात में स्नो स्प्रे को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था जिसमें शुरुआती सुलह के बाद बस में फिर हुई झड़प और बारात वापस आने पर झगड़े में समरखान की मौत हुई थी जबकि 03 अन्य गंभीर घायल साथियों को हायर सेंटर रेफर किया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती 21 मई को मंगलौर क्षेत्र से नाजिम की बारात मुजफ्फरनगर गयी थी। बारात स्थल पर स्नो स्प्रे को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था उपस्थित लोगों के द्वारा बीचबचाव करने के कारण वहां मामला शांत हो गया था। वापसी के वक्त बारात की बस में दोनों पक्षों के बीच फिर से विवाद होने पर एक पक्ष ने कॉल कर अपने साथियों को बुला लिया। मृतक पक्ष जब बस से उतरा तो विपक्षियों ने झगड़े का बदला लेने लिए चाकू से ताबड़तोड़ वार करने शुरु कर दिए। हमले में घायल युवकों को अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों द्वारा समरखान को मृत घोषित किया गया था तथा अन्य 03 युवकों को हायर सेंटर रेफर किया गया। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के संबंध में एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल द्वारा दिए गए निर्देशों पर गठित टीम ने भौतिक तथा




वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाते हुए कुछ टीमों को आरोपियों के नाते रिश्तेदारों के घरों पर तलाश करने, कुछ टीमों को जनपद व शहर के आने जाने वाले रास्तों पर निगरानी रखने तथा एक टीम को स्थानीय मुखबिरों से मुलाकात कर लाभप्रद सूचना से पुलिस को अवगत कराने का टास्क दिया गया। लगातार प्रयासों के बीच मुखबिर सटीक सूचना पर पुलिस ने 05 आरोपित को दबोचकर उनके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किए गए। मुकदमें में अन्य धाराओं की बढ़ोतरी की गई। पकड़े गए आरोपियों में शाह आलम पुत्र अनवर निवासी हनुमान चौक के पास मु0नगर हाल मौ0 पठानपुरा मंगलौर, अब्दुल रहमान पुत्र इमरान निवासी मौ0 पठानपुरा थाना कोत0 मंगलौर हरिद्वार, फैजू पुत्र अनवर निवासी मु0 नगर हाल निवासी मौ0 पठानपुरा कोत0 मंगलौर, अमन उर्फ साहिल पुत्र रियासत निवासी हापुड हाल निवासी मौ0 पठानपुरा कस्बा मंगलौर हरिद्वार,गुलजार पुत्र गुलबहार निवासी मौ0 पठानपुरा कस्बा मंगलौर जिला हरिद्वार को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक शान्ति कुमार,वरिष्ठ उप निरीक्षक रफत अली, उप निरीक्षक मुनब्बर हुसैन, नीरज रावत, वीरपाल, अपर उप निरीक्षक गजपाल, हैड कांस्टेबल श्मयाबाबू, माजिद, कांस्टेबल मन्दीप, शहजाद, रविन्द्र खत्री और फील्ड यूनिट टीम में कॉन्स्टेबल विनय भट्ट,अनिल चौहान और कांस्टेबल अर्जुन शामिल रहे।

# सम्पादकीय

शनिवार, 24 मई 2025

## विदेश नीति पर सवाल

एक तरफ आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त पाक को बेनकाब करने के लिए हमारे सात डेलिगेशन विदेशी दौरों पर हैं, जिसमें 50 से अधिक सांसद व राजनयिक हैं। तो दूसरी तरफ देश में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। निश्चित रूप से यह बेहद विचित्र स्थिति है। असल सवाल यह है कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है सरकार या विपक्ष। विपक्ष का मानना है कि सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल पूछना कोई अपराध नहीं है। अगर सवाल सरकार से नहीं पूछा जाएगा तो फिर किससे पूछा जाएगा। तो वहीं सरकार का मानना है कि यह समय इस तरह के सवालों का नहीं है जिस तरह के सवाल विपक्ष कर रहा है। बेशक हर बात का जवाब नहीं दिया जा सकता, लेकिन यह तो सरकार को भी मानना पड़ेगा कि हर चीज गोपनीयता के खोल में लपेटी नहीं जा सकती। कुछ का बताया जाना बेहद जरूरी होता है। विशेषकर उन चीजों का, जिनको देश नंगी आंखों से देख रहा हो। इस समय नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सरकार की विदेश नीति पर सवाल खड़े कर रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने मोदी सरकार की विदेश नीति पर खुलकर आरोप लगाते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े किए। अपनी एक पोस्ट के माध्यम से उन्होंने सरकार से जानना चाहा कि कुछ देश पाक को भारत की बराबरी पर क्यों रख रहे हैं। उनकी पोस्ट कहती है कि एक भी देश पाकिस्तान की निंदा करने में हमारा साथ क्यों नहीं दे रहा है। उन्होंने अपनी पोस्ट में यह भी सवाल उठाया कि डोनाल्ड ट्रम्प को भारत-पाक के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा। बात यहीं खत्म नहीं होती ट्रम्प ने दोनों देशों के बीच कश्मीर मुद्दे पर भी मध्यस्थता करने की अपनी इच्छा जताई। इस तरह अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने बयानों में भारत-पाक को समान स्तर पर रखा है। इसमें कोई दो राय नहीं है, पहलगाम में 22 अप्रैल को पाक आतंकियों द्वारा 26 निर्दोष लोगों की हत्या करने के बाद कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। उससे उपजे तनाव में भारत के साथ कोई भी देश खुलकर आता दिखाई नहीं दिया, जबकि पाक के साथ तुर्कीए, अजरबेजान व चीन जैसे देश खुलकर भारत के विरुद्ध युद्ध के मैदान में खड़े दिखाई दे रहे थे, जबकि युद्ध अभी पूरी तरह शुरू भी नहीं हुआ था। निश्चित रूप से यह भारत की विदेश नीति की कमजोरी ही कहा जाएगा चाहे सरकार स्वीकार करे या न करे, उससे बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। रही-सही कसर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पूरी करते दिखाई दे रहे हैं। दस मई को जो सीज फायर हुआ था, उसका श्रेय वह स्वयं लेते दिखाई दे रहे हैं। जबकि भारत का कहना है कि सीजफायर पाक व भारत के साथ सीधी बातचीत के चलते ही संभव हुआ। अब सवाल यह है कि फिर ट्रम्प ऐसा क्यों कह रहे हैं। उनकी बातों का खंडन सार्वजनिक रूप से क्यों नहीं किया जा रहा है। यही बात राहुल गांधी भी उठा रहे हैं। सवाल यहां किसी की राजनीतिक नाकामी का नहीं है, यह कोई हार-जीत का मामला नहीं है, बल्कि अपनी कमियों को दूर करने का मामला है।

### सरकार विदेश नीति को कमजोर कर रही



केंद्र की मोदी सरकार विदेश नीति को कमजोर कर रही है और विदेशमंत्री जयशंकर की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं, श्री जयशंकर को यह जवाब देना चाहिए कि कुछ देश पाकिस्तान को भारत के बराबरी पर क्यों रख रहे हैं और एक भी देश पाकिस्तान की निंदा करने में हमारा साथ क्यों नहीं दे पा रहा है, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भारत, पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा था, भारत की विदेश नीति लड़खड़ा गई है, ट्रम्प लगातार कह रहे हैं कि उन्होंने भारत, पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वह दोनों देशों के बीच कश्मीर मुद्दे पर भी मध्यस्थता करने को तैयार हैं।

-राहुल गांधी
लोकसभा में विपक्ष के नेता

## किशोरों में हिंसक प्रवृत्ति गंभीर चुनौती




ललित गर्ग

भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नए भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है, क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है।

कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है। 14-15 साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खौफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। जाहिर है दसवीं-11वीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दर्शाती है। ऐसी कई अन्य घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है।

जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती। यह दुखद है कि एक मृतक किशोर पांच बहनों का अकेला भाई था। घटना से उपजी त्रासदी से उसके परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है। उनके लिए जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख एवं संत्रास पैदा हुआ है। बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है? पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर सिनेमा तक उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मन: स्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा? बहरहाल, इस हृदयविदारक एवं त्रासद घटना ने नई बन रही समाज एवं परिवार व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े किए हैं। सवाल नए बन रहे समाज की नैतिकता एवं चरित्र से भी जुड़े हैं। निश्चित ही किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक एवं खौफनाक ही है, लेकिन सवाल यह है कि 14-15 साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में यह सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारे अभिभावक बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रहे हैं ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? क्यों लड़कियों से छेड़छाड़ की अश्लील एवं कामूक घटनाएं बढ़ रही है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष उपेक्षित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है? क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला हिंसा एवं क्रूरता से गला काटना हो सकता है? धनौरी की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज एवं विशेषत: किशोर पीढ़ी में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है। अब तक हिन्दी सिनेमा से समाज के किशोरवय और युवाओं में गलत संदेश गया कि निजी जीवन में छेड़खानी ही प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीनता ने गुमराह किया है। बॉक्स ऑफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता एवं हिंसक प्रवृत्ति भर दी कि किशोरों में हिंसक एवं अराजक सोच पैदा हुई।



**"हमारे देश में भी शीर्ष अदालत ने समय-समय पर ऐसी घटनाओं पर तल्ख टिप्पणियां की हैं। क्या इन दर्दनाक घटनाओं से हमारे अभिभावकों, समाज-निर्माताओं एवं हमारे सत्ताधीशों की आंख खुलेगी? बच्चों से जुड़ी हिंसा की इन वीभत्स एवं त्रासद घटनाओं से जिन्दगी सहम गई है। हमें मानवीय मूल्यों के लिहाज से भी विकास एवं नई समाज-व्यवस्था की परख करनी होगी। बच्चों के भीतर हिंसा मनोरंजन की जगह ले रही है। इसी का नतीजा है कि छोटे स्कूली बच्चे भी अपने किसी सहपाठी की हत्या तक कर रहे हैं।"**

इंटरनेट के विस्तार और सोशल मीडिया के प्रसार से स्वच्छंद यौन व्यवहार का ऐसा अराजक एवं अनियंत्रित रूप सामने आया कि जिसने किशोरों व युवकों को पथभ्रष्ट एवं दिग्भ्रमित करना शुरू कर दिया। आज संकट यह है कि हर किशोर के हाथ में आया मोबाइल उसे समय से पहले वयस्क बना रहा है। जिस पर न परिवार का नियंत्रण है और न ही शिक्षकों का। मन जो चाहे वही करो की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वछन्द हो जाते हैं। अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं बच पा रहा। आज किशोरों एवं युवाओं को प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व नए-नए एप पश्चिमी अपसंस्कृति से संचालित हैं। इन पर अश्लीलता और यौन-विकृतियों वाले कार्यक्रमों का बोलबाला है। ऐसे कार्यक्रमों की बाढ़ हैं जिनमें हमारे पारिवारिक व सामाजिक रिश्तों में स्वच्छंद यौन व्यवहार को हकीकत बनाने का खेल चल रहा है। पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवादहीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे बच्चों में मान-मर्यादा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं एवं यौनाचार ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। भारतीय बच्चों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है। वे मानसिक तौर पर बीमार बन रहे हैं, वे आत्मघाती-हिंसक बन रहे हैं और अपने पास उपलब्ध खतरनाक एवं घातक हथियारों का इस्तेमाल कर हत्याकांड कर बैठते हैं।

ऑस्ट्रिया के क्लागेनफर्ट विश्वविद्यालय की ओर से किशोरों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि दुनिया भर में 35.8 प्रतिशत से ज्यादा किशोर मानसिक तनाव, अनिद्रा, अकारण भय, पारिवारिक अथवा सामाजिक हिंसा, चिड़चिड़ापन अथवा अन्य कारणों से जूझ रहे हैं। एकाकीपन बढ़ने से वे ज्यादा आक्रामक और विध्वंसक सोच की तरफ बढ़ने लगे हैं। मोबाइल व कथित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बह रहे नीले जहर से किशोर अराजक यौन व्यवहार एवं हिंसक प्रवृत्तियों की तरफ उन्मुख हुए हैं। किशोरों को समझाने वाला कोई नहीं है कि यह रास्ता आत्मघात का है। आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व ब्रिटेन जैसे देश किशोरों को मोबाइल से दूर रखने हेतु कानून बना रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## सबसे खूबसूरत महारानी थी गायत्री देवी

**इंदिरा गांधी और गायत्री देवी गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के बंगाल में स्थापित शांतिनिकेतन के स्कूल पाठ भवन में एक साथ पढ़ी थीं। दोनों तभी से एक-दूसरे को जानती थीं। हालांकि, दोनों में दुश्मनी की वजह खूबसूरती थी या कुछ और इस बारे में कोई दस्तावेजी साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। वरिष्ठ पत्रकार खुशवंत सिंह ने जरूर अपनी लेखनी और साक्षात्कारों में यह इशारा किया था कि इंदिरा गांधी खुद से सुंदर महिला को अपने आसपास भी बर्दाश्त नहीं कर पाती थीं।**

भारत की महिलाएं हर क्षेत्र में विश्व स्तर पर अपना परचम लहरा रही हैं। आज ही के दिन यानी की 23 मई को महारानी गायत्री देवी का जन्म हुआ था। वह शाही परिवार से ताल्लुक रखती थीं। गायत्री देवी ने शादी के बाद न सिर्फ अपने राज्य को संभाला बल्कि राजनीति में भी अहम योगदान दिया था। उस दौर में महारानी गायत्री देवी की टक्कर इंदिरा गांधी से हुआ करती हैं। माना जाता है कि वह किसी भी मामले में इंदिरा गांधी से कम नहीं थीं। वहीं कुछ लोगों का ऐसा भी मानना है कि इंदिरा गांधी को गायत्री देवी से जलन थीं। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर गायत्री देवी के राजशाही जीवन और राजनीतिक करियर के बारे में।।।

### जन्म और परिवार

लंदन में 23 मई 1919 को महारानी गायत्री देवी का जन्म हुआ था। वह जयपुर के राजघराने से ताल्लुक रखती थीं। इनके पिता का नाम राजकुमार जितेंद्र नारायण था, जोकि बंगाल में कूचबिहार के युवराज के छोटे भाई थे। कूंच बिहार के राजा की मृत्यु के बाद जितेंद्र नारायण वहां के राजा बन गए। महारानी गायत्री और उनके अन्य भाई-बहन छोटे ही थे, जब उनके पिता का निधन हो गया था। जिसके बाद माता इंदिरा राजे ने राजघराने और बच्चों को संभाला था।

### लव लाइफ और शादी

गायत्री देवी प्यार और शादी के मामले में अपनी मां इंदिरा राजे जैसी ही थीं। सिर्फ 12 साल की उम्र में उनको जयपुर के राजा मानसिंह बहादुर से प्यार हो गया। जबकि मानसिंह की पहले से दो शादियां हो चुकी थीं। मानसिंह गायत्री देवी से 9 साल बड़े थे। जब गायत्री देवी 16 साल की हुईं, तो मानसिंह ने उनसे शादी के बारे में पूछा, वहीं गायत्री देवी ने हामी भर दी और समाज के खिलाफ जाकर मानसिंह से शादी कर ली।

### राजनीतिक जीवन

मानसिंह बहादुर से शादी के बाद गायत्री सिंह जयपुर की महारानी बन गईं। उनको न तो बंगाली और न ही राजस्थानी भाषा सही से बोलनी आती थी। वह अंग्रेची और फेंच में बात किया करती थीं। उस दौर में गायत्री सिंह को सबसे सुंदर महिला का खिताब मिला था। हालांकि राजनीति में गायत्री देवी को अपनी बेबाकी के लिए भी जाना जाता था। साल 1962 में स्वतंत्र पार्टी के टिकट पर उन्होंने पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा और 1 लाख 92 हजार वोटों से जीत हासिल की थी। उस दौरान इतनी बड़ी जीत की वजह से उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो गया था।

### इंदिरा गांधी से विवाद

एक बार गायत्री देवी की संसद में जवाहर लाल नेहरू से बहस हो गई थी। हालांकि नेहरू और गायत्री देवी के बीच राजनीतिक विरोध था, लेकिन जब इंदिरा गांधी राजनीति में आईं, तो यह निजी बन गया। गायत्री देवी और इंदिरा गांधी दोनों एक-दूसरे को बचपन से जानती थीं। एक बार सदन में इंदिरा गांधी ने गायत्री देवी को कांच की गुड़िया कहकर पुकारा था। दोनों का एक किस्सा मशहूर है, जब महारानी गायत्री देवी को जेल में डालकर इंदिरा गांधी ने जयगढ़ के किले में फौज भेज दी थी।



### मृत्यु

वहीं 29 जुलाई 2009 को 90 साल की उम्र में महारानी गायत्री देवी का निधन हो गया था।

## आज भी विकासशील अवस्था में है भारत की शिक्षा व्यवस्था

भारत में शिक्षा प्रणाली एक लंबे समय से विकासशील अवस्था में है। स्वतंत्रता के पश्चात शिक्षा नीति में अनेक सुधार किए गए, लेकिन आज भी यह प्रणाली कई चुनौतियों से जूझ रही है। बदलते समय के साथ एक ऐसी शिक्षा प्रणाली की आवश्यकता है जो न केवल रोजगारपरक हो, बल्कि मानवीय मूल्यों, नवाचार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक समानता को भी बढ़ावा दे। भारत में एक सर्वोत्तम शिक्षा प्रणाली कैसे विकसित की जा सकती है।

भारत में शिक्षा की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए यह आवश्यक है कि हम इसे केवल स्कूल या विश्वविद्यालय तक सीमित न रखें। शिक्षा को जीवन के हर स्तर पर समझने की आवश्यकता है चाहे वह प्राथमिक स्तर हो, माध्यमिक हो, उच्च शिक्षा हो या व्यावसायिक प्रशिक्षण। वर्तमान समय में जो सबसे बड़ी चुनौती सामने है वह है शिक्षा की गुणवत्ता और उसका असमान वितरण। महानगरों में जहां आधुनिक तकनीक, अच्छे शिक्षक और संसाधन उपलब्ध हैं, वहीं ग्रामीण भारत आज भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। इस अंतर को पाटे बिना एक समावेशी और उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली की कल्पना अधूरी है।

एक सशक्त शिक्षा प्रणाली का निर्माण प्रारंभिक शिक्षा से ही होता है। यह वह आधारशिला है जिस पर विद्यार्थी का सम्पूर्ण बौद्धिक विकास निर्भर करता है। इस स्तर पर शिक्षकों की भूमिका निर्णायक होती है। यदि शिक्षक को प्रेरणा, प्रशिक्षण और आत्मनिर्भरता मिले, तो वह समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। भारत में शिक्षकों की स्थिति को सुधारने की आवश्यकता है। उन्हें केवल पाठ्यपुस्तक पढ़ाने वाला माध्यम न समझा जाए, बल्कि एक मार्गदर्शक, विचारक और प्रेरक के रूप में देखा जाए। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा पास करना या नौकरी पाना नहीं होना चाहिए। यह व्यक्ति को सोचने, समझने, सवाल करने और समाधान निकालने की क्षमता देनी चाहिए। आज की शिक्षा प्रणाली में यह दृष्टिकोण अभी सीमित रूप से ही देखने को मिलता है। अधिकतर स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों को रटने के लिए मजबूर किया जाता है। यह प्रवृत्ति छात्रों की रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को दबा देती है। इसलिए हमें मूल्य आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना होगा। इसमें केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारियों, और सांस्कृतिक समझ को भी स्थान मिलना चाहिए।



**भारत एक बहुभाषी देश है, और यहां बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा देना आवश्यक है। शोध बताते हैं कि बच्चे अपनी पहली भाषा में जल्दी सीखते हैं। जब वे प्रारंभिक शिक्षा अपनी मातृभाषा में प्राप्त करते हैं, तो वे बेहतर समझ पाते हैं और अभिव्यक्ति में भी सशक्त होते हैं। इसलिए शिक्षा नीति में मातृभाषा को प्राथमिकता देना चाहिए, साथ ही धीरे-धीरे राष्ट्रीय और वैश्विक भाषाओं का भी समावेश करना चाहिए ताकि बच्चों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार किया जा सके। भारत में शिक्षा को सर्वोत्तम बनाने के लिए एक और महत्वपूर्ण आवश्यकता है।**

पाठ्यक्रम और मूल्यांकन प्रणाली भी शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं। भारत में आज भी परीक्षा प्रणाली का मूल आधार अंक प्राप्त करना है, न कि ज्ञान की गहराई को परखना। बच्चों को नंबर की दौड़ में शामिल कर दिया जाता है, जिससे उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। आवश्यकता है कि हम ऐसी परीक्षा प्रणाली विकसित करें जो बच्चों की समझ, नवाचार, और व्यावहारिक ज्ञान का आकलन कर सके। यह तभी संभव है जब हम शिक्षा को एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सीखने की प्रक्रिया के रूप में देखें। तकनीक के इस युग में डिजिटल शिक्षा की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। भारत में डिजिटल इंडिया के अंतर्गत अनेक प्रयास किए गए हैं, लेकिन इनका लाभ सभी तक नहीं पहुंच पाया है। एक समतामूलक शिक्षा प्रणाली के लिए यह आवश्यक है कि देश के प्रत्येक कोने में इंटरनेट, मोबाइल उपकरण और डिजिटल सामग्री उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही शिक्षकों को भी तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे इसे प्रभावी ढंग से कक्षा में उपयोग कर सकें। डिजिटल शिक्षा केवल शहरी बच्चों का विशेषाधिकार न बने, यह सुनिश्चित करना राज्य और केंद्र सरकार दोनों की जिम्मेदारी है। शिक्षा में भाषा का महत्व भी विशेष है।

### शिक्षा का माध्यम

भारत एक बहुभाषी देश है, और यहां बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा देना आवश्यक है। शोध बताते हैं कि बच्चे अपनी पहली भाषा में जल्दी सीखते हैं। जब वे प्रारंभिक शिक्षा अपनी मातृभाषा में प्राप्त करते हैं, तो वे बेहतर समझ पाते हैं और अभिव्यक्ति में भी सशक्त होते हैं। इसलिए शिक्षा नीति में मातृभाषा को प्राथमिकता देना चाहिए, साथ ही धीरे-धीरे राष्ट्रीय और वैश्विक भाषाओं का भी समावेश करना चाहिए ताकि बच्चों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार किया जा सके। भारत में शिक्षा को सर्वोत्तम बनाने के लिए एक और महत्वपूर्ण आवश्यकता है। नीति और क्रियान्वयन में समन्वय। अक्सर देखा जाता है कि नीतियां तो बहुत अच्छी बनती हैं, लेकिन उनका क्रियान्वयन कमजोर होता है। इसके लिए सरकार, शैक्षणिक संस्थाएं, शिक्षक और समाज सभी को मिलकर कार्य करना होगा। स्कूलों और कॉलेजों को केवल परीक्षा केंद्र नहीं, बल्कि ज्ञान के केंद्र बनाना होगा। अभिभावकों को भी यह समझने की आवश्यकता है कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि संपूर्ण विकास का माध्यम है। इसके अतिरिक्त शिक्षा में नवाचार को भी बढ़ावा देना होगा। नवाचार का अर्थ केवल तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि सोचने के तरीके में भी परिवर्तन से है। विद्यार्थियों को ऐसे प्रोजेक्ट्स, समस्याएं और चुनौतियां दी जाएं जो उन्हें सोचने, विश्लेषण करने और समाधान निकालने में मदद करें। इसके लिए कक्षाओं में प्रयोग, चर्चा, समूह कार्य और परियोजना आधारित शिक्षा को अपनाया जाना चाहिए। अंत में यह समझना आवश्यक है कि भारत की शिक्षा प्रणाली में सुधार केवल सरकार या संस्थानों की जिम्मेदारी नहीं है। यह एक सामाजिक प्रयास है जिसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। जब तक हम शिक्षा को एक सामाजिक मिशन के रूप में नहीं देखेंगे, तब तक हम उसमें व्यापक और गहरा परिवर्तन नहीं ला सकेंगे।

यदि हम वास्तव में भारत में एक सर्वोत्तम शिक्षा प्रणाली चाहते हैं, तो हमें शिक्षा को केवल लाभ का साधन नहीं, बल्कि जीवन के परिवर्तन का माध्यम मानना होगा। तभी हम एक ऐसे भारत की कल्पना कर पाएंगे जहां हर बच्चा अपने सपनों को साकार कर सके, और जहां शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला बन जाए। यही एक समृद्ध, सशक्त और संवेदनशील राष्ट्र की आधारशिला होगी।

...साभार

## ट्रम्प का मिजाज निराला

# हार्वर्ड में अब विदेशी छात्रों के दाखिले पर रोक



ट्रम्प प्रशासन का फैसला, अभी यहां सात हजार विदेशी छात्र इनमें 788 भारतीय शामिल

**न्यूयार्क।** अमेरिका के डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की विदेशी स्टूडेंट्स को एडमिशन देने की योग्यता रद्द कर दी है। अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने गुरुवार देर रात होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) को हार्वर्ड के स्टूडेंट एंड एक्सचेंज विजिटर प्रोग्राम (एसईवीपी) का सर्टिफिकेशन तत्काल प्रभाव से रद्द करने का आदेश दिया। विदेशी स्टूडेंट्स को एडमिशन देने की योग्यता वापस पाने के लिए हार्वर्ड को 72 घंटों में मौजूदा बाहरी स्टूडेंट्स की जानकारी देनी होगी।

अभी यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे सभी विदेशी छात्रों को दूसरे संस्थानों में ट्रांसफर लेने के लिए कहा गया है। नहीं तो उन्हें देश छोड़ना पड़ सकता है। बीते कुछ दिनों से हार्वर्ड और सरकार के बीच विदेशी छात्रों से जुड़े रिकार्ड को लेकर खींचतान चल रही थी। क्रै ने अप्रैल में कहा था कि अगर हार्वर्ड ने 30 अप्रैल तक विदेशी स्टूडेंट्स के अवैध और हिंसक मामलों का पूरा रिकार्ड नहीं दिया, तो उसका एसईवीपी सर्टिफिकेशन छीन लिया जाएगा। यूनिवर्सिटी ने जो रिकार्ड दिया था, उससे प्रशासन संतुष्ट नहीं है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में लगभग 27 प्रतिशत बाहरी छात्र हैं। वहां अभी लगभग 6800 विदेशी स्टूडेंट्स पढ़ रहे हैं। इनमें भारत के 788 छात्र हैं। ज्यादातर स्टूडेंट्स एफ-1 या जे-1 वीजा पर हैं। एफ-1 वीजा अमेरिकी शैक्षणिक संस्थान में पढ़ने वाले छात्रों के लिए है, जबकि जे वीजा स्कालर्स, रिसर्चर्स सहित एक्सचेंज विजिटर्स के लिए है। अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने हार्वर्ड को दो पेज का एक लेटर भेजा है। ट्रम्प प्रशासन बोला: यूनिवर्सिटी यहूदी-विरोधी सोच को बढ़ावा दे रही ट्रम्प प्रशासन में होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने हार्वर्ड को लिखा लेटर एक्स पर शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड को अपने कैंपस में हिंसा, यहूदी-विरोधी सोच को बढ़ावा देने और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के साथ समन्वय बनाने के लिए जिम्मेदार ठहराता है। यूनिवर्सिटीज के लिए विदेशी छात्रों को एडमिशन देना और उनसे मोटी फीस लेना, जिससे वे अपनी मल्टी-अरब डालर के खजाने को बढ़ा सके, एक विशेषाधिकार है, न कि अधिकार। हार्वर्ड को कई मौके दिए, लेकिन वह कानून का पालन करने में विफल रही। यह कार्रवाई इसे देश भर के सभी यूनिवर्सिटी और शैक्षणिक संस्थानों के लिए एक चेतावनी है। होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने एक्स पर अपने पोस्ट के साथ लेटर शेयर किया। होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) अपने बयान में कहा कि हार्वर्ड को लीड कर रहे लोगों ने अमेरिका विरोधी, आतंकवाद समर्थक आंदोलनकारियों को कई यहूदी छात्रों को परेशान करने और शारीरिक रूप से हमला करने की अनुमति दी।

### कनाडा में विदेशी छात्रों का पढ़ाई करना हुआ मुश्किल

**ओटावा।** कनाडा ने इंटरनेशनल स्टूडेंट को दिए जाने वाले स्टडी परमिट की संख्या में कटौती की है। पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 2025 की पहली तिमाही में भारतीय स्टूडेंट को दिए गए परमिट में 31 प्रतिशत की गिरावट आई है। इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटिजनशिप कनाडा (आईआरसीसी) के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी-मार्च 2025 के बीच सिर्फ 30640 स्टूडेंट को स्टडी परमिट दिया गया। जबकि 2024 में इसी अवधि के दौरान यह संख्या 44295 थी। जनवरी 2025 में, कनाडा की आबादी 4 करोड़ 15 लाख थी, जिसमें अस्थायी निवासियों की संख्या 3 करोड़ 2 लाख थी। यह लगभग 7.25 प्रतिशत है। कनाडा सरकार इसे 2028 तक 5 प्रतिशत से कम पर ले जाना चाहती है। लिए स्टडी परमिट की लिमिट 437000 कर दी है, जो 2024 के मुकाबले 10 प्रतिशत कम है। यह सीमा 2026 तक लागू रहेगी। कनाडा ने साल 2023 से ही इंटरनेशनल स्टूडेंट की संख्या को कम करने के लिए कोशिश शुरू कर दी थी। कनाडा ने 2023 में कुल 6.81 लाख स्टडी परमिट जारी किए, जिनमें से 2.78 लाख भारतीय छात्रों के लिए थे।

## इंडोनेशिया, नेपाल में भूकंप के झटके

**जकार्ता।** इंडोनेशिया और नेपाल में शुक्रवार को भूकंप के तीव्र झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इंडोनेशिया में भूकंप की तीव्रता 6.0 जबकि नेपाल में 4.3 मापी गई। इंडोनेसिया के पश्चिमी बेंगकुलु प्रांत में भूकंप से कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए और कुछ लोग घायल हो गए। भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार तड़के 02:52 बजे महसूस किए गए। इसका केंद्र बेंगकुलु शहर से 47 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में समुद्र तल से 84 किलोमीटर नीचे था। बेंगकुलु प्रांत की आपदा प्रबंधन एजेंसी के सचिव रेजा अफ्यिान्टो ने बताया कि बेंगकुलु शहर के लोगों ने भूकंप के बहुत तेज झटके महसूस किए। शहर में 33 घर क्षतिग्रस्त हो गए।




जम्मू-कश्मीर। किश्तवाड़ में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान कड़ी सुरक्षा के बीच एक पुलिस अधिकारी पहरा देते हुए।

# सिंधु जल संकट पर पाक के सांसद का भी गला सूखा

### पीटीआई सांसद ने कहा: पाकिस्तान की 90% फसलें इसी पर निर्भर, संकट नहीं सुलझा, तो भूखे मर जाएंगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सांसद सैयद अली जफर ने सिंधु जल संकट को बताया वाटर बम बताया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि वो जल्द से जल्द से संकट से बाहर निकलने के लिए कोई कदम उठाए। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी से सांसद अली जफर ने शुक्रवार को पाकिस्तान संसद में कहा कि हमारा हर 10 में से 9 आदमी इसी पर नदी पर निर्भर है। हमारी 90 प्रतिशत फसलों को इसी नदी से पानी मिलता है।

उन्होंने कहा: अगर हम इस जल संकट को अभी नहीं सुलझाते, तो हम भूख से मर सकते हैं। इसकी वजह यह है कि सिंधु बेसिन हमारी लाइफ लाइन है। हमारा तीन-चौथाई पानी देश के बाहर से आता है। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी ने भारत को धमकी भरा बयान दिया है। शरीफ ने एक बयान में कहा, अगर तुम (भारत) हमारा पानी बंद करोगे, तो हम तुम्हारी सांसें बंद कर देंगे। चौधरी ने कहा भारत सोचता है कि वह पाकिस्तान का पानी रोक देगा। यह एक



**24 करोड़ लोगों का पानी रोकना संभव ही नहीं है**

पागलपन से भरी सोच है। 24 करोड़ लोगों का पानी रोकना संभव ही नहीं है। प्रवक्ता चौधरी ने यह बयान पाकिस्तान के एक विश्वविद्यालय में भाषण के दौरान की। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो गया है। हालांकि, यह वीडियो किस कार्यक्रम और जगह का है, इसकी फिलहाल जानकारी नहीं है। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में 5 आतंकियों ने 26 टूरिस्ट्स की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके अगले दिन पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत ने 5 बड़े फैसले लिए थे। इसमें 65 साल पुरानी सिंधु जल संधि को रोका गया था। अटारी चेक पोस्ट बंद कर दिया गया था। वीजा बंद कर दिया गया और उच्चायुक्तों को हटा दिया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं। सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47: जमीन पाकिस्तान, 39 प्रतिशत जमीन भारत, 8 प्रतिशत जमीन चीन और 6 प्रतिशत जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं। 1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के पहले से ही भारत के पंजाब और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच नदियों के पानी के बंटवारे का झगड़ा शुरू हो गया था।

## यूरेनियम संवर्धन पर रोक को लेकर तेहरान बिफरा

**तेहरान।** ईरान ने स्पष्ट कहा है कि अगर अमेरिका उसके यूरेनियम संवर्धन को रोकना चाहता है तो उसके साथ कोई परमाणु समझौता नहीं होगा। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने शुक्रवार को इटली की राजधानी रोम में ईरान और अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के पांचवें दौर से पहले सरकारी आईआरआईबी टीवी के साथ एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की।

उन्होंने कहा हमारे बीच अभी भी बुनियादी मतभेद मौजूद हैं। अमेरिकी पक्ष ईरान में यूरेनियम संवर्धन में विश्वास नहीं करता है। अगर यह उनका उद्देश्य है, तो कोई समझौता नहीं होगा। अराघची ने अमेरिकी अधिकारियों की हाल की उन मांगों के संदर्भ में यह टिप्पणी की जिसमें

**ईरान के विदेश मंत्री ने कहा: अमेरिका के साथ परमाणु समझौता नहीं**

कहा गया था कि वह (अमेरिका) चाहता है कि ईरान अपनी धरती पर यूरेनियम संवर्धन को पूरी तरह से रोक दे। उन्होंने कहा यदि वे चाहते हैं कि ईरान परमाणु हथियारों की ओर न बढ़े, तो यह हासिल किया जा सकता है। हम परमाणु हथियार नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 2015 में ईरान और कई अन्य देशों के बीच हस्ताक्षरित परमाणु समझौता अब प्रभावी नहीं है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि समझौता खत्म हो गया है तथा औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना के रूप में जाना जाने वाला समझौता फिर से शुरू किया जा सकता है।

# बांग्लादेश में यूनुस के विदाई के आसार, इस्तीफे की पेशकश

### बढ़ते विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार विचलित

**ढाका।** बंगलादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस देश में बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर अपने पद से इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं।

नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के संयोजक नाहिद इस्लाम ने बीबीसी बंगला से बातचीत में कहा कि देश के मुख्य सलाहकार इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूनुस ने गुरुवार को अपने कार्यालय में सलाहकार परिषद की बैठक में इस्तीफा देने की इच्छा व्यक्त की तथा अपनी सरकार के प्रदर्शन और कर्तव्यों को लेकर बढ़ते सवालों पर चिंता भी व्यक्त की। इस्लाम ने कहा कि यूनुस ने परस्पर विरोधी मांगों को

**यूनुस ने परस्पर विरोधी मांगों को लेकर बढ़ते विरोध प्रदर्शनों पर चिंता व्यक्त की**


लेकर बढ़ते विरोध प्रदर्शनों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने मुख्य सलाहकार के हवाले से कहा कि मैं इस तरह काम नहीं कर सकता, अगर आप सभी राजनीतिक दल एकमत नहीं हो सकते। एनसीपी नेता ने यूनुस से जल्दबाजी में ऐसा कोई फैसला न लेने का आग्रह किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह (यूनुस) पार्टियों के बीच एकता सुनिश्चित करेंगे और सभी उनका सहयोग करेंगे। सोशल मीडिया पर बढ़ती अटकलों के बीच नाहिद के अलावा सूचना सलाहकार



महफूज आलम और स्थानीय सरकार सलाहकार आसिफ महमूद शोजिब भुइयां ने भी कल शाम यूनुस से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की।

# पाकिस्तान में कोरोना से एक हफ्ते में चार लोगों की मौत

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** पाकिस्तान के कराची में बीते एक हफ्ते में कोरोना की वजह से 4 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में ज्यादातर बुजुर्ग थे और ये लोग पहले से ही कई बीमारियों से जूझ रहे थे। ये सभी मौतें आगा खान यूनिवर्सिटी हास्पिटल में हुई है। यहां पर बीते कुछ दिनों से लगातार कोरोना मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। वहीं, भारत में अब तक कोरोना के 312 नए मामले मिले हैं।



केरल में सबसे ज्यादा 95, तमिलनाडु में 66 और महाराष्ट्र में 56 नए केस मिले हैं। इन नए मामलों के लिए कोरोना के जेएन1 वैरिएंट को वजह माना जा रहा है। कराची के श्वसन रोग एक्सपर्ट्डा. जावेद खान ने मीडिया को बताया कि पिछले हफ्ते से हर दिन 8 से 10 कोविड-19 के पॉजिटिव मामले देखे जा रहे हैं। वहीं, सिंध की स्वास्थ्य मंत्री डा. आजरा पेचुहो ने कहा कि फिलहाल पर मौजूदा हालात पर कुछ भी बयान नहीं दे सकती। पाकिस्तान के नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ हेल्थ

**हर दिन मिल रहे करीब 8-10 पॉजिटिव केस, भारत में अब तक कोरोना के 312 नए मामले**

(एनआईएच) के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया: हमें बहुत कम सैंपल मिल रहे हैं, लेकिन उनमें से 10 से 20 प्रतिशत सैंपल कोविड पॉजिटिव हैं। समस्या की गंभीरता समझने के लिए हमें और डेटा चाहिए। इस बार कोरोना के नए वैरिएंट का सबसे ज्यादा असर बुजुर्ग और कम इम्यूनिटी वाले लोगों पर हो रहा है। बीते कुछ वक्त से एशिया भर में कोरोना के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिली है। सिंगापुर में 13 मई तक कोरोना के 14200 और थाईलैंड में 17 मई तक 33030 नए मरीज मिले। हान्गकान्ग में 10 मई तक 1042 नए केस दर्ज किए गए। भारत में भी 12 मई के बाद से केस बढ़े हैं। 11 राज्यों में नए केस सामने आए हैं। ज्यादातर मामले केरल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु से हैं।

## इजरायल, यूरोपीय संघ के संबंधों में कूटनीतिक क्षरण: रेगेव

**तेल अवीव।** यूरोपीय संघ में इजरायल के राजदूत हैम रेगेव ने समूचे महाद्वीप में इजरायल के प्रति बढ़ते असंतोष के बीच यूरोपीय संघ के साथ इजरायली संबंधों के कूटनीतिक तौर पर नाजुक होने की चेतावनी दी है। रेगेव ने कल ब्रसेल्स में पत्रकारों के साथ बातचीत में यह चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि गाजा में हमास आतंकवादियों के साथ देश का युद्ध लंबा खिच रहा है और यूरोपीय जनता की इजरायल के प्रति सहानुभूति कम हो रही है, इसके कारण इजरायल और यूरोपीय संघ के संबधों में कूटनीतिक क्षरण देखा जा सकता है। उन्होंने कथित तौर पर कहा कि यह कोई कूटनीतिक सुनामी नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से एक कूटनीतिक क्षरण है, जिसका निंदान किया जाना चाहिए।

इस बीच द टाइम्स ऑफ इजरायल के अनुसार रेगेव का यह बयान गाजा में इजरायली कार्रवाइयों की बढ़ती जांच और यूरोपीय सरकारों की बदलती भावनाओं के बीच आया है। रेगेव ने हालांकि यह स्वीकार किया कि इजरायली विदेश मंत्रालय यूरोप में समर्थन में कमी के जवाब में काम कर रहा है और एक अत्यधिक गहन कूटनीतिक अभियान चला रहा है। गौरतलब है कि यूरोप में गाजा से आ रही 'ग्राफिक' छवियों ने इजरायल के प्रति सार्वजनिक आक्रोश और राजनीतिक दबाव को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि यूरोप भयावह तस्वीरें देख रहा है और उनसे निपटने के जतन कर रहा है। युद्ध की शुरुआत में हमें जो समर्थन मिला था, वह अब नहीं रहा।

## संयुक्त राष्ट्र ने सूडान में स्थिति बिगड़ने की दी चेतावनी

**जुबा/संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने युद्धग्रस्त सूडान में मानवीय स्थिति बिगड़ने की चेतावनी दी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कल यहां कहा कि सूडान के विभिन्न क्षेत्रों में संघर्ष बढ़ने से नागरिक घरों से निकलकर आश्रयस्थलों में जा रहे हैं।

प्रवक्ता ने अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी संगठन के हवाले से कहा कि पश्चिमी कोर्डोफन राज्य में बढ़ती असुरक्षा ने इस महीने खिवाई और नुहुद शहरों से लगभग 47000 लोगों को वहां से बाहर निकलने पर मजबूर किया। इनमें से कई लोग पहले से ही आंतरिक रूप से विस्थापित थे और अब दूसरी बार पलायन करने को मजबूर हैं।उत्तरी दारफुर में पिछले सप्ताह ही अबू शौक शिविर और अल फशर शहर से लगभग 1000 लोग विस्थापित हुए हैं जिससे इस महीने इन दो स्थानों से विस्थापित होने वाले लोगों की कुल संख्या 6,000 हो गई है। प्रवक्ता ने कहा कि कुल मिलाकर उत्तरी दारफुर में 17 लाख से अधिक लोगों के विस्थापित होने का अनुमान है।

## आईसीसी से जारी वॉरंट को रूस ने बताया बेहुदा

**मॉस्को।** रूस ने अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) द्वारा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने को राजनीतिक पूर्वाग्रह एवं कानूनी रूप से अनुचित करार दिया है। रूसी सुरक्षा परिषद के उप सचिव अलेक्जेंडर वेनेडिक्टोव ने न्यायालय पश्चिम देशों की कठपुतली बन गया है।

द रूसी समाचार एजेंसी स्पुतनिक से बात करते हुए वेनेडिक्टोव ने कहा कि हाल के वर्षों में, आईसीसी पूरी तरह से विकृत हो गया है और वह पश्चिमी देशों के हाथों की कठपुतली बन गया है। अपने नियंत्रकों के दबाव में आकार न्यायालय ने हमारे राष्ट्राध्यक्ष और कई अधिकारियों के

**पुतिन सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को राजनीतिक पूर्वाग्रह करार दिया**

खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का गैरकानूनी निर्णय लिया है। उन्होंने दावा किया कि अंतर्राष्ट्रीय कानून विशेषज्ञों द्वारा की गई कानूनी समीक्षा में आरोपों का समर्थन करने के लिए कोई विश्वसनीय साक्ष्य नहीं मिला है। स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय कानून विशेषज्ञों द्वारा आईसीसी के फैसले की कानूनी समीक्षा में साक्ष्य का पूर्ण अभाव और प्रस्तुत आरोपों में विरोधाभास पाया है। ये वारंट अंतर्राष्ट्रीय कानून के सार्वभौमिक स्वीकृत मानदंडों का गंभीर उल्लंघन हैं।

# पाकिस्तानी सेना के अधिकारी ने भारत के खिलाफ उगला जहर

### आतंकी हाफिज की भाषा में दी धमकी 'तुम्हारी सांसें रोक देंगे'

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना पर आतंकी संगठनों को पालने-पोसने के आरोप लगते रहते हैं। अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें पाकिस्तानी सेना के अधिकारी भारत के खिलाफ जहर उगलते और आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद की भाषा बोलते नजर आ रहे हैं।

वीडियो पाकिस्तानी सेना के एक शीर्ष अधिकारी का है, जो एक इवेंट के दौरान वही भाषा और शब्द इस्तेमाल कर रहे हैं, जो पूर्व में आतंकी हाफिज सईद कर चुका है। ऐसा लगता है कि स्क्रिप्ट एक ही है, बस बोलने वाले अलग हैं।



वीडियो पाकिस्तानी सेना के लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी का है, जो पाकिस्तान की यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भारत के खिलाफ जहर उगलते हुए कहा कि अगर आप हमारा पानी रोकेंगे तो हम आपकी सांसें रोक देंगे। इस बयान को भारत के सिंधु जल समझौते को स्थगित करने से जोड़कर देखा जा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने यह सख्त कदम उठाया था। पाकिस्तानी सेना के अधिकारी का यह बयान बिल्कुल आतंकी हाफिज सईद के पुराने बयान जैसा है, जिसने कहा था कि अगर तुम पानी रोकेंगे तो इंशाअल्लाह, हम आपकी सांसें रोक देंगे और फिर इन नदियों में खून बहेगा। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने सेना के अधिकारी और आतंकी की भाषा में इतनी समानता पर सवाल उठाए हैं।

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D BHMS, BAMS BDS, BUMS
Since 2010
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor